सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-181 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 10 दिसम्बर 2023
24 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# बसपा से निलंबित हुए दानिश

**भाजपा लूट के खिलाफ उठाई आवाज; ये जुर्म है तो मैं सजा को तैयारः दानिश**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी से निलंबन पर अमरोहा सांसद दानिश अली ने कहा कि यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। वह कभी भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नहीं रहे। इसकी गवाह अमरोहा की जनता है। उन्होंने लगातार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया है। अगर ऐसा करना अपराध है तो यह उन्होंने किया है। वह इसकी सजा भुगतने को तैयार हैं। सांसद दानिश ने एक्स पर लिखा कि वह बसपा प्रमुख मायावती का हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। पार्टी प्रमुख ने ही उन्हें टिकट देकर लोकसभा का सदस्य बनने में मदद की। इसके अलावा बसपा संसदीय दल का नेता भी बनाया। मुझे सदैव असीम स्नेह और समर्थन मिलता रहा। शनिवार को पार्टी की तरफ से लिया गया फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने अपनी पूरी मेहनत और लगन से बसपा को मजबूत करने का प्रयास किया है। कभी भी किसी प्रकार का पार्टी विरोधी काम नहीं किया है। आगे लिखा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध लगातार किया और करते रहेंगे। चंद पूंजीपतियों द्वारा जनता कि संपत्तियों की लूट के खिलाफ आवाज उठाई है। यही सच्ची जनसेवा है। यदि ऐसा करना जुर्म है तो मैंने यह किया है, मैं इसकी सजा भुगतने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि अमरोहा की जनता को वह आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनकी सेवा में हमेशा हाजिर हैं।

## मुख्यमंत्री ने 1,500 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम को किया सम्बोधित

# 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' एक अभिनव प्रयास

**प्रत्येक गरीब को मकान, शौचालय, 05 लाख रु0 का स्वास्थ्य बीमा कवर आदि प्राप्त होना गरीबी दूर करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में किया गया प्रयासः मुख्यमंत्री**

- **03 लाख से अधिक परिवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से जुड़े**
- **17 लाख बेटियां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित हो रहीं**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब बिना भेदभाव लाभ देने वाली सरकार आती है, तो सरकारी योजनाओं में एक गरीब की सुनवाई होती है। सरकार कमजोरों के साथ खड़ी होती दिखाई देती है। जिस विवाह में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण तथा शासन-प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी खड़े हों, तो इससे बड़ा कोई कार्यक्रम नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1,500 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दहेजमुक्ति तथा बाल विवाह रोकने तथा इस बात का एहसास कराने का भी अभियान है कि हम लोग समाज में कुरीतियों को नहीं पनपने देंगे, जो समाज के विकास में बाधक हों। प्रदेश सरकार समाज को जोड़कर इस दिशा में अनेक कार्यक्रम चला रही है। सामूहिक विवाह योजना इसी श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दहेजमुक्त विवाह को प्रेरित करने के लिए डबल इंजन सरकार द्वारा किए गये प्रयासों का परिणाम है। यह उस सामाजिक कुरीति पर एक प्रहार भी है, जो समाज में गरीबों तथा वंचितों को बेटी के विवाह जैसे पवित्र यज्ञ से वंचित कर देती थी। हम सभी को बाल विवाह से पूरी तरह समाज को छुटकारा प्रदान करने की दिशा में कार्य करना होगा। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को पूर्ण रूप से समाप्त करने की दिशा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक अभिनव प्रयास है। इस अभिनव प्रयास का परिणाम है कि आज यहां पर 1,500 जोड़े विवाह बंधन में बंध रहे हैं। प्रदेश में 03 लाख से अधिक परिवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से जुड़ चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 में सामूहिक विवाह योजना प्रारम्भ की गयी। प्रारम्भ में इस योजना के अन्तर्गत अनुदान स्वरूप 35 हजार रुपये की धनराशि निर्धारित की गयी थी। बाद में इस धनराशि को बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया। 51 हजार रुपये की धनराशि से वर-वधू को आवश्यक सामग्री देने के पश्चात, उनकी आवश्यकताओं के लिए एक निश्चित धनराशि उनके बैंक खाते में जमा करा दी जाती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक जनपद गोरखपुर में 4,531 जोड़ों का विवाह सम्पन्न किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार बेटी व महिला सुरक्षा के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम व मातृत्व वंदना योजना चलायी है।

# लालफीताशाही हुई कमः पीएम

**प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की टिप्पणी दोहराई, आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकीः मोदी**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से फिनटेक से जुड़े हुए ग्लोबल थॉट लीडरशिप प्लेटफॉर्म-इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की 7.7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब है।

पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के एक बयान को दोहराया। उन्होंने कहा कि अल्बनीज ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि भारत ग्लोबल साउथ को नेतृत्व देने के लिए मजबूत स्थिति में है। वहीं, कुछ हफ्ते पहले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का कहना था कि भारत में लालफीताशाही कम हुई है और निवेश के लिए बेहतर माहौल है। बता दें, इन्फिनिटी फोरम का दूसरा संस्करण वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के पूर्ववर्ती कार्यक्रम के रूप में भारत सरकार के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण और गिफ्ट सिटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यह फोरम ऐसा मंच है कि जहां दुनिया भर से प्रगतिशील विचार, गंभीर समस्याएं, नई टेक्नोलॉजी की तलाश की जाती हैं, उनपर चर्चा की जाती है और समाधानों व अवसरों में विकसित की जाती है। मोदी ने यहां आयोजित 'इनफिनिटी फोरम 2.0' सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार 'गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- सिटी' (गिफ्ट सिटी) को नए युग की वैश्विक वित्तीय और प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत ने 7.7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि हासिल की है। आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं और यह सिर्फ अपने आप नहीं हुआ। यह भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का भी प्रतिबिंब है।

### बाजार तंत्र विकसित करने पर अपने विचार साझा करने का आग्रह

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) बाजारों में से एक है और 'गिफ्ट' अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) इसके केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने विशेषज्ञों से हरित ऋण के लिए एक बाजार तंत्र विकसित करने पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य को यूनेस्को की 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची' में शामिल करने पर प्रदेश की जनता को बधाई दी।

### 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्यः गोयल

गुजरात के गिफ्ट सिटी में गोयल ने एक वर्चुअल संबोधन में कहा कि भारत 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। इसमें गिफ्ट सिटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उसके बाद 2047 तक 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने में गिफ्ट सिटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस निर्यात आधारित वृद्धि से युवाओं के लिए नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। स्टार्ट अप इंडिया विजन को और अवसर मिलेंगे।

# परमार्थ निकेतन पहुंचे गृहमंत्री शाह

- **आरती कर लिया मां गंगा का आशीर्वाद**
- **नए उत्तराखंड की अनंत संभावनाओं को तराशने की शुरुआतः अमित शाह**



**देहरादून।** उत्तराखंड में वैश्विक निवेशक सम्मेलन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया तो वहीं आज समापन अमित शाह पहुंच गए हैं। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के पहले दिन 44 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर सरकार ने निवेशकों के साथ करार किया है। गृहमंत्री अमित शाह निवेशक सम्मेलन के समापन के बाद शाम को ऋषिकेश पहुंचे। यहां उन्होंने परमार्थ निकेतन में गंगा आरती की और आशीर्वाद लिया। साथ ही संतों से भी मुलाकात की। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड की परिकल्पना की बात हो रही थी। मैं पहले उत्तराखंड आया था तब मैंने सीएम धामी से पूछा था कि आपने क्या लक्ष्य रखा है, तो उन्होंने मुझे बताया कि दो लाख करोड़ का। लेकिन आज साढ़े तीन लाख के एमओयू हो गए है। इसके लिए मैं पूरे उत्तराखंड प्रशासन को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहते हूं। कहा कि आज का यह समारोह साढ़े तीन लाख के एमओयू के साथ नए उत्तराखंड की अनंत संभावनाओं को तराशने की शुरुआत की है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने छोटे राज्यों की समृद्धि के लिए प्रयास किए और अब हम सबको मिलकर उन्हें आगे बढ़ाना है। कहा कि उत्तराखंड अब आगे बढ़ रहा है। जो तस्वीर हमारे सामने इस वक्त के उत्तराखंड की है वह यही बता रही है।

### पारदर्शिता उत्तराखंड का स्वभाव

बतौर गृह मंत्री अमित शाह, सीएम धामी कहते हैं कि यहां कुदरत है...देव हैं...लेकिन मैं इसके साथ ये भी कहूंगा कि यहां भ्रष्टाचार मुक्त शासन भी है। जोकि इनवेस्टमेंट मुक्त निवेश के लिए भी जरूरी है। कहा कि पारदर्शिता उत्तराखंड का स्वभाव है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि वह निश्चिंत होकर राज्य में निवेश करें, उन्हें भ्रष्टाचार नहीं

# एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचीं स्मृति ईरानी

**छात्राओं को वितरित किए स्मार्ट फोन**



**अमेठी।** तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद शनिवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी पहुंची। इस दौरे पर वह विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेने के साथ ही वह कई अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगी।


अमेठी पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले गौरीगंज में जामो रोड पर रामशंकर शुक्ल के आवास पर शोक संवेदना जताने के साथ ही परिजनों से बात की। केंद्रीय मंत्री के साथ जिला प्रभारी शंकर गिरी, जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र आदि भाजपा नेता मौजूद रहे। इसके बाद वह सरकारी गर्ल्स इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) पहुंचीं और छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। इसके बाद वह जीजीआइसी मैदान, सराय बरबंड सिंह, नरसिंह भानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके बाद पार्टी नेताओं के यहां पर आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद हिस्सा लेंगी। डीपीआरओ श्रीकांत यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री कुछ लाभार्थियों से संकल्प यात्रा के दौरान संवाद भी करेंगे। इसको लेकर तैयारी की गई है। धन्नी जलालपुर में इसके लिए अधिकारियों को लगाया गया है।

### हम गठबंधन में हैं, अखिलेश के साथ हैंः जयंत

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन इंडिया के भविष्य को लेकर उठाए जा रहे सवालों के बीच राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा है कि वह इंडिया गठबंधन के साथ हैं और अखिलेश यादव के साथ हैं। कहा कि हम विपक्षी दलों को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों पर दर्ज किए गए मामले अभी वापस नहीं लिए गए हैं। वहीं, तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द किए जाने पर उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र में पहली बार हो रहा है। ये सरकार विरोध करने वालों को जेल में बंद कर देती है और संसद में बोलने वालों की सदस्यता रद्द कर देती है। राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद सभी पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जोर-शोर से जुट गई हैं।

# यूपी के बिजली ग्राहकों को बड़ा झटका, नहीं मिलेगी राहत

**उपभोक्ता परिषद ने लगाया नियमों की अनदेखी का आरोप**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। क्योंकि ईंधन अधिभार चार्ज के रूप में 18 से 69 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी के मामले को टाल दिया गया है। प्रदेश की बिजली वितरण निगमों की ओर से 20 अक्तूबर को विद्युत नियामक आयोग में वर्ष 2023-24 के अप्रैल, मई, जून यानी पहली तिमाही के लिए ईंधन अधिभार में 35 पैसा प्रति यूनिट के आधार पर श्रेणी वार दरें कम की जाती हैं। पहली तिमाही में दाखिल प्रस्ताव के तहत अलग-अलग श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को 18 से लेकर 69 पैसे प्रति यूनिट तक अगले तीन महीना तक बिजली दरों में कमी होनी थी। लेकिन विद्युत नियामक आयोग ने इसे तिमाही के तौर पर कम नहीं किया है। आयोग ने तर्क दिया है कि केंद्र सरकार की ओर से माहवार ईंधन अधिभार शुल्क के संबंध में नियम बनाया गया है। इसलिए अब ईंधन अधिभार का मामला उसी नियमावली के तहत थ्रू अप के समय देखा जाएगा। अभी इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत विद्युत नियामक आयोग बिजली दरों में कमी न करने के पीछे जो तर्क दे रहा है, वह पूरी तरह गलत है। यह उपभोक्ता के साथ धोखा है। इसके विरोध में उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग के सदस्य तकनीकी से अपना विरोध दर्ज कराया है।

वर्मा ने कहा कि जब प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के ऊपर फ्यूल सरचार्ज में वृद्धि करना था तो नियामक आयोग ने इसकी कार्यवाही शुरू कर दी थी। अब जब उपभोक्ताओं की दरों में तीन महीने तक कमी होनी थी तो नियम विरुद्ध तर्क दिया जा रहा है।

# बेमिना इलाके में पुलिसकर्मी को आतंकियों ने मारी गोली

- **सुरक्षाबलों ने घेरा इलाका**
- **हाफिज को लगी दो गोली**
- **इंस्पेक्टर को दागी गई थीं तीन गोलियां**
- **दहशत में दिखे लोग**



**जम्मू।** श्रीनगर में शनिवार को आतंकियों ने कायराना हरकत को अंजाम दिया है। दहशतगर्दों ने बेमिना के हमदानिया कॉलोनी में पुलिसकर्मी पर गोलीबारी की। घायल जवान की पहचान मोहम्मद हाफिज के तौर पर हुई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती गया है। हमले के बाद से सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया है। वहीं पुलिस ने जानकारी दी है कि मुहम्मद हाफिज को एक पेट और एक बाजू में गोली लगी है। फिलहाल डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। गोली की आवाज सुन इलाके में दहशत फैल गई। घबराए लोगों में भगदड़ बच गई। सभी खुद को सुरक्षित करने के लिए छिपते दिखाई दिए। वहीं वारदात को अंजाम देकर आतंकी मौके से भागने में कामयाब रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसके बारे में सूचना दी।

श्रीनगर में क्रिकेट खेल रहे पुलिस इंस्पेक्टर पर आतंकी ने बरसाई थी गोलियां बता दें कि इससे पहले श्रीनगर के ईदगाह इलाके में क्रिकेट खेल रहे इंस्पेक्टर पर भी आतंकियों ने गोलियां बरसाई थीं। जिसमें घायल इंस्पेक्टर मसरूर अहमद वानी की 39 दिन चले उपचार के बाद सात दिसंबर को दिल्ली के एम्स में मौत हो गई। 29 अक्तूबर, रविवार के दिन पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर अहमद श्रीनगर शहर के ईदगाह के खेल मैदान में क्रिकेट खेलने के लिए पहुंचे थे। खेल के बीच आतंकियों ने उन्हें करीब से निशाना बनाते हुए एक के बाद एक तीन गोलियां दागीं। हमले को अंजाम देकर आतंकी मौके से भाग निकले।

### खिलौने की दुकान में आग लगने से मचा हड़कंप

**लखनऊ।** अमीनाबाद थाने के सामने शनिवार को एक तीन मंजिला कांप्लेक्स की छत में बने स्टोर रूम में अचानक आग लग गई। आग के कारण वहां अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसी दुकानदारों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पांच गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद ढाई घंटे में आग पर काबू पा लिया। नाका के हाथीखाना निवासी वेद प्रकाश अग्रवाल का अमीनाबाद में तीन मंजिला मारवाड़ी कांप्लेक्स है। वेद के मुताबिक कांप्लेक्स में उनकी साज सज्जा की दुकान है, जबकि तीसरे मंजिल की छत पर स्टोर रूम बना हुआ है, जिसमें सामान रखा हुआ था। शनिवार को दुकान पर वह, उनके परिजन, कर्मचारी व ग्राहक मौजूद थे। तभी अचानक स्टोर रूम से निकलती आग की लपटें और धुंए के गुब्बार को देख पड़ोसी दुकानदार शोर मचाने लगे। हादसे से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने वेद को घटना की जानकारी दी।

# कर्ज तले भाजपा की नई सरकार

**तोहफे में मिलेंगे 30000 करोड़ के पेंडिंग बिल**



**जयपुर।** राजस्थान को इस वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक के लिए जो 45 हजार करोड़ रुपए की बोरोइंग लिमिट मिली थी। वह लिमिट लगभग पूरी हो चुकी है। अब एक जनवरी के पेंडिंग भुगतान के रूप में 30 हजार करोड़ के पेडिंग बिल ट्रेजरीज में पड़े हुए हैं। इसके अलावा गहलोत सरकार चुनावी वक्त में जिन बड़ी घोषणाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर गई उनके बिल अभी ट्रेजरी में पहुंचने बाकी हैं। यह राशि करीब 10 हजार करोड़ बताई जा रही है।

इन बकाया बिलों को चुकाने के लिए फिलहाल सरकार के पास न कर्ज लेने की लिमिट बाकी रही और न ही राज्य में राजस्व के स्रोत हैं। ऐसे में नई सरकार के लिए यह चुनौती सबसे बड़ी है कि सत्ता संभालने के बाद इन बकाया बिलों का बंदोबस्त कहां से और कैसे करेगी। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि गत सरकार के अंतिम महीनों में वित्त विभाग के अफसरों ने जमकर ऑफ बजट बोरोइंग भी कर डाली जिसका फिलहाल बजट में हिसाब नहीं जुड़ा है। यह राशि जुड़ जाए तो राजस्थान आर्थिक आपातकाल में निश्चित रूप से प्रवेश कर जाएगा।

राजस्थान सरकार ने 45 हजार करोड़ का जो कर्ज लिया था, उसमें 3500 करोड़ के फ्री मोबाइल बांट दिए। 500 करोड़ महंगाई राहत कैंपों की व्यवस्थाओं पर खर्च कर दिए गए। इसमें वित्त विभाग के शीर्ष अफसरों ने जमकर चांदी काटी।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए आरजीएचएस बंद

पिछली गहलोत सरकार की हेल्थ स्कीम आरजीएचएस और चिरंजीवी लगभग बंद हो गई है। इसकी वजह आने वाली सरकार नहीं, बल्कि वित्त विभाग के अफसर हैं जिन्होंने दोनों बड़ी योजनाओं का पैसा ही नहीं चुकाया। आरजीएचएस के 300 करोड़ और चिरंजीवी योजना के 150 करोड़ से ज्यादा के बिल ट्रेजरी में पेंडिंग पड़े हैं। वहीं, निशुल्क दवा योजना का 300 करोड़ का बिल बकाया है, जिसके चलते अस्पतालों में फ्री दवाएं भी नहीं मिल रही।

### जबाव देने से बचते रहे जिम्मेदार

भुगतान से जुड़े मामलों में वित्त बजट और कोष निदेशालय की सीधी भूमिका होती है। अमर उजाला ने बजट निदेशालय के निदेशक बृजेश किशोर शर्मा, संयुक्त सचिव पवन जैमन और निदेशक कोष भूपेश माथुर से संपर्क किया। इनमें बृजेश शर्मा के अलावा किसी ने भी सवालों का जवाब नहीं दिया। डायरेक्टर बजट, बृजेश किशोर शर्मा ने कहा- जिनका भी पेंडिंग है उन्हें क्यू में लगा रखा है। कुछ हजार करोड़ की पेंडेंसी तो चलती है। 30 से 35 दिन में भुगतान का नंबर आ रहा है। आप जैसा कह रहे हैं वैसा कुछ नहीं है। मामले को लेकर निदेशक कोष लेखा एवं पदेन संयुक्त सचिव भूपेश माथुर से संपर्क कर जब सरकार में पेंडिंग बिलों के संबंध में जानकारी चाही गई तो वे कोई जवाब नहीं दे पाए और बात करने से ही मना कर दिया।




# जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का फूंका पुतला

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष



सुनील सिंह की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक कर कांग्रेस के भ्रष्टाचार का विरोध किया आज नगर के हीरालाल धर्मशाला चौराहे पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में इकट्ठे भाजपाइयों ने पहले धरना देकर प्रदर्शन किया इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जनक रही है आजादी के बाद सबसे पहले नेहरू की सरकार में नेहरू की सरकार में जीपघोटाला हुआ उसके बाद तो घोटाले की जैसी बाढ़ आ गई और अब कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर से 300 करोड़ से ऊपर की नगदी बरामद हुई है जिससे सिद्ध होता है कि कांग्रेस सदैव से भ्रष्टाचार मिले और भाजपा इसी का विरोध प्रदर्शन कर रही है और राहुल गांधी का पुतला फूंक रही है अवध छेत्र के मंत्री राज किशोर मौर्य ने कहा की भाजपा सदैव भ्रष्टाचार का विरोध करती रही है जबकि कांग्रेस ने सदैव भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया तमाम घपले घोटाले के बाद अभी-अभी सांसदधीरज साहू के घर से 300 करोड़ से ऊपर नगदी की बरामद की भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है इसीलिए आज पार्टी को मजबूर होकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार का जनता के बीच विरोध करने के लिए सड़क पर आना पड़ा जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार को सदैव से बढ़ावा दिया है तथा चाहे वह कोयला घोटाला हो या अन्य घोटाले आज कांग्रेस सांसद के घर नोटो का अंबार मिल रहा है आज नोट गिनते गिनते मशीन तक फेल हो रही है या है कांग्रेस के भ्रष्टाचार का असली स्वरूप और भाजपा इसी का विरोध कर रही है प्रधानमंत्री ने कहा है मैं जनता की एक-एक पैसे का हिसाब लूंगा जिला महामंत्री आशू मिश्रा ने भी कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी इसीलिए पार्टी ने आज प्रदर्शन कर जनता के बीच अपनी बात रखने का मंसूबाबनाया है तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो हर बात में भाजपा प्रधानमंत्री के विरोध की बात करते हैं जबकि आज उनके साथी धीरज साहू के नेतृत्व में भ्रष्टाचार की काली कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा बरामद हुआ है जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा की नीति एकदम साफ है और वह इसे कभी भी कोई समझौता नहीं करेगी जिला महामंत्री राम जी मौर्य ने संचालन करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार अप दीमक जिसके चलते भारत का विकास वर्षों से अवरुद्ध था प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार बनते ही भ्रष्टाचार के ऊपर सबसे पहले उतरा घाट कर काली कमाई का हिस्सा बरामदगी का जो प्रयास शुरू किया उससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सका है बाद में हीरालाल धर्मशाला से पैदल मार्च कर नगर के बड़े चौराहे पर कांग्रेस नेता का भाजपायों ने पुतला था तथा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को सौपा इस अवसर पर शामिल प्रमुख भाजपा नेताओं में गंगाराम, संतोष कुमारी संतोष कुमारी बृजेश सिंह अखिलेश वर्मा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम पांडे युवा मोर्चा नेता अमिय त्रिपाठी कुमार राज नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहनी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित अवस्थी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी गढ़वाल कार्यकर्ता मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार, यही सबसे बड़ी जाति : अजय मिश्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को नोडल अफसर बीडीओ आलोक वर्मा की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम अंबूपुर बेरहवा पहुंची, जहा भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से पीएम नरेंद्र मोदी से वर्चुअली बातचीत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीआईबी निदेशक मनोज वर्मा,डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों संग देखा, सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि पीएम के लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। जब मैं इन चार जातियों की बात करता हूं, तब हमारी नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। %विकसित भारत% का संकल्प नारी, युवा, किसान और गरीब के चार %अमृत स्तंभों पर टिका है और यही चार उनके लिए सबसे बड़ी जातियां हैं, जिनका उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये चारों जातियां जब सारी समस्याओं से मुक्त होंगी और सशक्त होंगी तो स्वाभाविक रूप से देश की हर जाति सशक्त होगी, पूरा देश सशक्त होगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि 10 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के काम को देखने के बाद लोगों को उनकी सरकार पर अपार विश्वास है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 80 फ़ीसदी महिलाओं ने बैंक का मुख तक न देखा था। आज न केवल वह जनधन खातों से जुड़ी बल्कि हर योजना में प्रमुखता से लाभान्वित किया जा रहा। आपके सहयोग से ही



देश विकसित और सम्मानित राष्ट्र बनेगा। केंद्र व प्रदेश सरकार कमजोर वर्ग को ताकतवर बनाने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। हर गांव तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही। जो योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभार्थी के अनुभवों को भी ग्रामीणों के साथ साझा कर रही। सरकार आपके लिए काम ही नहीं कर रही बल्कि देश और देश के लोग कैसे आगे बढ़े, उनके जीवन में बदलाव आए और उनके सम्मान में वृद्धि हो इसको लेकर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही।कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री समेत ग्रामीणों का आभार ज्ञापित किया।

## केंद्रीय मंत्री ने दी लाभार्थियों को योजना की सौगातें, खिले चेहरे

केंद्रीय मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों और अफसर के साथ पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी सुधा देवी, मुन्ना गिरी, राकेश गुप्ता, हरिश्चंद्र गिरी, राम सहाय, पीएम आवास योजना के लाभार्थी किरण देवी, पूनम,पूजा, दीपू, सुमन, शौचालय के लाभार्थी कुन्ना, आलोक, सरिता, रामू, अरविंद और मनरेगा योजना के तहत 100 दिन का रोजगार पाने वाले रंजीत, रामप्रवेश, हरदीप सिंह, किरण देवी को हितपत्र प्रदान किए। तीन टीवी रोगियों को पोषण पोटली, चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, सैम श्रेणी के दो बच्चों को सुपोषण किट, दो छह माह के शिशुओं का अन्नप्राशन एवं दो गर्भवती धात्री महिलाओं की गोद भराई की।

## इन लाभार्थियों ने सुनाई मेरी कहानी मेरी जुबानी

कार्यक्रम के दौरान वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी शिवकुमार गिरी, हसीना बेगम, दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी राजकुमार गिरी, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी नितिन और रामकिशोर सहित सीता प्रेरणा स्वयं सहायता समूह एवं रूबी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की बहनों ने किस प्रकार से योजनाओं से जुड़कर उनके जीवन में खुशहाली आई इस बयां किया।

## केंद्रीय मंत्री ने किया स्टालों का अवलोकन

ग्राम अंबूपुर बेहरवा के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अफसरो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साह, मनोबल बढ़ाया। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटआउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही।

## इनकी रही मौजूदगी

पीआईबी निदेशक मनोज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख सदर दिव्या सिंह, प्रमुख फूलबेहड़ प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, डीसीबी चेयरमैन, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, बीडीओ आलोक कुमार वर्मा, तहसीलदार सदर सुशील सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी।

# मॉडर्न पैथोलॉजी में दांतों की समस्या का होगा गारंटी से समाधान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मॉडर्न पैथोलॉजी ही एक ऐसी पैथोलॉजी है, जिसमें दलाल एवं एजेन्ट्स का प्रवेश निषेध है। मॉडर्न पैथोलॉजी पर सभी प्रकार के खून, पेशाब, मल मूत्र, एवं वीर्य की संतुष्टि पूर्ण जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा प्रदत्त की जाती है। साथ दांतों की समस्या का समाधान भी गारंटी के साथ किया जाता है। अत्यधिक इंपॉर्टेंट दूरबीन द्वारा दांतों की के छोर तक देखने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे कि एक्सरे लेने या ट्रीटमेंट के बाद दर्द इत्यादि होने की समस्या नहीं आती। यह सुविधा सहारनपुर जिले में केवल मॉडर्न डेंटल केयर बाजोरिया रोड पेट्रोल पंप के सामने ही उपलब्ध है। इप्लांट द्वारा फिक्स दांतों को लगाने की सुविधा भी उपलब्ध है जो कि पूरे जिले में सबसे कम शुल्क में की जाती है। जिले के आला अधिकारी, डीआईजी, पूर्व कप्तान एवं पूर्व कमिश्नर भी मॉडर्न डेंटल केयर की सुविधाओं का लाभ ले चुके हैं। मॉडर्न पैथोलॉजी पर सभी प्रकार की खून पेशाब मल मूत्र वीर्य इत्यादि की जांच विशेषज्ञों दवारा स्वयं की जाती है। सहारनपुर जिले में अधिकतर लैब व्यवस्था में यह देखा गया है कि स्टाफ एवं अनक्वालिफाइड लोगों द्वारा ही जांच करके केवल साइन करने के लिए एमडी डॉक्टर के पास रिपोर्ट भेज दी जाती है जिस की जांच में आई हुई तथ्यों की पुष्टि नहीं हो पाती किंतु मॉडर्न पैथोलॉजी में एमडी श्रीमती डॉक्टर अचला गुप्ता द्वारा प्रत्येक जांच स्वयं अपने हाथ से की जाती है एवं वेरीफाई करने के बाद ही रिपोर्ट बनाकर मरीज को दी जाती है।

# अनियंत्रित डम्पर ने स्कूली बच्चों समेत कई लोगों को कुचला

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत खनन से भरे एक अनियंत्रित डम्पर ने बस स्टैण्ड पर खडे स्कूली बच्चों समेत कई लोगों को कुचल दिया, जिसमें दो छात्रों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसा होते ही पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और भारी संख्या में ग्रामीण सड़कों पर आ गये। उधर, हादसे की सूचना मिलते ही कस्बे के बाजार बंद कर दिये गये। हादसे से गुस्साएं लोगों ने हाइवे पर ओवर ब्रिज बनाये जाने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल ही इस दिशा में कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया, जिस पर गुस्साएं लोग शांत हुए। शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया।

शनिवार की सुबह करीब 9 बजे मुजफ्फरनगर-सहारनपुर स्टेट हाईवे स्थित नागल बस स्टैंड पर लोग खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान सहारनपुर की ओर से मुजफ्फरनगर की तरफ जा रहे हैं खनन सामग्री से भरे अनियंत्रित ट्रक ने बस स्टैंड पर खड़े लोगों को कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर चीत्कार मच गया। मौके पर



मौजूद लोगों ने बताया कि उस समय बस की इंतजार में स्टैंड पर स्कूली बच्चे भी खड़े थे वे भी अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए। दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस जानकारी जुटा रही है। मृतकों की पहचान 18 वर्षीय नोमान पुत्र नौशाद निवासी पांडोली रोड नागल, 18 वर्षीय लक्की पुत्र जितेंद्र निवासी जैनपुर के रूप हुई है। दोनों 12वीं के छात्र थे। एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। घायलों में 19 वर्षीय मोंटी पुत्र विनोद निवासी जैनपुर, 22 वर्षीय गुलबहार पुत्र गय्युर निवासी सलेमपुर, 18 वर्षीय सुमित पुत्र ऋषिपाल निवासी मनोहरपुर शामिल हैं।

घटना से नाराज लोग हाईवे पर जमा हो गए। लोगों का आरोप था कि इस स्थान पर आए दिन हादसे होते हैं और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। लोगों ने स्टेट हाईवे पर हंगामा भी किया। इसके चलते मुजफ्फरनगर-सहारनपुर स्टेट हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। सूचना पर नागल और देवबंद थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ और एसडीएम भी घटनास्थल पर पहुंच गए। क्षेत्र के व्यापारियों ने अधिकारियों को घेर कर नागल में ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग की। घटना के संबंध में एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि मुजफ्फरनगर-सहारनपुर स्टेट हाईवे स्थित नागल बस स्टैंड पर अनियंत्रित डंपर चालक ने कई लोगों को कुचल दिया है। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। घायलों का उपचार चल रहा है। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाए गए हैं। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। जबकि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# संकल्प यात्रा के साथ सरकार पहुंच रही आपके द्वारः गुंबर

## नुमाईश कैंप में महापौर ने दिलायी पंच प्रण की शपथ और शिशुओं को कराया अन्न प्राशन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण के दूसरे



दिन नगर निगम द्वारा आज नुमाईश कैंप में कार्यक्रम आयोजित कर वैन के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री का लाइव भाषण सुनवाया गया तथा उज्जवला योजना के लाभार्थियों पूजा पुंडीर, खामोश व शीतल को कनेक्शन के साथ चूल्हे भी दिए गए। जबकि हकीकत नगर में वैन के माध्यम से सरकार के योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया तथा पीएम आवास योजना के लाभार्थी आत्माराम व आनंद तथा पीएम स्वनिधि के लाभार्थी प्रवीण सैनी व केला को प्रमाणपत्र वितरित किये गए।

नुमाईश कैंप में निगम द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि हर घर शौचालय व हर घर को नल और नल से जल का सपना प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया है। मुद्रा लोन, पीएम स्वनिधि और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सरकार की 17 योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के लोगों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है। महापौर ने उपस्थित लोगों को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म तथा नन्हें शिशुओं को अन्न प्राशन कराते हुए उन्हें मंगल जीवन की शुभकामनाएं दी। पीएम स्वनिधि के लाभार्थी मोहर सिंह, विमल कुमार, अशोक वर्मा व उज्जवला की लाभार्थी शीतल ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि संकल्प यात्रा के साथ सरकार आपके द्वार पहुंच रही है। अब योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को दफ्तरों के धक्के नहीं खाने पड़ते। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाये जा रहे स्टॉलों पर पहुंच कर लोगों से योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने को कहा। नगर विधायक ने हकीकत नगर में उपस्थित लोगों को पंच प्राण की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि आज योजनाओं का पूरा लाभ लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।

पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की उड़ान भर रहा है। वर्ष 2047 में भारत अपनी आजादी के सौ वर्ष मना रहा होगा तब पूरी दुनिया भारत को विश्व की सबसे बड़ी शक्ति और विश्व गुरु के रुप में निहार रही होगी। महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी व महानगर महामंत्री शीतल विश्नाई ने कहा कि प्रधानमंत्री जो संकल्प लेते है उसे पूरा करके दिखाते हैं। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जो लोग पीएम स्वनिधि योजना में दस हजार का ऋण लेते है यदि वे समय से किश्त देते है तो उन्हें करीब नौ हजार रुपये ही लौटाना पड़ता है। इसके आलवा कृष्णलाल ठक्कर, मनीष सचदेवा ने भी संबोधित किया।

# युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कैम्प शुरूः शैला



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** युवतियों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में नव प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति एवं शैला कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में प्रशिक्षण देकर युवतियों को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में प्रयासरतरत है। इसी क्रम में ग्रीन सिटी कॉलोनी के सामने बेहट रोड में युवतियों को सौन्दर्य प्रसाधन एडवांस मेकअप एवं ब्राइडल मेकअप कराने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। नव प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति एवं शैला कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में 'आओ आत्मनिर्भर बने एवं मेकअप आर्टिस्ट बने' के अंतर्गत प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया, जो 40 तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान बालिकाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर समिति पदाधिकारियों को आवेदन फॉर्म जमा कराये। समिति की संरक्षक सुषमा बजाज एवं संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया कि समिति का लक्ष्य अधिक से अधिक बच्चों को स्वरोजगार का प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाना है, ताकि यह बच्चे अपने दम पर अपने रोजगार पर खड़े हो सकें और संकट के समय में अपने परिवार का भरण पोषण कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

## 1 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मझगई पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त हसनैन पुत्र सैदनूर खां नि0 ग्राम व थाना मझगई जनपद खीरी को एक अदद देशी तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मझगई पर मु0अ0सं0 141/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रात 2 बजे से सुबह 11 बजे तक बंद रहेगी देवकली रोड की रेलवे क्रासिंग

**लखीमपुर खीरी।** आज रात 2 बजे से सुबह 11 बजे तक बंद रहेगी देवकली रोड की रेलवे क्रासिंग ट्रैक के ओवर हालिंग और मरम्मत को लेकर बन्द रहेगी रेलवे क्रासिंग शहर में कल सुबह ट्रैफ़िल लोड बढ़ने के आसार।

## केन्द्रीय ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्र और सदर विधायक योगेश वर्मा से मिलकर सौपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी।** रेलवे विभाग द्वारा नाला को खत्म करके उसके स्थान पर बन्द सीमेंटेड पाइप डाल रहे हैं जिसके विरोध में संदीप वर्मा ने लगभग सौ मोहल्ले वाशियों के साथ केन्द्रीय ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्र और सदर विधायक योगेश वर्मा से मिलकर उनको ज्ञापन सौपा, यदि रेलवे द्वारा गोल बन्द पाइप डाली जाएगी तो पांच वार्डो ईदगाह, शिव कालोनी, कमलापुर गोटययाबाग, व राजगढ वार्ड के कुछ हिस्सा समेत की जलनिकासी इसी नाला से होती हैं यदि नाला न बना तो जलभराव की समस्या बढ़ जाएगी।

## घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 नफर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 नफर अभियुक्तगण को घोसियना रोड रपटा पुलिया से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को न्याया0 भेजा जा रहा है नागेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू पुत्र निर्मल सिंह निवासी ग्राम बढरिया थाना नीमगांव अतुल अवस्थी उर्फ छोटू पुत्र श्याम कुमार अवस्थी निवासी मेला मैदान (भुईफुरवानाथ मन्दिर के पीछे) थाना कोतवाली सदर सुमित सिंह पुत्र हरी सिंह निवास गढी रोड (रामनाथ चक्की के पास) थाना कोतवाली सदर अभियुक्तगण से कुल 180500 रूपये व एक पैन्ट रंग खाकी, एक जैकट खाकी, एक शर्ट पुलिस रंग खाकी, दो अदद PP पुलिस बैच बरामद हुये।

# सोनिया गाँधी के जन्मदिन पर अतुल सिंह ने मरीजों के लिए 2 व्हील चेयर भेंट की



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** लोकप्रिय सांसद सोनिया गाँधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल में कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने मरीजों के लिए 2 व्हील चेयर भेंट की एवं मिष्ठान वितरित किया गया एवं सांसद जी की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की।ज़िलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि हम सबका प्रयास रहता है,कि ज्यादा से ज्यादा गरीबों की सेवा की जाए,यह पुण्य का कार्य है।प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि सोनिया गाँधी जी ने रायबरेली का अभूतपूर्व विकास कराया है,आज रायबरेली में एम्स जैसा अस्पताल है,ये सोनिया की ही देन है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर,पूर्व ज़िलाध्यक्ष वी.के शुक्ला,नगर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव,जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास,डॉक्टर अल्ताफ हुसैन,डॉ. जे.के लाल,डॉ. संतोष सिंह,युवा नेता मोहित सिंह,हाफ़िज़ रियाज,वैभव चौरसिया, रवि सिंह,अनिकेश सिंह,अरशद खान, मनीष सोनकर,मोहम्मद रकीब,अतुल मिश्रा सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मचारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 426654 वादों का निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आज 4266176 तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 6,7 व 8 दिसम्बर 2023 को आयोजित पैटी आफेन्स की विशेष लोक अदालत में कुल 478 वादो का निस्तारण हुआ। इस प्रकार 426654 वादो का निस्तारण कर 210204788 रूपये की धनराशि प्राप्त की।

आज दीवानी न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के आयोजन से पूर्व प्रातः 10 बजें जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी, प्रधान न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार एवं पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सजंय कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप



प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में श्रीमती बबीता रानी जिला न्यायाधीश ने 2, नरेन्द्र कुमार प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के 124 पारिवारिक मामले, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद के 25 एमएसी वाद, अति0 प्रधान न्यायाधीश अरविन्द कुमार गौतम के न्यायालय से 70 ललित नारायण झा प्रथम अपर जिला जज का 6, प्रकाश तिवारी अपर जिला जज के 14, शाश्वत पाण्डेय अपर जिला जज का 1 श्रीमती सबी जहरा अपर जिला जज का 1. पिन्कु कुमार अपर जिला जज का 480, त्रिभुवन नाथ अपर जिला जज के 1, श्रीमती कल्पना पाण्डेय अपर जिला जज के 14, आलोक शर्मा अपर जिला जज के 3, आसिफइकबाल रिजवी अपर जिला जज 6, श्रीमती आराधना कुशवाह अपर जिला जज 1, कमलदीप अपर जिला जज के 17, पप्पू कुमार सिंह लघुवाद न्यायाधीश के 10, आशुतोष तिवारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के 3586 वाद अमित कुमार सिविल जज एसडी के 203, श्रीमती मीना चावला एसीजेएम प्रथम के 927 श्रीमती प्रियका वर्मा एसीजेएम द्वितीय के 1001 अमित कुमार वर्मा प्रथम अपर सिविल जज एसडी के 108, मौ. आरिफ सिविल जज एसडी व एफ्टीसी के 330, सुश्री आकॉशा तिवारी सिविल जज जेडी नगर के 18, द्विवेश त्रिपाठी सिविल जज जेडी हवाली के 10, अमरिन्दर कुमार वर्मा जेएम तृतीय के 541, विरेश कुमार सोनकर चतुर्थ अपर सिविल जज जेडी के 644, सुमित गुप्ता पचंम अपर सिविल जज जेडी के 76 एलकेराठी अतिरिक्त जज एनआईएक्ट के 188 नरेन्द्र कुमार यादव ग्राम न्यायालय बेहट 118 निधि अपर जिला जज देवबन्द का 1 परमिन्दर सिंह सिविल जेडी एसडी व एसीजेएम देवबन्द के 199 नितिन सिंह सिविल जज जेडी व जेएम देवबन्द के 227 वाद निस्तारित हुए। प्रशासन के कुल 416086 वाद निस्तारित हुए बैको के लोन सम्बन्धी प्रिलिटिगेशन वाद 1148 निस्तारित हुए।

## समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर ÷थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना फूलहबेहड़ व थाना शारदानगर पर उपस्थित रहकर ÷थाना समाधान दिवस÷ की अध्यक्षता की गई। इस दौरान प्राप्त जनशिकायतों की सुनवाई कर त्वरित व निष्पक्ष जांच कराकर समयबद्ध रूप से विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

# हम आत्म नियंत्रण से तनाव काम कर सकते हैं : पूर्व कुलपति

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणञ्जय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सौजन्य से योग और फिटनेस के माध्यम से तनाव प्रबंधन और संतुलित जीवन के लिए आन्तरिक हार्मोन विकसित करना विषय पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति दिलीप कुमार दूरैहा ने कहा कि हमारे जीवन में तनाव की शुरुआत परिवार से आरंभ होती है। हम अपने दैनिक जीवन में आत्म नियंत्रण द्वारा तनाव को काम कर सकते हैं। हमें खुली आंखों से स्वप्न देखना चाहिए और उसे सार्थक करने हेतु हमेशा सही दिशा में प्रयास करना चाहिए। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि आज तनाव हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। खेलों के माध्यम से हम अपने तनाव को कम कर सकते हैं। प्रोफेसर सुबोध



कुमार सिंह ने कहा कि आज रूचि के विपरीत कार्य करने का दबाव भी तनाव का एक कारण है। डॉ ज्वलंत कुमार शास्त्री ने योग दर्शन के व्यावहारिक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक पक्ष पर विस्तृत प्रकाश डाला। दिल्ली से आनलाइन जुड़े प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ आर के श्रीवास्तव ने कहा कि दवाइयों से ज्यादा योग और शारीरिक अभ्यास के माध्यम से तनाव को दूर किया जा सकता है। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रेन की एक निश्चित क्षमता है अगर हम उससे अधिक कार्य लेंगे तो इसका नकारात्मक प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश जी ने कहा कि सकारात्मक सोच तनाव को कम करता है। डॉक्टर मोरध्वज सिंह ने कहा कि प्राणायाम के माध्यम से हम तनाव को कम कर सकते हैं। अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव ने कहा कि सकारात्मक तनाव हमारी क्षमता को बढ़ाता है। योग तनाव को कम करता है उन्होंने 5 ए के माध्यम से तनाव दूर करने के उपाय भी बताएं। कार्यक्रम में कादीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर आर के सिंह प्राचार्या प्रोफेसर सुचिता पांडे प्राचार्या डॉ पूनम सिंह डॉ उमेश सिंह डॉ धनन्जय सिंह डॉ सुधीर कुमार सिंह डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अनेक शिक्षक शोध छात्र उपस्थित रहे। संगोष्ठी की रूपरेखा संयोजक डॉ दुष्यन्त प्रताप ने प्रस्तुत किया। सभी के प्रति आभार आयोजन सचिव डॉ भगवती थीटे ने किया।

## चयन ट्रायल प्रतियोगिता कल

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला कीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जनपद एवं मंडल स्तर पर चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का जनपद स्तर पर ट्रायल 11 दिसंबर को मंडल स्तर पर 12 दिसंबर को अयोध्या में तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में 15 से 21 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त खेल का जनपद स्तर पर ट्रायल 11 दिसंबर 2023 को अपरांह 3 बजे डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जाएगा, प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी अपने साथ आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य रखें।

# 42 बीज दुकानों पर छापा, 4 लाइसेंस निलम्बित, 4 को नोटिस, 24 नमूने भरे गए

अवधनामा संवाददाता

फर्रूखाबाद। अपर मुख्य सचिव कृषि द्वारा निर्देश पर जिलाधिकारी ने जनपद के कृषकों को गुणवतायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर छापा की कार्यवाही की गई। सदर तहसील में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, कायमगंज तहसील में जिला कृषि अधिकारी एवं जिला आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, अमृतपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापे की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी। छापे के दौरान बीज के 24 नमूने ग्रहित किये गये एवं 42 प्रतिष्ठानों पर छापा/निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। नमूनों को जाँच के लिए प्रदेश की प्रयोगशालाओं में भेजा गया। परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जिला कृषि अधिकारी बी.के. सिंह ने बताया कि जाँच के समय समुचित अभिलेख न दिखाने एवं बिना किसी कारण प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के कारण तत्काल प्रभाव से 4 विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया है। उन्होंने बताया है कि मैं0 अमन बीज भण्डार, सिवारा निरीक्षण के समय बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर गायब मिलने पर निलम्बित कर दिया है। मैं. श्री राम खाद भण्डार, सन्तोषापुर निरीक्षण के समय बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर गायब मिलने पर निलम्बित कर दिया है। मैं. सत्यवती बीज भण्डार, भिड़ौर निरीक्षण के समय बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर गायब मिलने पर निलंबित कर दिया है।

मैं एग्री जंक्शन वन स्टॉप सेन्टर एवं कृषक परामर्श केन्द्र, राजेपुर निरीक्षण के समय बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर गायब मिलने पर निलम्बित कर दिया है। उन्होंने बताया कि मैं. विशाल खाद बीज भण्डार, रमापुर निरीक्षण के समय अभिलेख अपूर्ण पाये जाने के कारण बताओ नोटिस दिया है। मैं. कृष्णा किसान केन्द्र, शमसाबाद- निरीक्षण के समय अभिलेख अपूर्ण पाये जाने के कारण-कारण बताओ नोटिस दिया है। मैं. श्री जी सीड्स, शमसाबाद निरीक्षण के समय अभिलेख अपूर्ण पाये जाने के कारण-कारण बताओ नोटिस दिया है।

मैं. बाला जी किसान केन्द्र, अमृतपुर निरीक्षण के समय अभिलेख अपूर्ण पाये जाने के कारण बताओ नोटिस दिया है। जिला कृषि अधिकारी बी.के. सिंह ने बताया कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छापे की कार्यवाही जारी रहेगी, स्टॉक तथा बिक्री रजिस्टर कृषि अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रमाणित कर विक्रेताओं को दिया जाता है, सभी प्रतिष्ठानों पर रखना अनिवार्य है। समस्त विक्रेता जिन बीज कम्पनियों के बीज बिक्री कर रहे है, उसके अथॉरिटी का अंकन लाइसेंस में अवश्य करायें।

# सास, बहु, बेटा सम्मेलन में सीमित परिवार की बताई अहमियत



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र मठिया उर्फ अकटहां में शनिवार को सास, बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें सीमित परिवार की अहमियत बताई गई। तथा गर्भवती महिलाओ को खाद्य सामग्री एव गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यकक्रम के मुख्य अतिथि बी सी पी एम राजेश कुमार व सुनील कुमार पटेल रहे।

हेल्थ वेलनेस सेंटर मठिया उर्फ अकटहां में आयोजित सास बहू बेटा सम्मेलन में साल भर में चिह्नित नव दंपती को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। सास बहू बेटा सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजेश कुमार व सुनील कुमार पटेल ने कहा कि सीमित परिवार का लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे के बीच कम से कम 3 वर्ष का अंतर, परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधन की पूर्ण जानकारी दी गई।

# आधा दर्जन खाद बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में रवि फसलों की बुवाई के दृष्टिगत कृषकों को उच्च गुणवत्ता के बीजों की उपलब्धता खाद तथा दवाओं की निर्धारित दर पर उपलब्धता व बिक्री सुनिश्चित कराए जाने के लिए बीज बिक्री दुकानों पर निरंतर छापेमारी कर थोक एव फुटकर विक्रेताओं के साथ ही गोदामों का निरीक्षण बीज निरीक्षकों एवं उप जिला मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम द्वारा किया जा रहा है तथा अभिलेख व स्टॉक की जांच के साथ ही नमूना संकलित कर उन्हें जांच हेतु भेजा जाता है। उन्हें बताया कि अधिक मूल्य पर बिक्री किए जाने अथवा अनियमित पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है जिसके क्रम में आज तहसील गौरीगंज में उप कृषि निदेशक डॉ लाल बहादुर सिंह एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज अभिनव कनौजिया तहसील अमेठी में जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह एवं उप जिला मजिस्ट्रेट प्रीति तिवारी तहसील तिलोई में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरिओम मिश्र एवं उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह तथा तहसील मुसाफिरखाना में अपर जिला कृषि अधिकारी शुभम पांडे व उप जिला मजिस्ट्रेट सविता यादव द्वारा सघन छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि आज सघन छापेमारी में सिंह बीज भंडार तिवारी खाद भण्डार मौर्य बीज भंडार पांडे बीज भंडार एकता बीज भंडार गौरीगंज पांडे खाद एवं बीज भंडार टिकरिया जायसवाल बीज भंडार यादव बीज भंडार मुंशीगंज समीम बीज भंडार अशर्फी खाद भंडार शिवम बीज भंडार राजधानी बीज भंडार द्वारका मौर्य बीज भंडार अमेठी एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर भवसिंहपुर वर्मा बीज भंडार विशेश्वरगंज संतोष खाद भंडार बारामासी शुक्ला खाद भंडार बारामासी विमल खाद भंडार बारमासी दान बहादुर खाद विक्रेता मोहनगंज रवि खाद एवं बीज भंडार जमील बीज भंडार शाहमऊ शिवकुमार मौर्य बीज भंडार बहादुरपुर पटेल बीज भंडार बहादुरपुर श्याम खाद भण्डार नंदमहर खेती बड़ी बीज भंडार देशराज बीज भंडार तेज बहादुर मौर्य बीज भंडार राम बहादुर मौर्य बीज भंडार जगदीपुर शादाब खाद भंडार रानीगंज मौर्य बीज भंडार बाजार शुकुल सरस्वती इंटरप्राइजेज बाजार शुकुल अमन खाद भंडार बाजार शुकुल के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभिलेख अपूर्ण मिलने पर 06 विक्रेताओं खेती-बाड़ी बीज भंडार देशराज बीज भंडार तेज बहादुर मौर्य बीज भंडार राम बहादुर मौर्य बीज भंडार जगदीशपुर एग्री क्लीनिक एव एग्री बिजनेस सेंटर भवसिंहपुर राजधानी बीज भंडार अमेठी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि संतोषजनक जबाब न मिलने पर उनके लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वह बीज का जमाव चेक करने के पश्चात ही बिक्री करें एवं ग्राहक को कैश मेमो अवश्य दें। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि दुकानदार द्वारा कैश मेमो या अन्य प्रकार की गड़बड़ी दिखाई दे तो जिला कंट्रोल रूम के मोबाइल 7839882412 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मामा भांजी का रिश्ता हुआ कलंकित

**अमेठी।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत एक गांव निवासी 9 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में मामा भांजी का रिश्ता कलंकित हुआ है।आरोप है की एक गांव में रिश्ते में मामा लगने वाला एक व्यक्ति 9 वर्षीय बच्ची को साथ लेकर एक रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में शुक्रवार शाम गया था। देर शाम आरोपी जब वापस बच्ची को लेकर उसके घर आया तो बच्ची को काफी खून लगा था। परिजनों ने जब बच्ची से पूछा तो बच्ची ने घटना की जानकारी दी। इस पर परिजनों ने आरोपी युवक दिनेश को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।थाने के प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। बच्ची को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया गया है।

### नया सबेरा कार्यक्रम का हुआ साप्ताहिक मूल्यांकन

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों में शनिवार को नया सबेरा कार्यक्रम का साप्ताहिक मूल्यांकन हुआ। सुबह प्रार्थना सभा के समय दूसरे विद्यालय से भेजे गए पर्यवेक्षक शिक्षकों ने कार्यक्रम का मूल्यांकन किया और बच्चों की उपस्थिति गणवेश और शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर अंक प्रदान किए। शनिवार को समाप्त हुए सप्ताह में बच्चों को भोजन और स्वास्थ्य तथा विटामिन्स के विषय में जानकारी दी गई। बच्चों ने विटामिन्स की कमी से होने वाले लोग विटामिन्स की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए प्रस्तुतीकरण किया। कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में संकुल शिक्षक देवांशु सिंह और इं प्र अ संजीव कुमार ने कार्बोहाइड्रेट प्रोटीन बसा और विटामिन ए बी सी डी और ई के बारे में बच्चों की ओर विस्तार से दी गई जानकारी का प्रस्तुतीकरण कराया। बच्चों ने प्रेरणा गीत भी प्रस्तुत किया। शारीरिक शिक्षा की गतिविधियां भी आयोजित की गई। पर्यवेक्षक ज्ञान चंद पांडेय अवनीश वर्मा विजय प्रताप यादव दिनेश यादव लालती देवी कौशलेंद्र सिंह शिवकरन गुप्ता सीता रिपु मौर्य निर्मला धनपती बलवीर आदि मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर-द्वितीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर कम्पोजिट विद्यालय सवनगी कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया आदि विद्यालयों में भी बच्चों ने सुंदर गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

### सीएम योगी की अध्यक्षता में रविवार को होगा मुख्य महोत्सव

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह का समापन रविवार को महाराणा प्रताप इंटर कालेज के मैदान पर समारोहपूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नारायण एवं मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की उपस्थिति रहेगी। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय थल सेना के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (डॉ) वीके सिंह उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री, राज्यसभा के उपसभापति एवं विधानसभा अध्यक्ष के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद के घर 300 करोड़ मिलने पर जताया विरोध, फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के घर छापेमारी में 300 करोड़ रुपए मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के भ्रष्ट सांसद के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और पुतला फूंककर विरोध जताया द्यभाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में त्रिपोलिया चौक पर कांग्रेस का पुलता फूंक कर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता जलते पुतले को बीच सड़क पर छोड़ कर निकल गए कई बाइक सवार चपेट में आने से बाल बाल बच गए। काफी देर तक बीच सड़क पर पुतला धधकता रहा। जिससे,चौराहे पर भीषण जाम लग गया और वाहनों की लगी लंबी कतारें लग गई। ड्यूटी पर लगे होमगार्ड ने जलते पुतले को सड़क से हटाने का प्रयास करते रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से जलते पुतले को हटाने को कहा जिस पर कुछ लोगों ने हटाने के बजाय पुतले के जलते मलवे को सड़क पर फैला दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा की कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से भ्रष्टाचार का माल निकल रहा है। इतना पैसा निकला की गिनने बाली मशीनें भी खराब हो गई है।

### दबंग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई न होने से परेशान मोहल्ले वासियों ने घर में लगाया मकान बिकाऊ का पोस्टर

**फर्रुखाबाद।** दबंग से भयभीत मोहल्लेवासी मकान बिकाऊ का पोस्टर लगाकर अपनी-अपने घरों से पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के बगिया मोहल्ले वासियों ने घर के बाहर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगाए हैं। दबंग घर मे घुसकर मारपीट की घटना को पहले भी अंजाम दे चुके हैं। दबंगों ने देर रात अपने साथियों के साथ मोहल्ले में घुसकर गाली गलौज किया द्यपरिवार के सदस्य कानपुर दवा लेने गए हुए थे। घर पर युवक को अकेले देख दबंग घर में घुसे। मोहल्ले वासियों के पहुंचने पर दबंग तमंचा, लठी, डंडा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए हैं द्य पीड़ित मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी है । पुलिस दबंगो के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। मोहल्ले वासियों ने पुलिस पर दबंगो से सांठ गांठ कर रुपए लेकर छोड़ने का आरोप लगाया है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा, जन प्रतिनिधियो, जिलाध्यक्ष, डीएम समेत सभी अधिकारियो व जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प यात्रा का सजीव प्रसारण को संबोधित किया

अवधनामा संवाददाता

**उरई(जालौन)।** केंद्रीय राज्यमंत्री, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उधम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा अध्यक्षता में विकासखंड डकोर के ग्राम पंचायत ऐन्धा में प्रधानमंत्री जी द्वारा सजीव प्रसारण विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित किया साथ ही विभिन्न प्रदेशों के लाभार्थियों से वार्ता की। केंद्रीय राज्यमंत्री, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरजंन, जिलाध्यक्ष बीजेपी उर्विजा दीक्षित, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा श्रीप्रकाश पाल, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय व जनप्रतिनिधि, ग्रामीण वासियों ने प्रधानमंत्री का एलईडी वैन द्वारा सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों व आमजन मानस को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एलइडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थी सीधे लाभांवित हो रहे हैं। सरकार की पारदर्शिता के साथ कार्य करने से बिचोलिया समाप्त हो गए हैं। सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका परिणाम निरंतर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनाओं को घर-घर तक पहुंचना है। माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजनमानस की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प हेतु ली गई शपथ को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा की गुलामी की मानसिकता से निकलकर अपनी समृद्ध विरासत और मातृभाषा पर गर्व करें। उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम विकासशील देशों से आगे बढ़कर विकसित देश की ओर बढ़ रहे हैं तथा जल, थल और नभ के साथ ही विश्व में नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। यह कार्य 2047 तक पूर्ण होगा तब हम विश्व के विकसित देशों के समकक्ष आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश बदल रहा है प्रदेश बदल रहा है चारों तरफ समृद्धि की ओर हम पढ़ रहे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर देकर माता एवं बहनों को धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति दिलाई है। इसी प्रकार आवास योजना के तहत गरीबों को आवास प्रदान करने के साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय के रूप में इज्जत घर बनवाए गए हैं। किसानों के सम्मान में किसान सम्मान निधि एवं सुरक्षा कवच के रूप में आयुष्मान कार्ड के तहत 05 लाख रुपये तक की निशुल्क इलाज करने की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग ले एवं शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं जो व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं वह अन्य व्यक्तियों को भी योजनाओं से लाभान्वित करायें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद में एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर आमजन को शासकीय योजनाओं के बारे में जागरूक करने के साथ ही पत्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल, जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रमाण योजना एवं नैनो उर्वरक की विस्तृत स्टॉल लगाकर आम जनमानस को जागरूक किया गया।

## भाजपाइयो ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला फूंका

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भाजपा के कानपुर ङ्क बुंदेलखण्ड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, विधायक माधौगढ मूलचन्द् निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, जिला महामंत्री दिलीप दुबे, अग्निवेश चतुर्वेदी, विवेक कुशवाहा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश क्षेत्रीय मंत्री प्रशांत द्विवेदी, डा.गिरीश चतुर्वेदी, राम लखन, औदित्य राम अनुग्रह राजावत आशीष चतुर्वेदी, मनोज यादव सहित सैकड़ो आक्रोशित भाजपाइयों ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा नारे लगाते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीपाल ने शहीदे आजम भगत सिंह के चौराहे पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहूके पुतले में आग लगाकर फूंक दिया। इस दौरान भाजपाई लगातार नारेबाजी करते रहे।

# प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि सभी निरोगी रहे, सभी की आमदनी दोगुनी हो : नितिन

## अधिकारी, कर्मचारी पात्र लाभार्थियों को समस्त योजनओं से लाभावान्वित करें : आबकारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकास खण्ड बावन के ग्राम बावन में माननीय राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल द्वारा यात्रा कार्यक्रम की आगवानी की गई । जिसमें मंगला प्रसाद सिंह जिलाधिकारी महोदय, हरदोई, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रोहताष कुमार, उप कृशि निदेशक डा. नन्द किशोर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह व ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहें। माननीय मंत्री द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने संकल्प लिया है कि सभी निरोगी रहे, सभी की आमदनी दोगुनी हो। आप सभी ग्राम वासी भी उनके सकंल्प से जुडकर सभी योजनाओं में लाभ प्राप्त कर आर्थिक रूप से मजबूत बने। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम समस्त योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस हेतु अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य करे तथा समस्त पात्र लाभार्थियों को समस्त योजनओं से लाभावान्वित करे। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया जितने मजबूत हमारे ग्राम होगे उतने मजबूत देश होगा। विकास खण्ड टडियावां के ग्राम बोहरवा व जिगनिया खुर्द में माननीय सांसद जय प्रकाश रावत, ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें जिला समन्वयक मनरेगा रवि प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी, नरोत्तम कुमार व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। माननीय सांसद द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते उनके उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम कल्ली खेडा व सिकरौरी में माननीय सांसद अशोक रावत द्वारा यात्रा कार्यक्रम की आगवानी हेतु उपस्थित रहे। जिसमें ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। विकास खण्ड पिहानी के ग्राम रामपुर



कौढा व शिमौर में माननीय राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेयी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। माननीय मंत्री द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि ग्रामों की तरक्की से ही देश की तरक्की होगी। विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम साहुलपुर में माननीय ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने जी यात्रा कार्यक्रम की आगवानी हेतु उपस्थित रहे। उनके द्वारा भी कृषको हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । इस के अतिरिक्त जनपद के विकास खण्ड भरावन में ग्राम हाजीपुर व श्यामदासपुर, विकास खण्ड सुरसा के ग्राम बिराहिमपुर में, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम मुडंरामऊ में, विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम मेहंदीपुर में, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम चन्द्रीपुर रसूलपुर में, विकास खण्ड साण्डी के ग्राम बानामऊ व बेहथर में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किये गये । उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों में ग्राम प्रधान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यों व खण्ड विकास अधिकारियां द्वारा भाग लिया गया । उपरोक्त कार्यक्रमों में माननीय प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ग्रामवासियों को सम्बोधित किया गया। जिसकी लाइव स्ट्रमिंग भी यात्रा कार्यक्रम की आईसीएस बैन की एलईडी में दिखाया गया। माननीय मुख्य अतिथि/जन प्रतिनिधियों द्वारा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी कृषको को प्रमाण पत्र/स्वीकृत पत्र वितरित किये गये । विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कृषि विभाग के कार्मिको द्वारा पीएम किसान योजना के अन्तर्गत ई-केवाईसी, भूलेख अंकन, केसीसी एवं नये पंजीकरण मौके पर कराये जा रहे। कृषको को श्री अन्न (मिलेट्स) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी भी दी गई। कृषको को रबी की फसलों की तकनीकी जानकारी के साथ फसलो की लाइन से रोपाई एवं बुबाई के लिये प्रेरित किया गया। कृषको को प्रमाणित बीजो के बारे में जानकारी दी गई। कृषक राजकीय कृषि बीज भण्डार से प्रमाणित बीजो पर 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। उपरोक्त कार्यक्रम में आज कृशि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य आदि विभागों के कर्मचारी/ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी विभागों ने स्टाल लगाये। ग्राम वासियों को उनके उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओ की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम मे एल.ई.डी. वैन द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, समस्त पेंशन योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दी गयी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिसमें ग्राम वासियों की एनीमिया की जांच, शुगर की जांच, बी.पी. की जांच और अन्य चिकित्सा स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की गयी और निशुल्क दवा भी वितरित की गयी।

# आवासीय भवन को खाली कराने के लिए चस्पा हुई नोटिस

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वास्थ्य महकमें ने तीन मंजिला एमसीएच आवासीय भवन समेत नर्सेज छात्रावास और



जेनरेटर रूम को जर्जर घोषित किया है। इसमें रह रहे कर्मियों को आवास खाली करने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। साथ ही आवासीय भवन के एक-एक कमरे के दरवाजे पर नोटिस लगवाई गई है। पूर्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभाग की ओर से -जिला अस्पताल में मोर्चरी भवन और महिला अस्पताल स्थित रेन बसेरे के बगल तीन मंजिला आवासीय भवन तथा जिला क्षय रोग अस्पताल के पीछे स्थित नर्सेज छात्रावास का निर्माण कराया गया था।

लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्माण होने के बाद भवनों को स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया, और स्वास्थ्य कर्मियों ने कमरों में रहना शुरू कर दिया। अस्पताल सप्लाई जोड़ बिजली का इस्तेमाल करने लगे। अब अस्पातल प्रशासन ने सभी को एक सप्ताह में आवास खाली करने की नोटिस दी है और कमरों पर चस्पा कराई है. नोटिस पाने वाले लैब टेक्नीशियन सोनू, पुष्पा, प्रियंका, स्टाफ नर्स नंदिता, सुनीता देवी प्रथम, वार्ड ब्वाय सोनी, ओम प्रकाश आदि का कहना है कि अस्पताल प्रशासन को पहले वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए, तब मकान खाली कराना चाहिए।

अब वह लोग कहां जाएं। वहीं रैन बसेरा व सीएमएस आवास अथवा प्राइवेट वार्ड को बनाया गोदाम। जिला अस्पताल के प्रभारी एसआईसी डा ब्रज कुमार का कहना है कि 10 सदस्यीय समिति से सर्वे कराया गया तो समिति ने भवन को जर्जर करार दिया है। बिना हैंडओवर हुए लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। एक सप्ताह में आवास खाली न करने पर मामला प्रशासन के हवाले किया जाएगा। पीड़ित नियमित कर्मी को आवासीय भत्ते का भुगतान होगा।

## कांग्रेस नेता के खिलाफ भाजपा का धरना, गांधी पार्क पर फूंका पुतला

# कांग्रेस ने हमेशा गुमराह करने की राजनीति की है: कमलेश श्रीवास्तव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां 300 करोड़ से अधिक नगद धनराशि मिलने के विरोध में भाजपा जिला व महानगर की टीम ने संयुक्त रुप से धरना दिया। तहसील के तिकोनिया पार्क में धरने के दौरान प्रदर्शन सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद पैदल मार्च निकालने के बाद कार्यकर्ता गांधी पार्क पहुंचे। जहां कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया गया।जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागिर हो गया है। पार्टी जब भी सरकार में रही है। उस पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गुमराह करने की राजनीति की है। जिसे जनता समझ चुकी है। चुनावों में इसका जवाब मिल रहा है। सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोग किसी भी कीमत पर बच नहीं पायेंगे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शक्ति सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि लम्बे समय बाद भाजपा धरने पर बैठी है। कांग्रेस कभी भ्रष्टाचार के आरोपों से उबर नहीं पायी। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के छोटे से लेकर शीर्ष नेता तक भ्रष्टाचार में शामिल रहे है। प्रभारी वासुदेव मौर्या ने कहा कि जनता कांग्रेस को कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, फयाराम वर्मा, बीकापुर चेयरमैन राकेश पाण्डेय राना, कमलाशंकर पाण्डेय, महानगर उपाध्यक्ष वरुण चौधरी ,अमरजीत सिंह, विशाल सिंह बाबा, पंकज कनौजिया ,अमरनाथ चौधरी, बालकृष्ण वैश्य, शैलेन्दर कोरी, तिलक राम मौर्या, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, अशोक कसौधन, सुनील तिवारी शास्त्री, चन्द्रभान सिंह, अभय



सिंह, रवि सोनकर, राममोहन भारती, नीरज श्रीवास्तव रिंकू, अरविंद सिंह, अशोका द्विवेदी, रीना द्विवेदी, आभा सिंह, लक्ष्मी पाण्डेय, सोनी सोनकर, पवन तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पल्स पोलियो अभियान की सफलता हेतु निकाली गयी जनजागरूकता रैली

**अयोध्या।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी,अयोध्या द्वारा पुलिस लाइन अयोध्या से पल्स पोलियों अभियान की सफलता हेतु जन जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।शुभारंभ अवसर पर मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से अपील की कि समस्त अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक जरुर पिलाएं जिससे उनके बच्चे स्वस्थ्य और मजबूत बन सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे जनपद में कुल 1271 बूथ बनाए गए हैं जंहा पर बचचों10 दिसंबर बूथ दिवस पर पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी ।

## सरकार किसानों, मजदूरों व गरीबों के उत्थान के प्रति समर्पित है: लल्लू सिंह

**अयोध्या।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले व महानगर में शिविर लगाए गये। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में शत प्रतिशत लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा हुई। मसौधा क्षेत्र जलालाबाद, सोहावल क्षेत्र के इब्राहिमपुर में शिविर के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शत प्रतिशत पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। सरकार किसानों, मजदूरों व गरीबों के उत्थान के प्रति समर्पित है। इसके लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गई है। गरीबों को आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख की व्यवस्था की गई है।

# हाईवे पर निजी बस ने साइकिल सवार वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पारिजात शिक्षण संस्थान के निकट बाराबंकी से अयोध्या की ओर तेज रफ्तार मे जा रही प्राइवेट बस ने साईकिल सवार एक वृद्ध को बुरी तरह कुचल दिया जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बस को कब्जे मे लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी 58 वर्षीय रामसरन रावत पुत्र बुधराम शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे साईकिल से सफदरगंज चौराहे पर स्थित ग्रामीण बैंक को जा रहा था पारिजात शिक्षण संस्थान के निकट हाइवे पर बने कट को जैसे ही पार कर वृद्ध सफदरगंज की ओर मुड़ा था कि बाराबंकी की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही प्राइवेट बस नंबर यूपी 78 एच टी ने साईकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी और साइकिल सवार बस के नीचे आ गया बस युवक को कुचलता हुआ भाग निकला जिसका पीछा कर एक कार चालक ने सफदरगंज जैदपुर मार्ग से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चर्चा में आने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ रहे अरशद मदनी, सच्चाई से चुरा रहे मुंह: वसीम राईन

**बाराबंकी।** जमीयत उलेमा ए हिन्द के सदर बेवजह बाबरी मस्जिद पर बयान देकर गड़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं। सच्चाई व वाजिब मुद्दों का जिक्र व उन पर अपने ख्याल रखने के बजाय वह लाइमलाइट में आने की तरकीब लगा रहे हैं। पसमांदा मुस्लिम कभी उनके जिक्र में नही आया और न ही कश्मीर के एसटी मुस्लिमो की ही कभी बात की।

# खेलों के विकास के लिए सरकार ने दी कई योजनाएं : वेद गुप्ता



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मकबरा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन व ध्वजारोहण के माध्यम से किया। विजयी खिलाड़ियों को विधायक ने पुरस्कृत किया। विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरीश पाण्डेय डिप्पुल व सचिव विशाल सिंह ने स्वागत किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार लाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके लिए कई योजनाएं प्रदान की गई है। खेल में प्रतिभाग करने से टीम भावना का प्रतिभागी में संचार होता है। जो जीवन में काफी सहायक होती है। सांसद खेलकूद कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में लगभग महानगर क्षेत्र की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला मैच महाराजा इंटर कॉलेज और एस.एस.वी इंटर कॉलेज के बीच में खेला गया। जिसमें महाराजा इंटर कॉलेज ने 27 के मुकाबले 29 अंकों से मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कबड्डी प्रतियोगिता का दूसरा मैच ग्रामर इंटर कॉलेज और के. टी.पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें के.टी. पब्लिक स्कूल ने और 19-15 के स्कोर से मैच जीता। कबड्डी प्रतियोगिता का तीसरा मैच शंकरगढ़ ने 16-15 के स्कोर में पुरुषोत्तम नगर को एक पॉइंट से हराकर जीता। कबड्डी प्रतियोगिता के चौथे मैच में अयोध्या अकैडमी स्कूल को 20 और 12 के मुकाबले रुद्र अकादमी ने हराकर आगे प्रवेश किया। प्रतियोगिता का पांचवा मैच महाराजा इंटर कॉलेज ने 18 अंकों के मुकाबले राजकीय इंटर कॉलेज को चार अंको से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आनंद कबड्डी अकैडमी ने के.टी.पब्लिक स्कूल को 25 के मुकाबले एक अंक से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल रुद्र एकेडमी मकबरा और आनंद कबड्डी अकादमी के बीच में खेला गया। जिसमें आनंद कबड्डी अकैडमी ने रुद्र अकादमी को 24 के मुकाबले 14 अंकों से पराजित कर पराजित कर फाइनल में जगह पक्की की। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल महाराजा इंटर कॉलेज अयोध्या और कर्पूरी ठाकुर वार्ड के बीच में खेला गया। जिसमें कर्पूरी ठाकुर वार्ड ने महाराजा इंटर कॉलेज को एक तरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह पक्की की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को प्रातः 10:00 बजे खेला जाएगा। इस प्रकार खो खो खेल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पहला मैच राजकरण इंटर कॉलेज और के.टी.पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें राजकरण इंटर कॉलेज ने 14 अंक बनाए और के.टी. पब्लिक ने तीन अंक बनाए। बालिका वर्ग खो- खो का फाइनल मुकाबला एम.आर. डी. इंटर कॉलेज और जिला विद्यालय कीड़ा समिति की टीम के बीच खेला गया जिसमें जिला विद्यालय कीड़ा समिति ने 11 अंक बनाए और एम. आर. डी.इंटर कॉलेज इस प्रकार से जिला विद्यालय कीड़ा समिति टीम विजेता रही। मौके पर पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, डिप्टी मेयर जयनारायन सिंह रिंकू, मनमोहन जायसवाल, संतोष सिंह, अशोका द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, आभा सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रामनंदन तिवारी, बृजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सरकार किसानों मजदूरों व गरीबों के उत्थान के प्रति समर्पित है सांसद लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत अनारंभ आवासों का सपना हो रहा साकार। विकसित संकल्प



यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अनारम्भ आवासों के भूमि पूजन का कार्यक्रम नगर निगम अयोध्या के 27 लाभार्थियों के स्वीकृत पत्र वितरण का कार्यक्रम शुभारंभ सांसद लल्लू सिंह ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार किसानों मजदूरों व गरीबों के उत्थान के प्रति समर्पित है इसके लिए योजनाओं की श्रृंखलाएं प्रदान की गई है गरीबों को आवास शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख की व्यवस्था की गई है इस अवसर पर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, नगर आयुक्त परियोजना निदेशक विशाल सिंह, परियोजना अधिकारी यामिनी रंजन सीएमएम श्रीमती गरिमा सरोज, सिविल इंजी. शुभम शुक्ला ,डी.सी. सुधाकर सिंह, डी0सी0 विवेक कुमार, श्याम, अतुल, सतीश, हिमांशु, जयप्रकाश, संजय, व समस्त पार्षद गणों की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न।

# किसानों के साथ प्रशासन अनदेखी करता रहा तो होगा बड़ा आंदोलन: फरीद अहमद

*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल -अयोध्या।** शनिवार को सोहावल तहसील प्रांगण में किसान की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एकदिवसीय पंचायत कर पांच बिंदुओं का ज्ञापन तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी को सौंपा पंचायत में वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने पहुंचकर कहा की सोहावल क्षेत्र अंतर्गत छूट्टा जानवरों को अभियान शुरू करा कर पकड़वाया जाए, शारदा सहायक बड़ी नहर में पानी न आने से किसानों की रवि की फसल की बुवाई नहीं हो पा रही है नहर विभाग से संपर्क कर तत्काल चालू कराया जाए जिससे किसान अपने खेतों की बुवाई कर सके, ह.॥.८. ढ्ढ का मानक है कि टोल बूथ से 500 मीटर की रेंज में आरटीओ, व बिक्री कर अधिकारियों द्वारा चेकिंग ना लगाई जाए टोल प्रबंध तंत्र रौनाही इसकी अनदेखी कर रहा है होटलो के सामने गाड़ी खड़ी होने से आने जाने वाले वाहनों को दुर्घटना का



शिकार होना पड़ता है जिस पर विराम लगाया जाए, मसौधा केएम सूगर मिल की लापरवाही से आए दिन सड़कों पर बेतरतीब ट्राली ट्रैक्टर की वजह से सड़कों पर जाम से आने जाने वाले राहगीरो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही जो छोटे किसान बैलगाड़ी ट्रिपर वाले सड़क के किनारे बने नाले में गिरकर चोटिल हो रहे हैं सड़क के दोनों तरफ गड्ढे हो गए हैं जिसमें दो पहिया वह चार पहिया वाहनों को काफी जाम और परेशानियों से गुजरना पड़ता है खुले नाले पर ढक्कन लगवाने और नाले के बगल गड्ढों को भरवाने के लिए कई बार प्रशासन से शिकायत भी की गई जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है संज्ञान लिया जाए, ज्ञापन लेकर तहसीलदार ने 15 दिन के अंदर निस्तारण करने का समय मांगा प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा की प्रशासन अगर किसानों की अनदेखी करता रहा तो किसान आंदोलन पर बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, पंचायत में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सविता मौर्या जवाहरलाल तिवारी दादा मंगरु राम दादा काशीराम राम तीरथ तिवारी राजकुमार आसमा निशा प्रभावती कर्मावती रमना देवी रामवती राजकुमारी आज सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकल रहा भ्रष्टाचार का माल: उपेंद्र रावत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को गन्ना संस्थान में कांग्रेस के भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा एवम पुतला फूंका। प्रदर्शन स्थल पर सैकड़ो की संख्या में जुटे भाजपाइयों को संबोधित करते हुए सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपनी जेब भर रहे हैं। कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल दल आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। कहा कि एक तरफ विपक्ष का कांग्रेस के नेतृत्व में घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट घसोट और दलाली की गारंटी है दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत बनाने की गारंटी है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता की गाढ़ी कमाई को जिसने भी लूटा है उसे पाई-पाई जनता को लौटाना होगा। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के सांसद के पास 200 करोड़ के भ्रष्टाचार की नगदी पकड़ी गयी है। कहा कि यह कांग्रेस के भ्रष्टाचार की एक बानगी मात्र है। कांग्रेस का नेहरू गांधी परिवार देश का सर्वाधिक



भ्रष्टाचारी परिवार है। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि गांधी परिवार का नाम करप्शन सेंटर रख दिया जाय तो गलत नहीं होगा। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने भी विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विजय त्रिवेदी को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस के भ्रष्टाचारी सांसद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की पुरजोर मांग की गई है।भाजपाइयों ने सांसद उपेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर भ्रष्टाचार के विरोध नारेबाजी की एवम पुतला फूंका।

## अनूप जलोटा व मैथिली ठाकुर महादेवा में देंगे प्रस्तुति, 12 से मेला आरम्भ

**रामनगर बाराबंकी।** आगामी 11 दिसम्बर से महादेवा महोत्सव का आरंभ होने जा रहा है। महोत्सव में इस बार होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के साथ ही इनका समय भी तय हो गया है। अहम निर्णय यह कि इस बार प्रेक्षागृह नही बल्कि मेला मैदान में ही सांस्कृतिक पंडाल सजाया जाएगा। वैसे तो रोजाना नामचीन कलाकार मंच सजाएंगे लेकिन भजन सम्राट अनूप जलोटा व मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर का कार्यक्रम विशेष रहेगा। बताते चलें कि जिले ही नही जिले ही नही सूबे के पौराणिक तीर्थस्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में अगहन में लगने वाले मेले को महादेवा महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार महोत्सव 11 दिसंबर से शुरू हो रहा है। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार परंपरा के अनुसार विश्व कल्याण द्वार पर मंत्रोच्चारण के बीच डीएम फीता काट कर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

# भारत संकल्प यात्रा में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** जनपद में आयोजित चल रही विकसित भारत यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोपी, ब्लॉक सदर में



केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सहित उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के यात्रा के दौरान लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा।इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, वैश्विक प्रतिष्ठा, आर्थिक सुदृढ़ीकरण आदि क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। मंत्री जी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी लोगों को बधाई दी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से लाभान्वित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा विधायक सदर ने कहा कि गारंटी तो सभी दल देते हैं, लेकिन लोगों ने मोदी जी गारंटी पर विश्वास किया, जिसका उदाहरण हाल ही में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम हैं।

# धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का 77वां जन्मदिन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रायबरेली से सांसद श्रीमती सोनिया गांधी भारतीय राजनीति में एक ऐसी साहस भरी नेता है जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी हिम्मत नहीं हारी अपनी स्वेच्छा से उन्होंने देश के प्रधानमंत्री पद का त्याग करके साबित कर दिया था कि सोनिया गांधी त्याग, समर्पण, शालीनता का नाम है जिनका काम देश के गरीब मजलूम की सेवा करना है आज उनके जन्मदिन के अवसर पर हम कांग्रेस परिवार के साथ मुंह मीठा करके अपनी नेता की लंबी उम्र की कामना करते हैं। उक्त उदगार पूर्व सांसद डॉ0 पीएल पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस परिवार के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा करने के पश्चात व्यक्त किया। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया ने श्रीमती सोनिया गांधी की लंबी उम्र की कामना करते हुए कहा कि सोनिया गांधी त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति है जब 16 मई 2004 को 16 दलीय गठबंधन की सर्वमान्य नेता बनी तो उन्होंने सर्वप्रथम सेवा धर्म को चुनते हुए देश के प्रधानमंत्री पद का त्याग किया। आज उनके 77वें अवतरण दिवस के अवसर पर कांग्रेस परिवार के साथ उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने अपनी नेता की लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरजू शर्मा, सुहेल अहमद, वीरेंद्र प्रताप यादव, शिव बहादुर वर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, सिकंदर अब्बास रिजवी, इरफान कुरैशी, दिलशाद वारसी, राम



हरख रावत, श्रीमती गौरी यादव, प्रीति शुक्ला, अजीत वर्मा, संत शरण वर्मा, मोहम्मद आलम, जलालुद्दीन गुड्डू, सना शेख, मोइनुद्दीन अंसारी, रामकुमार लोधी, पुत्तू लाल वर्मा, महेंद्र पाल वर्मा, हसीब नेता, हसीब, सुरेंद्र शर्मा टप्पू, कौशल किशोर, श्रीकांत मिश्रा आदि कांग्रेसजन थे।

## दुर्घटना में घायल गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर

**बीकापुर - अयोध्या।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के कोरोराघव पुर के पास सड़क के किनारे बबुल के पेड़ से मोटरसाइकिल टकरा जाने पर गंभीर अवस्था में विशाल पुत्र विश्राम 21 वर्षीय को सीएचसी बीकापुर लाया गया जहां दिन मे लगभग डेढ़ बजे प्राथमिक उपचार डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन अपनी टीम द्वारा करने के बाद बबूल के पेड़ से टकराये युवक का पैर टूटने और शरीर में अन्य चोटो को देखते हुए गम्भीर अवस्था में जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया।


## गुमशुदा की तलाश



| | |
|---|---|
| नाम : | शम्मू रिज़वी |
| पुत्र : | सय्यद मोहम्मद सईद रिज़वी उर्फ लल्लन |
| पता : | 59/1/57, कटरा खुदा यार खान, आगा अबू साहब का हाता, थाना, बाजार खाला, लखनऊ |
| उम्र : | 30 वर्ष |
| कद : | 5 फीट |
| रंग : | गेंहुआ |
| पहनावा: | हरी शर्ट और नीली जीन्स |

उक्त युवक की जानकारी देने वाले को 20,000 रूपये का ईमान दिया जाएगा।

गुमशुदा का पता चलने पर मो0 नम्बर- 6386286770 पर सम्पर्क करें।

# ओवरआल प्रदर्शन के आधार पर इटवा तहसील रहा चैम्पियन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** 31वें जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह में ओवरआल प्रदर्शन के आधार पर इटवा तहसील चैम्पियन रहा। इटवा ने 212 अंक हासिल किया। नौगढ़ 206 अंकों के साथ द्वितीय रहा। डुमरियागंज को 145 अंक मिले। बांसी को 115 व शोहरतगढ़ को 96 अंक मिले।व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर नौगढ़ तहसील के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द की प्रीति यादव को जूनियर बालिका वर्ग का चैम्पियन घोषित किया गया। इसने 200, 400 व 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर बालक वर्ग में शोहरतगढ़ तहसील के खैरहनिया के रामजीत को चैम्पियन घोषित किया गया। जूनियर बालक वर्ग के रिले दौड़ में इटवा



प्रथम व शोहरतगढ़ द्वितीय, चक्रक्षेपण में इटवा के सूरज प्रथम व बांसी के सदानंद द्वितीय, गोलाक्षेपण में डुमरियागंज के नीलेश प्रथम व सूरज द्वितीय रहे। कबड्डी में बांसी ने इटवा को व खोखो में इटवा ने डुमरियागंज को पराजित किया। वालीबाल व पीटी प्रदर्शन में नौगढ़ ने बाजी मारी। लंबी कूद में शोहरतगढ़ के रामजीत ने 14 फीट 11 इंच लंबा छलांग लगाया। ऊंची कूद में इटवा के रवि ने 125 सेमी छलांग लगाकर श्रेष्ठता कायम किया। जूनियर बालिका वर्ग के कबड्डी व वालीबाल प्रतियोगिता में नौगढ़ विजयी रहा।खोखो में इटवा व पीटी प्रदर्शन में डुमरियागंज ने बाजी मारी। शोहरतगढ़ की निधि ने 12 फीट 4 इंच लंबा छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बांसी की अंकिता ने सबसे ऊंची छलांग लगाई। प्राथमिक बालक वर्ग के कबड्डी में नौगढ़ ने इटवा व खोखो में बांसी ने

**▶▶ सदर तहसील नौगढ़ की प्रीति व शोहरतगढ़ के रामजीत बने चैम्पियन**

डुमरियागंज को पराजित किया जबकि बालिका वर्ग के कबड्डी में बांसी ने नौगढ़ को व खोखो में शोहरतगढ़ ने इटवा को परास्त किया। मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने चैम्पियन प्रीति व रामजीत को शील्ड प्रदान किया। सांसद ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार परिषदीय विद्यालयों की दशा में काफी सुधार किया है। विशिष्ट अथिति भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले तहसीलों को ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों के बच्चे कांवेंट विद्यालय के बच्चों से कम नहीं हैं।

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने संभाली जनपद की कमान

**अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** नवागत कप्तान ने अम्बेडकरनगर की कमान संभाल ली है। महराजगंज से स्थानांतरित होकर



अम्बेडकरनगर की कमान संभालने वाले आईपीएस डॉक्टर कौत्सुक ने शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। हमारी कोशिश रहेगी कि जनता को थानों के चक्कर न लगाने पड़े। महिलाओं पर होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष कार्यवाही की जाएगी। पुलिस कप्तान ने साफ तौर पर अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए हैं,अपराध के पुराने मामलों का खुलासा करने के लिए टीमों को लगाया जाएगा। महिला अपराध पर अंकुश लगाने पर पुलिस काम करेगी। मालूम हो कि डॉक्टर कौत्सुक बिहार के रहने वाले हैं।

# भाजपाइयों ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू का पुतला फूंक, किया जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भ्रष्टाचार में संलिप्त झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू पूर्व कांग्रेस सरकार की शिथिलता को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सिद्धार्थनगर जिले में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। शनिवार की सुबह भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान की अगुवाई में जिले के भाजपा कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय पर इकट्ठा हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में कांग्रेसी नेतृत्व और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मुरादाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर भाजपाइयों ने भ्रष्ट कांग्रेसी सांसद का पुतला फूका और सोनिया गांधी राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही देश को लूटने का काम किया है जब तक केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तब तक पूरी तरह लूट मची हुई थी।



**▶▶ कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही देश को लूटने का काम किया : कन्हैया**

अब जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां पर भी लूट मची हुई है। जिसका ताजा उदाहरण अभी हाल ही में झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर पड़े छापे में अरबो रुपए मिलने से साबित होता है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट कांग्रेसी सरकार और कांग्रेसियों के विरुद्ध आज भाजपा के लोग सड़क पर उतरे हैं और उनका पुतला भी फूंका गया है। कांग्रेस पार्टी के सांसद धीरज साहू के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने पर भाजपा द्वारा पूरे देश में विरोध प्रदर्शन के किया जा रहा है। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा एक तरफ जहां कांग्रेस लूट, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और दलाली की गारंटी देती है, तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है की भाजपा देश से भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकलिप्त है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष गोविंद माधव, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर, लाल बाबा, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, जिलामंत्री अजय पंकज चौबे आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन



अवधनामा संवाददाता

**छावनी, बस्ती।** छावनी क्षेत्र के उर्मिला शिक्षा शान्ति निकेतन इण्टर कालेज रामरेखा अमोढा में शनिवार को स्काउट गाइड शिविर समापन के तीसरे दिन प्रबंधक तेज बहादुर सिंह व प्रधानाचार्य संजय सिंह ने ध्वजारोहण किया सभी बच्चों ने सलामी दिया आकस्मिक एंव विपरीत परिस्थितियों में टेंट बनाकर खुले आसमान के नीचे विना बर्तन के बाटी चोखा का भोजन बनाया विघालय के स्काउट वर्ग के छात्रो ने राजा जालिम सिंह नाम से टेंट बनाया तथा गाइड वर्ग की छात्राओ ने रानी तलाश कुँवरि नाम से टेंट बनाया जिसमें रहने ,पढ़ने ,भोजन कक्ष को सजावट के साथ सुन्दर बनाया विघालय के प्रबंधक तेज बहादुर सिंह ने बच्चो के द्वारा बनाये गये टेंट का निरीक्षण किया तथा कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक है स्काउट के असिस्टेन्ट लीडर ट्रेनर अमित कुमार शुक्ल ने कहा जब हम स्काउट गाइड के मूल उद्देश्यों को स्वीकार करे उसे अपने जीवन में उतराने की कोशिश करे स्काउट हमें सेवा और समर्पण की सीख देता है।

## कम्पोज़िट विद्यायल के शिक्षकों का हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आलापुर, अंबेडकरनगर में डायट प्राचार्य ब्रजेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में चल रहे गणित किट के प्रभावी प्रयोग हेतु कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रथम बैच का समापन प्रशिक्षण प्रभारी वीना चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी वीना चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणित हमारी दिनचर्या में सम्मिलित है इसलिए बच्चों में इसकी समझ आवश्यक है। विद्यार्थी गणित की संक्रियाओं को आसानी से समझ सके इस हेतु गणित का प्रशिक्षणअत्यंत आवश्यक एवं लाभकारी है। विभाग द्वारा प्रदत्त गणित किट का प्रयोग शिक्षक अवश्य करें। गणित किट का प्रयोग बच्चों को आकृति, संख्या गणना प्रबंधन, को सरल और रोचक ढंग से सीखने में मददगार तथा गणित विषय की रोचकता व बच्चों की समझ विकसित करने के लिए यह कारगर साबित होगी।

# ग्राम पंचायत धनधरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाया स्टाल

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र अंतर्गत बढ़नी ब्लाक के ग्राम पंचायत धंधरा में शनिवार 09 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्टाल लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा सहभागिता कर जानकारियां हासिल कर सुविधाओं की जानकारी ली गई।

स्वास्थ्य सेवाएं, केवाईसी, उज्ज्वला गैस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन, बाल विकास, आंगनवाड़ी,आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि योजनाओं का स्टाल लगाया गया। एल ई डी वैन से ग्रामीणों को भारत सरकार के द्वारा की गई सफल कार्यो को दिखाया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जिनका पीएम किसान निधि रुका हो वो केवाईसी कराएं। जिनको



नए पेंशन की आवश्यकता हो वो तुरंत बैठे हुए अधिकारियों से संपर्क करें। मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रश्म और उज्ज्वला गैस योजना के तहद कुछ ग्रामीणों को निःशुल्क गैस सिलेंडर सेट वितरण किया गया।

स्टालों पर बड़ी संख्या पर ग्रामीणों की उपस्थिति रही। साथ ही ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। संबंधित विभागों द्वारा सरकार के तरफ से दी जा रही योजनाओं के बारे में बतलाया ब्लाक के तरफ से खण्ड विकास अधिकारी धन्नजय सिंह, एडीओ शकील अहमद, सचिव अनुपम सिंह, ग्राम धनधरा के प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल रशीद, भाजपा सांसद प्रतिनिधी नर्वदेश्वर मणि, लेखपाल बबीता ठाकुर, अनिल अग्रहरि, राजू मौर्या, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद, अवधेश सिंह, जग नारायण, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, कृषि विभाग के टीम राम सेवक, एवं आंगनबड़ी, आशा, स्वास्थ्य विभाग के टीम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिनाश चौधरी, डॉक्टर तैय्यबा एवं अन्य ग्रामीण के लोग भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व टीम व पुलिस की निगरानी में चला बुल्डोजर

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** शुक्रवार की शाम क्षेत्र के भटगवा में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जेदारों द्वारों अवैध



कब्जा जमा रखा था जिसे तहसीलदार डुमरियागंज डा सन्तराज सिंह की अध्यक्षता मे जेसीबी चलाकर हटाया गया। ग्रामवासी अली हैदर, अमरूल्लाह, असगर अली द्वारा गड्ही की भूमि पर मिट्टी पाटकर, नीवडालकर शौचालय का निर्माण किया गया था व बबलू द्वारा आँगनवाड़ी केन्द्र व प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर शौचालय बनाकर अवैध कब्जा किया गया जिसे राजस्व टीम व पुलिस बल द्वारा ढ़हाया गया, अरमान व शबरैज हसनैन द्वारा सड़क पर निकाले गये छज्जे व व अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसीलदार द्वारा 3 दिन का समय दिया गया राजस्व टीम मे नायब तहसीलदार महबूब आलम,राजस्व निरीक्षक रामकुबेर यादव, मो0जकी, दानपल व लेखपाल दीपक संखवार, अंकुश चौधरी, देवेन्द्र कुमार राठौर उपस्थित रहे।

### मरहूम अख्तर हुसैन क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का आयोजन

**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** शमशाद अलेवन 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 90 रन बनाए जिसमें



मजहर में दो विकेट और 20 रन जोड़े और शमशाद के 40 महत्वपूर्ण रन थे। जिसका पीछा करते हुए कोडरा अलेवन 8 ओवर में ही मैच की समाप्ति की। इस दौरान फिरोज सिद्दीकी, नवनीत कुमार,छोटा इरफान अज्जू खान आदि मौजूद रहे।

## इस्लाम में औरत को बहुत अहमियत : मौलाना अतीक

**लखनऊ।** मौलाना अतीक अहमद बस्तवी ने कहा कि इस्लाम में औरत को बहुत अहमियत, इज्जत और हुकूक दिये गये हैं। यह हकीकत है कि मां की गोद की बच्चे की तरबियत और दर्सगाह है। घर के निजाम की जिम्मेदारी औरत पर ही है और इसकी मुकम्मल रहनुमाई इस्लामी शरीयत ने की है। अगर हम इन हिदायत पर अमल करने लगें तो घरों से बेसुकूनी खत्म हो जाएगी और घर जन्नत बन जाएंगे। मौलाना बस्तवी शनिवार को ऐशबाग ईदगाह स्थित दारुल उलूम फरंगी महल में तफ्हीम-ए-शरीयत कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए सम्बोधित कर रहे थे। कांफ्रेंस का आयोजन आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से किया गया था। कांफ्रेंस का आगाज कारी कमरुद्दीन ने तिलावते कलामे पाक से किया।

# मिशन शक्ति के चौथे चरण में महिलाओं को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के अंतर्गत दिनांक 9 दिसंबर को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अंबेडकर नगर में प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा के विभिन्न प्रावधानों के साथ-साथ घरेलू हिंसा ,साइबर अपराध, महिला हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी विजय लक्ष्मी यादव द्वारा छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्होंने छात्राओं को सशक्त और सुरक्षित बनने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 118 ,112 का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित प्रावधानों /धाराओं का हवाला देते हुए उनके अधिकारों से संबंधित जानकारी दी।

परामर्श सत्र के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सीता पांडेय एवं शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रभारी डॉश्सुनीता सिंह ने छात्राओं की समस्याओं के निवारण हेतु वार्ता की, जिसमें छात्राओं को उनकी शैक्षणिक और व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु परामर्श दिया गया। छात्राओं को आत्म सुरक्षा हेतु जागरूक करने के लिए गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संगीता और डॉ वेलेंटाइन प्रिया ने शारीरिक व्यायाम और मार्शल आर्ट हेतु प्रशिक्षित किया।

## शराब के ठेके के सामने खरीदारी कर रहे युवक दबंगों ने की पिटाई

**जलालपुर, अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** शराब ठेका के सामने मछली की दुकान पर खरीदारी कर रहे एक युवक को चार चक्का से पहुंचे चार दबंग युवकों ने लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दिया। इसी बीच आसपास खड़े कई खरीदार भी डंडे की चपेट में आने से मामूली रूप से जख्मी हो गए। कई युवकों द्वारा लाठी डंडा से मारपीट किए जाने से वहां अफरा तफरी मच गई। परिजन युवक को निजी अस्पताल ले जाकर पट्टी आदि करा कर पुलिस को तहरीर दिया ।पुलिस ने चार युवकों के विरुद्ध मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना बीते शाम को मालीपुर जलालपुर रोड स्थित सरकारी शराब की दुकान के सामने घटित हुई।बीते शुक्रवार शाम को मालीपुर चौराहा निवासी शिवम जयसवाल सरकारी शराब की दुकान के सामने एक मछली की दुकान पर खड़ा था। इसी बीच स्कॉर्पियो से पहुंचे मंसूरपुर ग्राम पंचायत के मजरे करीमपुर निवासी हैप्पी यादव उसके दो भाई और ताहापुर गांव निवासी विपिन कुमार लाठी डंडा लेकर शिवम की पिटाई शुरू कर दिया।

# जिले की मा.शि. व्यवस्था को बेहतर करने का होगा प्रयास : डीआईओएस



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान का उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद सिद्धार्थनगर की तरफ से शनिवार को माल्यार्पण और बुके देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी उपस्थित प्रधानाचार्यो को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर जिले की माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास करेंगे, जिले की भौगोलिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि से पूर्व परिचित होने के कारण मुझे इस जिले की शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी तथा जिले के समस्त प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सभी प्रकार की समस्याओं का अति शीघ्र मिलजुल कर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जनपदीय इकाई सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गोपेश्वर प्रसाद चौबे, जिला मंत्री बृजेश कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा, संरक्षण मंत्री मनोज कुमार मिश्र, जय राम यादव प्रधानाचार्य जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई, तारिक अहमद प्रधानाचार्य मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया, तेज बहादुर चौधरी प्रधानाचार्य शहीद ए आजम भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजहा, वीरेंद्र श्रीकृष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकारपार, अयोध्या प्रसाद मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल हल्लौर आदि मौजूद रहे।

# विधायक व सांसद प्रतिनिधि ने विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम में दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शनिवार को लोटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेतवर व करुवावल कला में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याधनी राही रहे उन्होंने ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहाँ कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाय कोई गरीब परिवार योजनाओं से वंचित न रहे। सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों

**▶▶ पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का उठायें लाभ : दिलीप सिंह**

को जानकारी दी। उन्होंने कहा की लोटन सोहास मार्ग काफी दिनों से खराब था कोई जनप्रतिनिधि नही ध्यान दिया लेकिन आप का सांसद नवार्ड विभाग स्वीकृति करा कर के बनाने का कार्य किये है ताकी आप का समय व पैसा दोनों बचे जब रोड़ सही रहेगा तफी यह सम्भव है इसी तरह केन्द्र सरकार से मांगा करके बड़ी लाइन बनाने का कार्य कर रहे है।और संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी का स्वपना है कि भारत 2047/ तक आत्मनिर्भर बने। इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान चलाया जा रहा है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कनीज़ बानो ननवासी खान बड़पुर, सराय मोहिद्दीनपुर, हमज़ापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश -223103, ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपने नाबालिग बेटे का नाम मोहम्मद हादी सैयद से बदलकर सैयद मोहम्मद हादी कर दिया है। अतः मेरे बेटे को सैयद मोहम्मद हादी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

### श्रीमदभगवदगीता तात्विक भाव का विमोचन

**लखनऊ।** डॉ. उदय प्रताप सिंह की लिखित पुस्तक श्रीमदभगवदगीता तात्विक भाव का विमोचन शनिवार को सहकारिता भवन सभागार में हुआ। समारोह की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे प्रो. ओमप्रकाश ने की।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय अपर जिला/सम न्यायाधीश, कक्ष सं.-1, देवरिया
राज्य S.T.No. 57/011
Vs/P/s 273 IPS & 60/63 EX. ACT
फूलचन्द/P/s गौरीगंज बाजार, जिला-देवरिया (उ.प्र.)
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
[धारा 82 देखिए]

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि फूलचन्द S/O भोगी आदिवासी तह.गुसी थाना- भण्डार, जिला- लातेहर (झारखण्ड) में, वर्णन और पता) ने भा0दं0सं0 की धारा 273 IPC 60/63 ACt दण्डनीय का अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के बारन्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त फूलचन्द (नाम) मिल नहीं रहा है और मुझे समाघाप्रद रुप से यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त फूलचन्द (नाम) फरार हो गया है। या उक्त वारण्ट की तालील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।

इसलिये इसके द्वारा उद्घोषणा कि जाती है कि साठ गुसी, थाना मण्डी जि. लातेहर (झारखण्ड) के उक्त फूलचन्द से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दीवानी न्यायालय देवरिया (उ.प्र.) (स्थान) तारीख 12.12.2023 को हाजिर हो।

**न्यायालय अपर जिला**

# पत्रकार को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध एवं सुविख्यात पत्रकार वसीम अहमद सिद्दीकी का प्रेस क्लब फैजाबाद, अयोध्या में लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारिता की भूमिका विषयक पर आयोजित सेमिनार में भारतीय जनसंचार संस्थान के पत्रकारिता के प्रोफेसर आनंद प्रधान, प्रसिद्ध लेखक मधुकर उपाध्याय, लेखक अरुण कुमार त्रिपाठी, शीतल पी. सिंह और प्रोफेसर रघुंशी मणि त्रिपाठी ने उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित होने पर संभ्रांत एवं प्रतिष्ठित लोगों ने बधाई दी है। मुहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर अंबेडकर नगर के शिक्षक मुहम्मद असलम खान ने बधाई देते हुए कहा कि कलम तलवार से ज्यादा ताकतवर होती है और ज़ालिम तोपों की गड़गड़ाहट से ज्यादा कलम की सरसराहट से डरता है,



क्योंकि अगर कलम हाथ में है तो एक निष्पक्ष पत्रकार अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभा सकता है। वह सभी अपराधों और बुराइयों को अपने शब्दों में प्रकट कर सकता है और समाज में व्याप्त बुराइयों को सद्गुणों से बदलने और लोगों को कल्याण की ओर ले जाने वाली नीतियां और सिद्धांत बनाने का साहस रखता है। यही उसकी ताकत है ।कलम से ही इंसान के अंदरूनी सुधार में उसकी अहम भूमिका है और सुधारकों की लेखनी से दिल की दुनिया बदलना आम बात रही है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष शरीफ मसूदी ने कहा कि जिले की पत्रकारिता में वसीम अहमद सिद्दीकी की अहम भूमिका रही है।क्योंकि एक सच्चे पत्रकार को अपनी आवाज के बजाय अपने शब्दों को बुलंद करना चाहिए, क्योंकि शब्दों की बारिश एक ऐसी बारिश है जो न सिर्फ गरजती है बल्कि फूल भी देती है।पत्रकार आनंद मोहन ने कहा कि शब्द कलम से निकलते हैं, आवाज जरूर बुलंद होती है कलम द्वारा काले कर्मो को उजागर किया जाता है जिनका परिणाम अच्छे कर्मो में मिलता है।

## नवविवाहित की मौत पर मायके वालों ने लगाया सुसराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** जिले के जलालपुर थाना कोतवाली अंतर्गत मित्तुपुर रोड निवासी संदीप अग्रहरि की शादी थाना महरूआ निवासी पंकज अग्रहरि की पुत्री अंकिता के साथ विगत 18 फरवरी को हुआ था।शुक्रवार को अंकिता के पेट में दर्द होने पर ससुराली जन उसे निजी चिकित्सालय मेयो में लेकर गए।मेयो के चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ले जाने की सलाह दी।एंबुलेंस पर लाद कर उसे लखनऊ ले गए जहां उसका देहावसान हो गया।मायके वालों को जैसे ही यह खबर मिली तो उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली जलालपुर में तहरीर दिया। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और शव को अंत्य परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम हाउस भेजा जा रहा है।

# कांग्रेस के भ्रष्टाचारी नीतियों के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शहर के शास्त्री चौराहे पर समूह के रूप में कांग्रेस की भ्रष्टाचारी, देश विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया। बीजेपी सांसद हरीश द्विवेदी एवं जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका और कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए। झारखंड में कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के 10 ठिकानों से करोड़ों रूपये की नकदी बरामद होने के बाद बीजेपी कांग्रेस हमलावर हो गई है। बीजेपी सांसद हरीश द्विवेदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, बीजेपी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत, कांग्रेस मुक्त भारत का संकल्प पहले ले रखा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस जब सत्ता में थी तब अखण्ड घोटाले भ्रष्टाचार में डूबी हुई थी। कांग्रेस के अधिकांश मंत्री तिहाड़ जेल में जा रहे थे। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के यहां इतना रुपया मिला की मशीन गर्म हो गई। सांसद ने कहा कि इस भ्रष्टाचार पर ना प्रियंका कुछ बोली ना सोनिया कुछ बोली ना राहुल कुछ बोल रहें हैं।

## ईवीएम और 'गौमूत्र' राजनीति

ये कुंठित और घिसे-पिटे आरोप हैं। चुनावी जनादेश के बाद मतदान की ईवीएम को कोसना विपक्ष की फितरत रही है। उसके आरोप रहे हैं कि ईवीएम में चिप का इस्तेमाल किया जाता है, लिहाजा उसे 'हैक' किया जा सकता है। ऐसी दलीलें दी जाती रही हैं मानो देश भर की ईवीएम में भाजपा घुस कर बैठी है और वह जनादेश को पलट देती है। यह हमारे लोकतंत्र और करोड़ों मतदाताओं का अपमान भी है। दिसंबर, 1998 में 'जनप्रतिनिधित्व कानून' में संशोधन किया गया था और बैलेट पेपर के स्थान पर ईवीएम के जरिए मतदान करने की व्यवस्था लागू की गई थी। उसके बाद 2004 का लोकसभा चुनाव सबसे महत्वपूर्ण था, जिसमें करीब 17.5 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 'भारत उदय' नारे के बावजूद भाजपा चुनाव हार गई और कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का गठबंधन बना-यूपीए। मई, 2014 तक उसने दो सत्ता-काल देखे। उस दौरान ईवीएम से ही मतदान कराए गए। कहीं विपक्ष जीता, तो कहीं भाजपा की सत्ता आई। आज भी देश के 18 राज्यों में भाजपा-एनडीए और 13 राज्यों में कांग्रेस, वाममोर्चा और साथी दलों की सरकारें हैं। हाल ही में तेलंगाना में कांग्रेस को जनादेश ईवीएम के जरिए ही प्राप्त हुआ है। राज्य के नए, कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी बने हैं। इसके पहले कर्नाटक और हिमाचल में कांग्रेस जीती थी और वहां उसकी सरकारें काम कर रही हैं। जिन राज्यों-मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान-में कांग्रेस अब पराजित हुई है, वहां 2018 में उसे ही, ईवीएम के जरिए, जनादेश हासिल हुए थे। अब कांग्रेस नेताओं के अलावा, सपा, बसपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस आदि विपक्षी दलों ने भी ईवीएम में 'भाजपा के भूत' होने की कुंठित दलीलें दी हैं। विरोध सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में ही बयान देकर जनादेश को 'उत्तर बनाम दक्षिण' करने की मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदी पट्टी के 'गौमूत्र' वाले राज्यों में ही चुनाव जीतती है। हालांकि इस कथन को लोकसभा की कार्यवाही के रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया है, लेकिन यह अपमान कौन सहेगा? द्रमुक के नेताओं ने ही 'सनातन' के समूल नाश की बात कही थी और उसकी तुलना एड्स और कोढ़ जैसी बीमारियों से की थी। क्या ऐसी गालियां देना राजनीति के लिए जरूरी है? द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का ही घटक-दल है। कांग्रेस के कई नेताओं ने द्रमुक सांसद के ऐसे बयान की भर्त्सना की है। माफी मांगने के आग्रह भी किए गए। अंततः सांसद को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन ऐसा भाजपा-विरोध देश की 'विविधता में एकता' संस्कृति का अपमान और उल्लंघन है। सवाल है कि क्या ऐसी विभाजक राजनीति के जरिए ही 2024 का आम चुनाव जीता जा सकता है? क्या यह विभाजनकारी मानसिकता ही विपक्ष का नया राजनीतिक एजेंडा है? क्या देश में गौ, गंगा, गायत्री, गीता का अपमान बर्दाश्त किया जा सकता है? लोकतंत्र में जनादेश ही अंतिम निर्णय है। वह जनता का निर्णायक रुख है। उसी के आधार पर देश में, राज्यों में, उत्तर-दक्षिण-पूर्व-पश्चिम में सत्ताएं तय होती रही हैं। जहां तक ईवीएम का प्रश्न है, तो उससे जुड़े विवाद सर्वोच्च अदालत तक जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने भी सर्वदलीय निमंत्रण दिया था और मशीन में गड़बड़ी निकालने की चुनौती दी थी। उसे विपक्ष ने स्वीकार क्यों नहीं किया? अब भी संशय में डूबा विपक्ष या उनका कोई भी प्रतिनिधि उचित मंच में ईवीएम को चुनौती दे सकता है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता कमलनाथ के बीच तो तीखी टिप्पणियों का आदान-प्रदान भी विधानसभा चुनाव के दौरान खूब चर्चा में रहा है। तीनों राज्यों में कांग्रेस बुरी तरह हारी जिसके बाद गठबंधन में शामिल ज्यादातर दलों ने उसे अहंकारी तक बता डाला। कांग्रेस थोड़ा बड़प्पन दिखाते हुए तीन राज्यों के चुनाव में छोटे विपक्षी दलों को भी साथ ले लेती तो भले ही भाजपा का विजय रथ रोकना संभव न हो पाता परंतु विपक्षी एकता में दरार नहीं पड़ती और हार का जिम्मा सामूहिक होता। लेकिन कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व छोटी सी बात नहीं भांप सका।

# इंडिया गठबंधन में हल्का हुआ कांग्रेस का वजन



आशीष वशिष्ठ

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे इंडिया गठबंधन के लिए बुरी खबर लेकर आए। खासकर हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद गठबंधन में मतभेद और मनभेद सार्वजनिक हो गए। एक भी विपक्षी दल ऐसा नहीं है जिसने तेलंगाना की जीत के लिए सोनिया, राहुल, प्रियंका या कांग्रेस को बधाई दी हो। लेकिन तीन अन्य राज्यों में उसकी हार का उपहास उड़ाने के साथ ही तीखी आलोचनात्मक टिप्पणियों की बाढ़ जिस तरह से आई है उसे देखते कांग्रेस इंडिया गठबंधन की लगाम अपने हाथ में रखने का जो कोशिश करने लगी थी उसे जरूर बड़ा धक्का लगा है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने को इंडिया गठबंधन का जन्मदाता माना जाता है किंतु उसके संयोजक सहित अन्य नीतिगत मुद्दों पर कांग्रेस ने जिस प्रकार से हावी होने की कोशिश की उससे बाकी पार्टियां चौकन्नी हो उठी थीं। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अलावा हिमाचल तथा कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद उसकी वजनदारी और हिस्सेदारी अचानक से बढ़ने लगी। और उसने इंडिया गठबंधन में शामिल दलों पर वर्चस्व की नीति पर काम करना शुरू कर दिया। इंडिया गठबंधन की हर बैठक में कांग्रेस ने अपना हाथ ऊपर दिखाने की पूरी कोशिश की।

कांग्रेस के इस रवैये से गठबंधन में शामिल अन्य दल सहज नहीं थी। घटक दल चाहते थे कि विधानसभा चुनाव से पूर्व सीटों के बंटवारे की बात तय हो जाए। लेकिन कांग्रेस अपनी चालाकी में रही और वो जानबूझकर इस मुद्दे का टालती रही। रही सही कसर विधानसभा चुनाव में गठबंधन के घटक दलों से सीट बंटवारे को लेकर हो गई। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता कमलनाथ के बीच तो तीखी टिप्पणियों का आदान-प्रदान भी विधानसभा चुनाव के दौरान खूब चर्चा में रहा है। तीनों राज्यों में कांग्रेस बुरी तरह हारी जिसके बाद गठबंधन में शामिल ज्यादातर दलों ने उसे अहंकारी तक बता डाला। कांग्रेस थोड़ा बड़प्पन दिखाते हुए तीन राज्यों के चुनाव में छोटे विपक्षी दलों को भी साथ ले लेती तो भले ही भाजपा का विजय रथ रोकना संभव न हो पाता परंतु विपक्षी एकता में दरार नहीं पड़ती और हार का जिम्मा सामूहिक होता। लेकिन कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व छोटी सी बात नहीं भांप सका। दूसरी तरफ पार्टी के प्रादेशिक नेता भी अपनी ऐंठ में रहे और ये कहते हुए गठबंधन से मुकर गए कि वह तो लोकसभा चुनाव के लिए है।

यही नहीं तो 6 दिसंबर को गठबंधन के सदस्यों की जो बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आमंत्रित की थी उसमें आने से भी विपक्ष के ज्यादातर दिग्गजों ने इंकार कर दिया। ममता बनर्जी ने काफ़ी तल्ख़ ज़ुबान में मीटिंग में शामिल होने से मना किया था। उसके बाद बैठक टालनी पड़ी जिससे कांग्रेस की जमकर किरकिरी हुई। बाद में पता चला कि राहुल गांधी को चूंकि 8 दिसंबर को विदेश यात्रा पर निकलना है इसलिए बैठक 6



तारीख को रख ली गई। अनेक नेताओं ने राहुल गांधी को विदेश यात्राओं पर भी सवाल दागे। अगली बैठक कब और कहां होगी ये निश्चित नहीं है। ऊपर से आए दिन आने वाले गैर जिम्मेदाराना बयान भी इस गठबंधन के भविष्य को संकट में डाल देते हैं। बीते दिनों लोकसभा में द्रमुक सांसद सेंथिल कुमारने उत्तर भारत को गौमूत्र राज्य कहकर उनका उपहास किया। जबरदस्त विरोध के बाद उन्होंने अपने बयान को वापस लेते हुए माफी भी मांगी। लेकिन उसके पीछे स्वेच्छा न होकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की समझाइश थी जो अपने बेटे के सनातन संबंधी बयान के कारण उत्तर भारत में घृणा का पात्र बने हुए हैं। ये विवाद ठंडा भी नहीं हुआ था कि तेलंगाना के नए नवेले मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने बीती 6 दिसंबर को निवर्तमान मुख्यमंत्री के.सी. राव को बिहार से जोड़ते हुए उन्हें कुर्मी बताकर टिप्पणी की कि तेलंगाना का डी.एन.ए बिहार से बेहतर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने रेड्डी की टिप्पणी को 'बेहद शर्मनाक, विभाजनकारी और अहंकारी' करार दिया और मांग की कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य सदस्य इसकी निंदा करें। उक्त बयान पर कांग्रेस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जाहिर है बिहार से तेलंगाना का डी.एन.ए बेहतर होने संबंधी बयान पर कांग्रेस और नीतीश के बीच नाराजगी और बढ़ सकती है।

सबसे खास बात ये है कि चुनाव नतीजे वाले दिन यानी 3 दिसंबर के बाद राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने मौन साध रखा है। सही बात तो ये है कि उनके पास बोलने के लिए कुछ है ही नहीं। भाजपा के हमलों को झेलना तो ठीक किंतु इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पर जो आक्रमण किए जा रहे हैं, उनका निशाना दरअसल राहुल ही हैं। घटक दल कांग्रेस को जिस प्रकार घेरने लगे हैं उससे ऐसा लगता है संयोजक पद और सीटों के बंटवारे को लेकर होने वाली बैठक में जबरदस्त खींचातानी होगी। वैसे भी सनातन और डी. एन.ए जैसे मुद्दों पर कांग्रेस की खामोशी उसके लिए मुसीबत का कारण बन गई है। हिन्दी पट्टी के तीन प्रमुख राज्य हार जाने के बाद उसके भाव और मनोबल वैसे भी गिरे हुए हैं। कांग्रेस इन बदले हालातों को लेकर बेहद चौकन्नी है क्योंकि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में संयोजक का नाम तय होने के साथ ही लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय किया जाना है। नीतीश कुमार पहले दिन से संयोजक बनने के लिए उतावले हैं। लेकिन शिवसेना नेता संजय राउत ने उद्धव ठाकरे का नाम उछालकर खींचातानी को बढ़ा दिया है। शरद पवार भी अपनी पार्टी में हुई टूट से उबर नहीं पा रहे। उधर ममता बैनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वामपंथी गठबंधन के लिए लोकसभा सीट छोड़ने के बारे में पहले से ही नकारात्मक रवैया दिखाती आई हैं। यही हालात केरल के हैं जहां वाममोर्चा और कांग्रेस एक दूसरे के विरुद्ध तलवारें भांजते रहते हैं। उत्तर भारतीय राज्यों में इंडिया गठबंधन के अनेक घटक दल मजबूत स्थिति में होने से कांग्रेस को उपकृत करने से हिचक रहे हैं।

मध्य प्रदेश में कमलनाथ और अखिलेश यादव के बीच चले शब्द बाणों के दौरान ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस से वैसा ही व्यवहार किए जाने की धमकी दे चुके हैं। पिछले महीने ही नीतीश कुमार ने कांग्रेस को गठबंधन को लेकर गंभीर न रहने का आरोप लगाया था। चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने इसे इंडिया गठबंधन नहीं बल्कि कांग्रेस की हार बताया। आरजेडी और जनता दल यूनाइटेड ने गठबंधन को लेकर कांग्रेस को बाक़ी दलों के साथ और बेहतर सहयोग और उचित जगह देने की सलाह भी दी है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भी सीट शेयरिंग में ज्यादा हिस्सा कांग्रेस और वामदलों को देने के मूड में नहीं है। वहीं कर्नाटक के बाद तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों का कांग्रेस के प्रति बदला रूख गठबंधन के कई दलों को रास नहीं आ रहा। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल और केरल में मुस्लिम वोट निर्णायक साबित होते हैं। वास्तव में इंडिया गठबंधन के दल अलग-अलग राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विचारधारा के दल हैं। ये दल एकमात्र उद्देश्य से एक हुए हैं कि 2024 में नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर करना है। लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उनका आत्मविश्वास डगमगाया है। चुनाव नतीजों के बाद इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस पर दबाव बनाने में जुट गए हैं।

## पसमांदा मुसलमान

रेशम फातिमा

भारत, एक विविध और बहुआयामी राष्ट्र, असंख्य समुदायों और पहचानों का घर है। इसकी मुस्लिम आबादी के बीच, पसमांदा मुसलमानों के नाम से जाना जाने वाला एक समूह मौजूद है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना किया है। उनके उत्थान के उद्देश्य से सरकारी पहल के बावजूद पसमांदा मुसलमानों के विकास में काफी बाधा आई है। पसमांदा एक उर्दू शब्द है जिसका अनुवाद 'उत्पीड़ित' या 'वंचित' होता है। पसमांदा मुसलमान मुख्य रूप से भारत में मुस्लिम समुदाय के निचले सामाजिक और आर्थिक स्तर से संबंधित हैं। जनसंख्या के इस वर्ग में विभिन्न जातियाँ और समूह शामिल हैं जिन्हें ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रखा गया है। जाति एक हिंदू रचना है और इस्लाम में जाति की अवधारणा नहीं होने के बावजूद , 2006 सच्चर कमेटी के अनुसार, भारतीय मुसलमानों को तीन जातियों में वर्गीकृत किया जा सकता है, (1) अशरफ - जो उत्कृष्ट वर्ग के सदस्य हैं, जो अप्रवासी मुसलमानों के वंशज होने का दावा करते हैं । (2) अजलाफ़ - जो पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्यों को संदर्भित करता है जो इस्लाम में परिवर्तित हो गए। (3) अरजल - जो उन दलितों को संदर्भित करता है जिन्होंने इस्लाम अपना लिया। सच्चर समिति की रिपोर्ट ने 2006 में ही इस बात पर प्रकाश डाला था कि सभी तीन समूहों के लिए सकारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए, भले ही अलग-अलग हद तक हो।

भारत सरकार ने अल्पसंख्यक समुदायों, मुसलमानों सहित के कल्याण और विकास के उद्देश्य से कई योजनाएं और पहल शुरू की हैं। इन पहलों में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। हालाँकि, इन प्रयासों के बावजूद, पसमांदा मुसलमानों को इन कार्यक्रमों के लाभों तक पहुँचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पसमांदा मुसलमानों के बीच विकास की कमी के पीछे प्राथमिक कारणों में से एक उनके हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक एकीकृत और मजबूत आवाज का अभाव है। भारत में मुस्लिम समुदाय एक अखंड नहीं है बल्कि अशरफ और पसमांदा सहित विभिन्न समूहों में विभाजित है। अशरफ़, जो ऊपरी तबके से हैं, ऐतिहासिक रूप से मुस्लिम समुदाय के भीतर विमर्श और नेतृत्व पर हावी रहे हैं, इससे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पसमांदा आवाज़ों का प्रतिनिधित्व कम हो गया है। शिक्षा सामाजिक और आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक है। अल्पसंख्यक समुदायों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बावजूद, पसमांदा मुसलमान अभी भी पिछड़े हुए हैं। यह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में पसमांदा उम्मीदवारों के कम प्रतिनिधित्व से स्पष्ट है। उदाहरण के लिए, एएमयू कोर्ट और ईसी द्वारा एएमयू कुलपति (वीसी) पद के लिए संभावित उम्मीदवारों के रूप में पसमांदा उम्मीदवारों का चयन न किया जाना इस असमानता का एक स्पष्ट उदाहरण है। पसमांदा मुस्लिम के बीच आर्थिक असमानता एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है। कई पसमांदा व्यक्ति खुद को कम वेतन वाली नौकरियों में पाते हैं, और समुदाय का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का अभाव व्यावसायिक प्रशिक्षण और नौकरी के अवसर उनकी आर्थिक कठिनाइयों को बढ़ा देते हैं। सामाजिक कलंक और भेदभाव भी पसमांदा मुसलमानों के पिछड़ेपन में योगदान करते हैं। उन्हें अक्सर व्यापक मुस्लिम समुदाय के भीतर भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो अवसरों और संसाधनों तक उनकी पहुंच को और भी सीमित कर देता है।

अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए बनाई गई सरकारी पहल के बावजूद, भारत में पसमांदा मुसलमानों का विकास एक चुनौती बना हुआ है। एक एकीकृत आवाज का अभाव और अशरफ समुदाय द्वारा अपने हितों की अनदेखी करना उनकी प्रगति में बाधक है। इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार, नागरिक समाज और स्वयं मुस्लिम समुदाय के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। समावेशिता को बढ़ावा देना, आर्थिक असमानताओं को संबोधित करना और सामाजिक कलंक को मिटाना पसमांदा मुसलमानों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने और समानता और सामाजिक न्याय की सच्ची भावना को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे राजाजी

1915 में गांधीजी दक्षिण अफ्रीका से लौटकर आए और देश के स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में जुट गए। 1919 में गांधीजी ने रोलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ किया। इसी समय राजगोपालाचारी गांधीजी के संपर्क में आए और उनके राष्ट्रीय आंदोलन के विचारों से बहुत प्रभावित हुए। राजागोपालाचारी को महात्मा गांधी ने अपना 'कॉनशंस कीपर' यानी विवेक जागृत रखने वाला कहा था। राजाजी के राजनीति में आने की वजह गांधी ही बने।




ललित गर्ग

भारतीय राजनीति का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, जो उस युग के नहीं, बल्कि किसी भी युग के महान् व्यक्तियों की गिनती में आते हैं। अपनी जिन्दगी में उन्होंने सत्य, राष्ट्रीयता एवं ज्ञान के प्रचार का काम किया, जिनसे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, दार्शनिक के साथ-साथ युग को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं। उनकी उपलब्धियों के वैराट्य को देखते हुए उनको दी गयी 'राजाजी' की उपाधि उचित है। उन्हें भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष कहा जाता है। वे प्रसिद्ध वकील, लेखक और दार्शनिक थे। वे पहले भारतीय गर्वनर जनरल थे। महान् स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, गांधीवादी राजनीतिज्ञ चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को आधुनिक भारत के इतिहास का 'चाणक्य' माना जाता है। सत्य को अपने आचरण में जीने वाले लोग सदियों से धरती पर न सही, लेकिन इतिहास में सदा अमर रहे हैं और राजगोपालाचारी उन्हीं में से एक थे।

चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर 1878 को तमिलनाडु के सेलम जिले के होसूर के पास धोरापल्ली नामक गांव में हुआ। वैष्णव ब्राह्मण परिवार में जन्मे चक्रवर्तीजी के पिता नलिन चक्रवर्ती थे, जो सेलम न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। राजगोपालाचारी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही स्कूल में हुई। इंटरमीडिएट परीक्षा बंगलौर के सेंट्रल कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने वकालत भी की। योग्यता और प्रतिभा के बल पर उनकी गणना सेलम के प्रमुख वकीलों में की जाने लगी। चक्रवर्ती पढ़ने-लिखने में तेज तो थे ही, देशभक्ति और समाजसेवा की भावना भी उनमें स्वाभाविक रूप से विद्यमान थी। वकालत के दिनों में वे स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित हुए और वकालत के साथ समाज सुधार के कार्यों में सक्रिय रूप से रुचि लेने लगे। उनकी समाजसेवा की भावना को देखते हुए जनता ने उन्हें सेलम की म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष चुन लिया। सेलम में पहली सहकारी बैंक की स्थापना का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। वे शब्दों के जादूगर और ज्ञान के भंडार थे तो उनका मजाकिया अंदाज भी खूब था।

बीसवीं शताब्दी के भारत के महान् सपूतों की सूची में कुछ नाम हैं जो अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं, उनमें राजाजी का नाम प्रथम पंक्ति में है, वे राजनीति में एक रोशनी बने और वह रोशनी अनेक मोड़ों पर नैतिकता का, राष्ट्रीयता का सन्देश देती है कि राजनीति में घाल-मेल से अलग रहकर भी जीवन जीया जा सकता है। निडरता से, शुद्धता से, स्वाभिमान से, स्वतंत्र सोच से। महान् दार्शनिक राजगोपालाचारीजी का जीवन उनके



आदर्शों एवं सिद्धान्तों का सजीव उदाहरण है। उन्होंने दार्शनिकता एवं आध्यात्मिकता को जैसे फलक से उतारकर धरती पर स्थापित किया था। उनकी चेतना में इतनी सृजन क्षमता थी कि वे आगे की पीढ़ियों तक अपनी धारा को चला सके। निश्चित ही वे एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे, उनकी बुद्धि चातुर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, और सरदार पटेल जैसे अनेक उच्चकोटि के कांग्रेसी नेता भी उनकी प्रशंसा करते नहीं अघाते थे। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे। कांग्रेस से अलग होने पर भी यह अनुभव नहीं किया गया कि वह उससे अलग हैं। वे गांधीवादी सिद्धान्तों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के शिखर पुरुष थे।

वर्ष 1915 में गांधीजी दक्षिण अफ्रीका से लौटकर आए और देश के स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में जुट गए। 1919 में गांधीजी ने रोलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ किया। इसी समय राजगोपालाचारी गांधीजी के संपर्क में आए और उनके राष्ट्रीय आंदोलन के विचारों से बहुत प्रभावित हुए। राजागोपालाचारी को महात्मा गांधी ने अपना 'कॉनशंस कीपर' यानी विवेक जागृत रखने वाला कहा था। राजाजी के राजनीति में आने की वजह गांधी ही बने। पहली ही मुलाकात में गांधीजी ने उन्हें मद्रास में सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व करने का आह्वान किया। इस दौरान वे जेल भी गए। जेल से छूटते ही वे अपनी वकालत और तमाम सुख-सुविधाओं को त्याग, पूर्ण रूप से स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित हो गए और खादी पहनने लगे। चक्रवर्ती देश की राजनीति और कांग्रेस में इतना ऊंचा कद प्राप्त कर चुके थे कि गांधीजी भी प्रत्येक कार्य में उनकी राय लेने लगे थे। गांधीजी जब जेल में होते तो उनके द्वारा संपादित पत्र यंग इंडिया का संपादन चक्रवर्ती ही करते थे। वे गांधीजी के समधी भी थे। राजाजी की पुत्री लक्ष्मी का विवाह गांधीजी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी से हुआ था।

राजगोपालाचारी आजादी से पहले एवं आजादी की बाद की सरकारों में अनेक सर्वोच्च पदों पर रहे। 1946 में देश की अंतरिम सरकार बनी। उन्हें केंद्र सरकार में उद्योग मंत्री बनाया गया। 1947 में देश के पूर्ण स्वतंत्र होने पर उन्हें बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया। 1950 में वे पुनः केंद्रीय मंत्रिमंडल में ले लिए गए। इसी वर्ष सरदार पटेल की मृत्यु के पश्चात वे केंद्रीय गृहमंत्री बनाए गए। कुछ वर्षों बाद कांग्रेस की नीतियों के विरोध में उन्होंने मुख्यमंत्री पद और कांग्रेस दोनों को ही छोड़ दिया और अपनी पृथक स्वतंत्र पार्टी की स्थापना की। सन् 1937 में हुए कौंसिलो के चुनावों में चक्रवर्ती के नेतृत्व में कांग्रेस ने मद्रास प्रांत में विजय प्राप्त की। उन्हें मद्रास का मुख्यमंत्री बनाया गया। 1939 में ब्रिटिश सरकार और कांग्रेस के बीच मतभेद के चलते कांग्रेस की सभी सरकारें भंग कर दी गयी थीं। चक्रवर्ती ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसी समय दूसरे विश्व युद्ध का आरम्भ हुआ, कांग्रेस और चक्रवर्ती के बीच पुनः ठन गयी। इस बार वह गांधीजी के भी विरोध में खड़े थे। गांधीजी का विचार था कि ब्रिटिश सरकार को इस युद्ध में मात्र नैतिक समर्थन दिया जाए, वहीं राजाजी का कहना था कि भारत को पूर्ण स्वतंत्रता देने की शर्त पर ब्रिटिश सरकार को हर प्रकार का सहयोग दिया जाए। यह मतभेद इतने बढ़ गये कि राजाजी ने कांग्रेस की कार्यकारिणी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद 1942 में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन प्रारम्भ हुआ, तब भी वह अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ गिरफ्तार होकर जेल नहीं गये। इस का अर्थ यह नहीं कि वह देश के स्वतंत्रता संग्राम या कांग्रेस से विमुख हो गये थे।

राजाजी हिन्दी के प्रबल समर्थक थे। एक समय हिंदी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा देने की पैरवी करने वाले राजाजी के विचार 60 के दशक में भले ही बदल गए। फिर भी तमिलभाषी राजगोपालाचारी हिंदी को प्रतिष्ठा दिलाने के लिए आजीवन संघर्षशील रहे। सबसे पहले गैर-हिंदीभाषी राज्यों में से एक तत्कालीन मद्रास प्रांत में हिंदी की शिक्षा अनिवार्य कराने का श्रेय उन्हें जाता है।

# संप्रभु फलस्तीन राष्ट्र बनने में बाधाएं एवं संभावनाएं

1949 में अरब इजरायल युद्ध खत्म हुआ और इस युद्ध में इजरायल ने फिलिस्तीन के 80 प्रतिशत भू भागपर कब्जा कर लिया। फलस्तीन की 80 फीसदी आबादी शरणार्थी के रूप मेंजॉर्डन,लेबनान और अरब देशों में संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोग से शरणार्थी कैपोमें बसाई गई। इसराइल पश्चिमी राष्ट्रों की सहायता से एक विशाल शस्त्रागारव सैनिक कैंपमें बदल गया। लेकिन कोई स्थाई संधि ना हो सकी ताकि आगे संघर्ष ना हो। 1967 ईस्वी में इजरायल ने पूर्वी यरुशलम और वेस्ट बैंक पर अधिकार जमा लिया।



सुनील यादव

लगभग दोमाह से जारी इजरायलहमासयुद्ध का अंत क्या होगा? इस प्रश्न का उत्तर इजरायल गाजा फलस्तीन समेत पूरा विश्व जाननेकी कोशिश कर रहा है। किसी भी संघर्ष का अंत संधि एवं समझौते से ही होता है। मध्य पूर्व में शांति और युद्ध का फैसला करनाअबअरबऔर इजरायल का काम नहीं रहा बल्कि अब यह महाशक्तियों का काम बन गया है। लेकिन समझौते की राह में ढेर सारी बाधाएंहैं जिसकी जड़ इतिहास में दबी पड़ी है क्या इसराइल और फिलिस्तीन कभी भी शांति से एक दूसरे के पड़ोसी के रूप में रह सकेंगे? क्या इसराइल फलस्तीन कोकभी एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के रूप में स्वीकार करेगा? इन सभी प्रश्नों के उत्तर जानने और समझने के लिए यहूदी एवं फलस्तीन इतिहास को भी थोड़ाजानना एवं समझना पड़ेगा। प्रथम विश्व युद्ध के बाद ऑटोमन साम्राज्य के पतन के बाद फलस्तीन ब्रिटेन के संरक्षण में आया। ऑटोमन साम्राज्य को बोलचाल की भाषा में तुर्की साम्राज्य भी कहा जाता है। ऑटोमन साम्राज्य 14वीं सदी से 20वीं सदी तक दक्षिण पूर्व यूरोप, पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका को नियंत्रित करता था। प्रथम विश्व युद्ध में ऑटोमन साम्राज्य ने जर्मनी का पक्ष लिया। युद्ध क्षेत्र संधियोंने आटोमनसाम्राज्य को भंग कर दिया। उससमय फलस्तीन में रहने वालों में यहूदी अल्पसंख्यक थे और अरब बहुसंख्यक थे। नाजी होलोक्लास्टसे त्रस्त होकर के द्वितीय विश्व युद्ध के बाद फलस्तीन में यहूदी आकर के बसने लगे। यहूदियों की संख्या फलस्तीन में बढ़ी तोअरबों से उनका टकराव प्रारंभ हो गया। भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित पश्चिम एशियाकायहभूभाग लगभग 4000 वर्षों का इतिहास समेटे हुए हैं जो इजील, हिब्रू क्रूसेडर, ममलुक, तुर्क, अरबव अंग्रेजों के अधीन 1948 ई तक रहा। 1948 ईस्वी में यह भूभाग संयुक्त राष्ट्र के महासभा द्वारा वोटिंग कराकर फलस्तीन और इसराइल राज्यों में बांट दिया गया और यहूदियों के लिए इसराइल नमक देश बना दिया गया फिर क्या था? पांचअरब देशों ने इसराइल पर हमला कर दिया। 1949 में अरब इजरायल युद्ध खत्म हुआ और इस युद्ध में इजरायल ने फिलिस्तीन के 80 प्रतिशत भू भागपर कब्जा कर लिया। फलस्तीन की 80त्न आबादी शरणार्थी के रूप मेंजॉर्डन,लेबनान और अरब देशों में संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोग से शरणार्थी कैपोमें बसाई गई। इसराइल पश्चिमी राष्ट्रों की सहायता से एक विशाल शस्त्रागारव सैनिक कैंपमें बदल गया। लेकिन कोई स्थाई संधि ना हो सकी ताकि आगे संघर्ष ना हो। 1967 ईस्वी में इजरायल ने पूर्वी यरुशलम और वेस्ट बैंक पर अधिकार जमा लिया। इजरायल जेरूसलम को अपनी राजधानी मानता है और फलस्तीनपूर्वी यरुशलम को अपनी राजधानी मानता है। वर्तमान परिस्थितिया इतनी पेचीदीहो गई है कि एक संप्रभ स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र बनने की राह में ढेर सारी



बढ़ाएं विद्यमान है।

पहली समस्या : 1967 ईस्वी में इजरायल ने जिन क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया क्या उन सभी क्षेत्रों को इजरायल फलस्तीनको वापस करेगा संभवत सभी क्षेत्रों को इसराइल वापस नहीं करेगा और बिना सभी क्षेत्रों की वापसी के फलस्तीनी नेता कोई समझौता करने के लिए तैयार नहीं होंगे। दूसरी समस्या द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अब तक इसराइल ने वेस्ट बैंक और पूर्वी जेरूसलम में कई इजरायली बस्तियां एवमबसावटें विकसित कर लिया है। इन लगभग 300 बस्तियों में 7 लाख से ऊपर इसराइलियों का निवास है! संयुक्त राष्ट्र संघ के कानून के अनुसार यह सभी इजरायली बस्तियां गैरकानूनीह्य हैं इन बसावटों के रहते हुए इसराइल तथा फलस्तीनकभीभी एक साथ संप्रभु राष्ट्र के रूप में नहीं रह सकेंगे। इसराइल जिस तरह से अपनी बस्तियां एवं बसावटों का विस्तार कर रहा है उससे तो नहीं लगता कि कभी उसे स्वतंत्र एवं संप्रभु फलस्तीन राष्ट्र स्वीकार होगा। फलस्तीन स्वयं को संप्रभू राष्ट्र घोषित करने के लिए इन इजरायल बस्तियों को उजाड़ने की कोशिश करेगा और इसके लिए इजरायल और हमास के नेतृत्व मेंपुनः संघर्ष शुरू होगा। तीसरी समस्या : इजरायली सरकार के कई नेताओं का इरादा है कि वेस्ट बैंक इजरायल के कब्जे में रहना चाहिए। इन परिस्थितियों में क्या कोई ऐसा फार्मूला निकल पाएगा जो इसराइल एवं हमास दोनों को मान्य हो। चौथी समस्या : जॉर्डन नदी की लंबाई केवल 150 मील है जो सीरिया,लेबनान, इसराइल एवं जॉर्डन देश से होकर बहती है इसके जल बंटवारे को लेकर अरब इजरायल में विवाद बना हुआ है। जॉर्डन नदी काजल इस क्षेत्र का जीवन है क्योंकि यहां की जलवायु आमतौर पर गर्म एवं शुष्क है।

इसके अतिरिक्त दोनों पक्षों के बीच हिंसक घटनाओं के कारण भी संधि समझौते दूर-दूर तक नजर नहीं आते। अभी हाल ही के 7 अक्टूबर के हमासद्वारा हमले में इजरायल के 1200 लोग मारे गए, असंख्य जख्मी हुए, 200 बंदी बना लिए गए। इजरायल के जवाबी हमले में गाजामें अब तक लगभग 15000 लोग मारे गए। ऐसी नाजुक स्थिति में एक संप्रभु फलस्तीन राष्ट्र को क्या इसराइल मान्यता देगा? यह एक यक्ष प्रश्न है। 1987 में हमास प्रकाश में आया और उसके बाद से फिलिस्तीन राष्ट्रीय आंदोलन दो भागों में बंट गया। विभाजन के कारण फतहके समर्थन वाला यासर अराफात का फलस्तानी लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन कमजोर पड़ गया और तब से हमास ने गांजा पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और वेस्ट बैंक पर राजनीतिक गुट फतह का अधिकार है। क्या एक संप्रभुफलस्तीन राष्ट्र बनाने में दोनों पक्ष हमास एवं फतह एक साथ कभी आ पाएंगे? अमेरिका और अरब देशों की भूमिकाएं भी संप्रभु फलस्तीन के मार्ग में बाधाएखड़ा करती हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने जेरूसलम को तब इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता दे दी किंतु तीनों धर्म के पवित्र स्थल जेरूसलम को पश्चिम में इसराइल तथा पूर्व में फिलीस्तीन के लिए ग्रीन लाइन द्वारा बांटा गया है। शुरू में अरब देशों ने इसराइल फलस्तीन के बीचस्थाई संधि तथा समाधान न होने तक इजरायल के साथ राजनीतिक संबंध न बनाने की घोषणा की थी। लेकिन हाल के वर्षों में मोरक्को, सऊदी अरब, बहरीन आदि देश इजराइल से राजनीतिक संबंध बनाने की दिशा में अग्रसरहैं। ऐसे में क्या येअरब देश संप्रभू फलस्तीन राष्ट्र की वकालत करेंगे? यह प्रश्न विचरण यह है। इसराइल को भी यह मानना चाहिए कि इसराइल पश्चिम एशिया की धरती का देश है। पश्चिमी साम्राज्यवाद का अंग बनकर पश्चिम एशिया में उसकी उपस्थिति सदैव अवांछनीय ही बनी रहेगी। फिलिस्तीनियों को बसाने के लिए, उन्हें पृथक संप्रभु राज्य का दर्जा दिलाने के लिए इसराइल को भी अपना दायित्व निभाना होगा। अन्यथा निर्वासित फलस्तीनी हमास बनाकर इसराइल को कभी चैन से बैठने नहीं देंगे। पारिस्थिति वशइसराइल अब एक सच्चाई बन गया है और अरब राष्ट्रों को अब इसे मजबूरी में नहीं बल्कि सहर्ष स्वीकार कर लेना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप



हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे।

## मंडावा

अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।



## बूंदी

राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

## शेखावाटी एरिया

आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

## रणकपुर

रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

## भरतपुर

राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का दे ना। चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

## खिमसर


दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

## कुंभलगढ़

ट च कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द ज़िले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

## भैंसरोड़गढ़

कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# ज्यादा नमक खाना सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक



नमक के बिना हमें किसी भी चीज का स्वाद नहीं मिलता है। इसलिए नमक के बिना खाने की कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन अगर खाने में नमक की मात्रा कम या ज्यादा होने पर खाने का स्वाद बिलकुल खराब हो जाता है। बहुत लोग ऐसे भी होते हैं, जो खाने में नमक ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नमक का ज्यादा सेवन आपके स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वहीं पैक्ड फूड्स में नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप भी ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ज्यादा नमक के सेवन से किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## ब्लोटिंग

अगर आप भी खाने में ज्यादा नमक खाते हैं, तो ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा नमक का सेवन करने से आपको ब्लोटिंग की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कई बार खाना खाने के बाद आप सामान्य से अधिक फूला हुआ महसूस करते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि खाने में नमक की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं। तो आपको नमक का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

## ज्यादा प्यास लगना

आपने भी देखा होगा कि नमक का ज्यादा सेवन करने से मुंह सूखने लगता है। जिसके कारण आपको बार-बार प्यास लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने पर पेट फूलने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप सोने से पहले ज्यादा मात्रा में सोडियम वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपकी नींद पर इसका असर पड़ सकता है। जब आप रात में ज्यादा नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो इससे आपको बेचैनी महसूस हो सकती है और नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में नमक का सेवन करना चाहिए।

## दिल की बीमारियों का खतरा

नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसलिए अगर आप भी अपने दिल को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको खाने में नमक की मात्रा सीमित रखना चाहिए। ज्यादातर लोग नमक का ज्यादा सेवन करते हैं। जिसके कारण उनको हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या होती है। WHO के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए नमक की मात्रा की जरूरत अलग-अलग हो सकती है। जोकि उनके शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करती हैं। लेकिन एक सामान्य व्यक्ति को 5 ग्राम नमक का सेवन करना चाहिए।


# तमाम कोशिशों के बाद भी सुबह उठने में होती है परेशानी

कहते हैं कि सफल लोगों की पहचान सुबह समय से उठना होती है। सुबह जल्दी उठने से हमारे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन सुबह के समय उठना तो सभी चाहते हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से ऐसा नहीं हो पाता है। तो वहीं कुछ लोग अलार्म लगाकर सोते हैं। लेकिन जब दूसरे दिन अलार्म बजता है, तो आलस के कारण हम नहीं उठ पाते हैं। वहीं अलार्म भी बजते-बजते बंद हो जाता है। बता दें कि सुबह न उठने का सबसे बड़ा कारण आलस होता है। जो हमको सुबह जल्दी उठने से रोक देता है। वहीं सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। हांलाकि सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हमारे घर के बड़े-बुजुर्ग खुद भी सुबह जल्दी उठते हैं और परिवार के अन्य लोगों को भी सुबह जल्दी उठने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सुबह जल्दी उठने की कोशिश करते हैं, लेकिन आलस के कारण नहीं उठ पाते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं। अगर आप भी सुबह जल्दी उठना चाहते हैं, तो रात में देर से खाना खाने से परहेज करें। क्योंकि कुछ लोग डिनर के बाद स्नैक्स आदि खाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यह आदत लगी है, तो आपको इसे छोड़ना होगा। क्योंकि सोने से कुछ देर पहले स्नैक्स खाने से, यह अच्छे से पचेगा नहीं। साथ ही हो सकता है कि आपके पेट में कुछ हलचल हो, जिससे कि आपको नींद नहीं आएगी। ऐसे में जब आप समय से सो नहीं पाएंगे, तो सुबह जल्दी उठ भी नहीं पाएंगे।

अगर आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको नींद आने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि अगर आप रात में लगातार फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि आप अपनी नींद का समय आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए सोने से करीब 2 घंटे पहले से फोन का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। इससे आपको अच्छे और बेहतर नींद आएगी।

साथ ही जब आप समय पर सोएंगे तो सुबह उठने में भी परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही सोने के दौरान फोन का इंटरनेट बंद करके सोना चाहिए। जिससे फोन पर आने वाले मैसेज आदि से आपकी नींद खराब न हो। आपको बता दें कि जब आप एक समय पर सोते हैं और एक ही समय पर जागते हैं, तो इस समय की बायलॉजिकल क्लॉक को आदत हो जाती है। ऐसे में यह रुटीन फॉलो न करने पर आपको उबासी आने लगती है और अगले दिन अपने समय पर आंख खुल जाती है। इसलिए प्रयास

# लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो सकता बॉडी पॉश्चर



बेहतर बॉडी पॉश्चर हमारी पर्सनैलिटी को इन्हेन्स करने का काम करता है। इसके साथ ही सह शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी, बैलेंस और स्ट्रेंथ को भी बनाए रखने में सहायक होता है। जब हमारा बॉडी पॉश्चर बेहतर होता है, तो मांसपेशियों में दर्द की समस्या काफी हद तक कम होती है। साथ ही हम पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होते हैं। बॉडी पॉश्चर यदि बेहतर होता है, तो यह मांसपेशियों में होने वाले तनाव को कम करता है। इससे आप इंजरी या अन्य तरह की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं।

बता दें कि गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। इससे कमर दर्द, पीठ दर्द या फिर गर्दन में दर्द होने की समस्याएं शुरू हो जाती है। ऐसे में आप एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। इनमें से कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैं, जिनको आप घर पर बैठे-बैठे भी कर सकते हैं।

## फॉर्वड फोल्ड

इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों की उंगलियों को छुएं और इस दौरान एड़ियों को थोड़ा अलग रखें। फिर कूल्हे तक अपने हाथों को लाएं और कूल्हों को आगे की ओर मोड़ें। अब हाथों को फर्श पर रखें या फिर उनको ब्लॉक कर रखें। इस दौरान अगर हाथ फर्श पर टच नहीं हो रहे हैं, तो हाथ सिर्फ उतना ही आगे बढ़ाएं जितना आप आसानी से बढ़ा सकते हैं। घुटनों को थोड़ा सा मोड़कर कूल्हों के जोड़ों को नरम करें और रीढ़ को लंबा करें। इसके बाद ठोड़ी को छाती से छूने का प्रयास करें, वहीं सिर को जमीन पर हैंग होने दें। इस पोजिशन में एक मिनट रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

## चेस्ट ओपनर

इस एक्सरसाइज को करने के लिए हिप-विड्थ के अलावा अपने पैरों के साथ खड़े हो जाएं। आप चाहें तो इसको चेयर पर बैठकर भी कर सकती हैं। अब छाती के सामने दोनों हाथों को लाते हुए स्ट्रेच करें। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को फैलाएं। इस पोजिशन को 5 ब्रीद तक करते हुए गहरी सांस लें। इस प्रक्रिया को 10 बार करें और फिर कुछ समय में लिए रिलैक्स भी करें।

## डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग

इस एक्सरसाइज के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को दबाएं। वहीं पैर की उंगलियों के नीचे टक करते हुए एड़ी को ऊपर उठाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान कंधे और हाथ को एक सीध में रखना है। वहीं आपके पैर हिप्स की सीध में रहेंगे। अब अपने हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने का प्रयास करें। इस स्थिति में 1 मिनट के लिए होल्ड करें। सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़ें। अब पैर को ऊपर की तरफ खींचें। फिर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिनी कलाई पीछे रखें, जिससे बाएं पैर से दाहिना पैर आगे निकल जाए। अब बाएं पैर को पीछे ले जाते हुए घुटने को सीधा करें और जांघ को फर्श पर टिकाएं। इस दौरान आपका बायां पैर सीधा पीछे की तरफ फैला हो, इस पोजीशन को 1 मिनट तक होल्ड रहें।

## ग्लूट एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए घुटनों के बल झुकें और कूल्हे-डिस्टेंस के अलावा पैरों को भी अलग रखें। बता दों पैरों को कूल्हों से करीब 1 फुट की दूरी पर रखें। अब हथेलियों को नीचे रखते हुए शरीर के साथ हाथों को भी आराम दें। फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को कूल्हों के पास लाएं। अब 10 सेकेंड के लिए इस स्थिति को होल्ड करें और अपने कूल्हों से दूर ले जाएं। इस एक्सरसाइज को रोजाना कुछ देर के लिए जरूर करना चाहिए।

# सर्दियों में अदरक के हैं जबरदस्त फायदे, जानेंगे तो आप भी करने लगेंगे सेवन



सर्दियों में सर्दी-जुकाम के अलावा भी कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिसकी चपेट में हम तुरंत आ जाते हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम पौष्टिक आहार का सेवन करते हैं और खुद को सर्दी से बचाने के लिए मोटे कपड़े भी पहनते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें करके आप सर्दियों में अपने शरीर को फायदा पहुंचा सकता है। जैसे- एक है अदरक का सेवन। दरअसल, अदरक में सोडियम, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, विटामिन बी, सी, फोलेट, जिंक और मैग्नीशियम, जैसे गुण पाए जाते हैं। ऐसे में सर्दियों में अदरक के सेवन से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ये किस बीमारी में राहत देने का काम करता है।

अगर आप सर्दियों के मौसम में अदरक का सेवन करते हैं, तो आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे होता ये है कि जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तो शरीर कई बीमारियों से लड़कर आपको बीमार पड़ने से बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए अदरक का सेवन इसमें मदद कर सकता है। सर्दियों में अदरक का एक फायदा ये भी है कि इसके सेवन से सर्दी-खांसी में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप अदरक वाला काढ़ा पी सकते हैं या अदरक वाली चाय का सेवन कर सकते हैं। अगर आप चाय में अदरक का एक टुकड़ा डालकर चाय बनाते हैं और इसका सेवन खाना खाने के एक घंटे बाद करते हैं, तो इससे आपको फैटी लिवर की समस्या से निजात मिलने में मदद मिल सकती है।

आमतौर पर देखने में आता है कि लोग गैस, अपच और कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में अगर आप अदरक का सेवन करते हैं, तो आप इन दिक्कतों से छुटकारा पा सकते हैं।

# ब्रेकअप के बाद जिंदगी में छा गई है उदासी बुरे दौर में खुद को दें सहारा



रिश्ता टूटने का दौर बुरा होता है। इस दौरान उदास, दुखी और खुद को खोया हुआ महसूस करना स्वाभाविक है। रिश्ता चाहे अच्छे मोड़ पर खत्म हुआ हो या फिर बुरे पर पल भर में इससे उबरना मुश्किल होता है। रिश्ते में रहने के दौरान आपका पार्टनर आपके डेली रूटीन का हिस्सा बन जाता है। ब्रेकअप के बाद इस रूटीन को बदलने में समय लगता है। इस दौरान आप पार्टनर की कमी महसूस करते हैं और ये खालीपन आपको उदास कर देता है। रिश्ते के टूट जाने को स्वीकार करना जरुरी है तभी आप आगे बढ़ सकते हैं। थेरेपिस्ट जॉर्डन ग्रीन कहते हैं कि ब्रेकअप सिर्फ एक अंत नहीं है, वे एक नई शुरुआत हैं। वे आपको उस सारे प्यार और ऊर्जा को पुनर्निर्देशित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं जो आप दूसरे व्यक्ति में डाल रहे थे, सभी के सबसे महत्वपूर्ण रिश्ते में वापस, वह रिश्ता जो आपके साथ है। अगर आपके लिए भी ब्रेकअप से उबरना मुश्किल हो रहा है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम कुछ ऐसी टिप्स लेकर आए हैं, जो इस बुरे दौर में खुद को सहारा देने के आपके काम आएगी।

## दुख को बाहर निकलने दें

ब्रेकअप के बाद खुद को संभालना मुश्किल होता है। इस दौरान एक साथ कई तरह की भावनाएं आप पर हावी हो जाती है। इन भावनाओं को बाहर निकलने दें। रोने का मन कर रहा है तो खुद को रोकने की कोशिश न करें। खुद को हर तरह के दुख और दर्द को महसूस करने दें ताकि बाद में ये आपको कमजोर न कर सकें।

## परिवार/दोस्तों की मदद लें

ब्रेकअप के बाद खुद को अकेले नहीं संभाल पा रहे हैं तो अपने करीबी लोगों की मदद लेने से पीछे न हटें। परिवार या दोस्त जिससे भी बात कर के आपके दिल को शांति मिलती है, उन सभी से बात करें। दोस्तों और परिवार वालों से बात करना आपके लिए एक थेरेपी की तरह काम करेगा और आपको ब्रेकअप के बुरे दौर से निकलने में आसानी होगी।

## खुद पर ध्यान दें

ब्रेकअप के बाद आपका सारा समय आपका है। इसलिए इस समय को सिर्फ और सिर्फ खुद पर खर्च करें। आपको जो चीजें पसंद है वो करने पर ध्यान दें। बाहर जाएं, मूवी देखें, पार्क में घूमें, जो आपके दिल को खुशी दे वो काम करें। ये सब चीजें ब्रेकअप के दुख को कम करेंगी और आपको आगे बढ़ने का हौसला देगी।

# पार्टनर की ये चार बातें प्यार का रिश्ता कर सकती है खराब

रिश्ता कोई भी हो, उसमें विश्वास की जरूरत होती ही है क्योंकि अगर दोनों लोग एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करेंगे, तो फिर रिश्ता टूट भी सकता है। बात अगर प्यार के रिश्ते की



करें, तो इसमें एक पार्टनर दूसरे से यही उम्मीद रखता है कि वो उनके बारे में सोचे, उनका ध्यान रखे, उन्हें प्यार करे, उनकी बातें सुने आदि। पर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि कौन सा रिश्ता बेहतर चलेगा और कौन सा रिश्ता कुछ पलों में ही टूट जाएगा। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपके प्यार का रिश्ता लंबा चले, तो इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ बातों का ध्यान रखें। वरना पार्टनर की कुछ आदतें आपका रिश्ता खराब कर सकती है।

## मोबाइल चेक करना

अगर आपका पार्टनर आपका मोबाइल चोरी-छुपे चेक करता है, तो सावधान हो जाए क्योंकि ये एक गलत आदत है और हो सकता है उसे आप पर शक है। साथ ही पार्टनर अगर अपना मोबाइल आपको नहीं देखने देता है, तो ये आदत भी रिश्ते के लिए खराब हो सकती है।

## दोस्तों को लेकर गलत सोचना

हर किसी के कोई न कोई दोस्त होते हैं। ऐसे में लोग अपने इन दोस्तों संग समय बिताते हैं, उनके साथ घूमने जाते हैं, पार्टी करते हैं आदि। ऐसे में अगर आपका पार्टनर आपको दोस्तों से मिलने से मना करता है या उन्हें छोड़ने को कहता है, तो ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है।

## पैसे वापस न करना

जाहिर है कि एक पार्टनर दूसरे पार्टनर की पैसों की भी मदद करता ही है, लेकिन अगर आपका पार्टनर आपसे रोजाना पैसे मांगता है और फिर वापस भी नहीं करता है। तो ऐसे में आपको सोचने की जरूरत है, क्योंकि हो सकता है कि आपका पार्टनर आपके साथ सिर्फ पैसों के लिए हो।

## शक करना

कई लोग ऐसे भी होते हैं जिनकी बेवजह शक करने की आदत होती है। इससे आपके रिश्ते में खटास आ जाती है। इसलिए ध्यान रहे कि अगर आपका पार्टनर हर एक छोटी बात को लेकर आप पर शक करता है, तो सावधान हो जाए। इस आदत से आपका रिश्ता टूट सकता है।

# अवध इंटरनेशनल अकादमी में आयोजित हुआ मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** अवध इंटरनेशनल एकेडमी में वार्षिक मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन हमेशा की तरह बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें वर्ग एवं विभाग अनुसार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी एवं डिस्ट्रिक कार्डिनेटर ओशन डॉ पीयूष दीक्षित सहित एस आई कपिल चौधरी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति दुल्हानी व स्कूल व्यवस्थापक अवधेश दुबे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया गया। तत्पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिसर मे उपस्थित अतिथियों एंव सैकड़ो अभिवावकों ने बच्चों के कला कौशल की जोरदार तालियां बजाकर प्रशंसा की। स्कूल में आयोजित वार्षिक अवार्ड सेरेमनी के समारोह में स्कूल के टॉपर छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के भव्य मंच पर बच्चों ने देशभक्ति सहित भारत देश की एकता में अनेकता जैसे एक से बढ़कर एक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी



अभिभावको को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने मंच से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, ऐसे सम्मान समारोह से समाज में एक सकारात्मक बड़ा बदलाव भी आता है इससे सभी बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते है, उन्होंने कहा कि, अच्छी शिक्षा का कोई भी शॉर्ट कट कभी नही हो सकता बल्कि अपनी कड़ी मेहनत से ही हम किसी भी क्षेत्र मे निपुणता प्राप्त कर सकते है बस हमे अपने लक्ष्य को कभी भी भूलना नही चाहिए। उन्होंने बच्चों को आगे की शिक्षा तथा लक्ष्य प्राप्ति के कई महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि, केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस की पढ़ाई करना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि समाज में रहकर एक अच्छा संस्कारित इंसान बनना भी बेहद ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि, आपकी कड़ी मेहनत और आपका आत्मविश्वास ही आपकी सफलता का मूल भी मंत्र होता है।

उन्होंने छात्र छात्राओं एवम समस्त विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि, पिछले 10 वर्षो के अथक प्रयास से ही अवध इंटरनेशनल अकादमी ने इस क्षेत्र मे अपना नाम गौरवान्वित किया उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफलता की बधाई दी। प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति दुल्हानी ने कहा कि विद्या वह अमूल्य धन है जिसे कोई कभी भी चोरी नहीं कर सकता और आपका ज्ञान ही आपका जीवन बदलने की ताकत भी रखता है। उन्होंने मंच से सभी बच्चों का आहवान किया कि, वे पढाई में हमेशा ध्यान दें और भविष्य में अपने परिवार का खूब नाम अवश्य रोशन करें। समारोह में पुरस्कार पाने वाले सभी छात्र छात्राओं ने कहा कि, आज विद्यालय में मंच से सम्मानित होने पर वे सभी बहुत ही प्रसन्न है उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और स्कूल प्रबंधन को दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# थाना समाधान दिवस पर एस एस पी ने जनता की सुनी समस्याएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना सिविल लाइन पर पहुंचकर थाना पर आये आम लोगों की समस्याओं को सुना गया जिसमें उन्होंने लोगों से शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर एवं समस्या के बारे में जानकारी कर सम्बंधित को घटना स्थल पर जाकर समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधि./कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# गरीबों और असहायों को प्रेस क्लब इटावा ने बांटे कंबल

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** गरीबों और असहायों की मदद से बढ़कर पुण्य का कोई दूसरा काम नहीं है। समाजसेवा के लिए जो लोग हाथ आगे बढ़ा रहे हैं वे वास्तव में वंदनीय हैं। ऐसे कार्यो से समाज के संपंन वर्ग के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी और सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन का नेचर के महासचिव डॉ.राजीव चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त रूप से गरीबों और असहायों को कंबल बांटे। प्रेस क्लब भवन पक्का तालाब में शनिवार को गरीबों को निशुल्क कंबल वितरित करते हुए मुख्य अतिथि पर्यावरण विद डा.राजीव चौहान ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब ने काफी सराहनीय पहल की है। आज जहां पत्रकार समाज में हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ कलम से वार करते हैं वहीं गरीबों की मदद करने में भी पीछे हैं। उन्होंने प्रेस क्लब की सराहना की। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी ने कहा कि सामाजिक कार्यों में विहिप की हमेशा भागीदारी रही है। वे सामाजिक कार्यो में हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़कर हम लोगों की अधिक सहायता कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में आए सभी लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए। इस मौके पर महामंत्री विशुन कुमार चौधरी, महेंद्र सिंह चौहान, वीरेश मिश्रा, महाराज सिंह भदौरिया, राजेंद्र सिंह भदौरिया मुन्ना, संजय सक्सैना, अमित तिवारी, नीलकमल, रजत कुमार, कुलदीप सिंह, उवैस चौधरी, एडवोकेट डॉ विशेष पटेल आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## शाही मस्जिद ईदगाह और जन्मभूमि की सुरक्षा बजरंगबली के हाथ

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 42 अधिकारियों का स्थानांतरण किया हैं जिसमें मथुरा से एसपी सिटी और एसपी सुरक्षा को ट्रांसफर करते हुए नए अधिकारियों को कमान सौंप गई है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के तीन दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं जिसमें जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक नगर मार्तंड प्रकाश सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरदोई के पद पर तैनाती दी गई है उनके स्थान पर अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज के पद पर तैनात डॉक्टर अरविंद कुमार को पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा के पद पर तैनात किया गया है।

# इटावा महोत्सव का भव्य व दिव्य शुभारम्भ आज, तैयारी पूरी

■ कोंकण कलेक्टिव बैंड की होंगी शानदार प्रस्तुति, झूमेंगे लोग

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा महोत्सव का भव्य एवं दिव्य शुभारंभ आज शाम 4 से परंपरागत वैदिक पूजन के साथ होगा। कार्यक्रम में कोकण कलेक्टिव बैंड की शानदार प्रस्तुति होगी। अपने अनोखे ढंग के गायन के लिए प्रसिद्ध यह बैंड ने देश के साथ ही विदेशों में भी कई मशहूर मंचों पर अपनी प्रस्तुति दी है। बैंड में रसिका बोरकर, निकिता घाटे, आरती सत्यपाल, साक्षी मराठी व कृतिका बोरकर अपनी प्रस्तुति देंगी। रहना है तेरे दिल में जैसी फिल्म में अपने गीत संगीत के लिए पहचान बनाने वाली इन महिला कलाकारों की मंच पर प्रस्तुति के साथ ही स्थानीय



कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इनमें स्वागत गीत, सरस्वती वंदना के अलावा महोत्सव कविता का पाठ भी किया जाएगा। शनिवार को उद्घाटन समारोह की विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। महोत्सव पंडाल में मंच की साज सज्जा को लेकर दिन भर कलाकार जुटे रहे। इसके अलावा प्रदर्शनी परिसर में भी साफ सफाई के साथ ही उसे साफ सुथरा रखने के लिए डस्टबिन व झंडे आदि लगाये साथ ही बिजली की सजावट का भी ट्रायल किया गया। प्रदर्शनी में सेल्फी प्वाइंट को भी अंतिम रूप दिया गया। इटावा महोत्सव अपने 113 वर्ष में प्रवेश कर चुका है ऐसे में इटावा व उसके आसपास के जिलों में लोग प्रदर्शनी का वर्षभर इंतजार करते हैं। एक माह तक चलने वाले मेले के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रहता है। इस बार भी महोत्सव मंच पर देश के नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे इसके अलावा बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सभी के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। प्रदर्शनी समिति के जनरल सेक्रेटरी एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव ने बताया कि शाम 4 बजे परंपरागत उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डीएम अवनीश राय होंगे, इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों में एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह समेत सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि माउंट लिटरा ज़ी स्कूल के संयोजन में देर शाम महोत्सव मंच पर कोकण कलेक्टिव बैंड की प्रस्तुति के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# सीएमओ कार्यालय से निकाली गई जागरुकता रैली

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को सफल बनाने और आमजन को जागरुक करने के लिए शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सिविल लाइंस क्षेत्र में पोलियो जागरुकता रैली निकाली गई। नगर निगम के पार्षद राजवीर सिंह चैधरी ने रैली को हरी झंडी दिखाई । रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रारम्भ होकर तहसील कलेक्ट्रेट , पुलिस लाइन एवं राजीव भवन के मार्ग पर निकाली गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि छह दिन तक चलने वाले पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में पहले दिन बूथ पर और अन्य पांच दिन घर.घर जाकर बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि पोलियो की दवा पाँच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिये आवश्यक है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. रोहितास सिंह ने बताया कि जिले भर में पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में लगभग 4,90,718 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जनपद में अभियान के पहले दिन 1353 बूथों पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान के आखिरी पांच दिन घर.घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। रैली के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल डा अशोक कुमार चौधरी, डी.एम.सी. एस.एम. नेट यूनीसेफ, भुवनेश्वर शर्मा यू.एन.डी.पी. राजेश कुमार आर.आई.डी.ई.ओ. ए.एन.एम. की छात्राऐं , आशा एवं आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

## वर्चुअल माध्यम से लोगों ने मोदी के विचार सुने

**मथुरा।** महापौर विनोद अग्रवाल नगर निगम मथुरा वृंदावन ने नगर निगम के माध्यम से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को वर्चुअल माध्यम से गोवर्धन चौराहे के समीप वार्ड 16 बाकलपुर में सुना गया। इस अवसर पर डबल इंजन सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को अंत्योदय के सपने को साकार करने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना की चाभी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि केंद्र में मोदी सरकार ने 9 वर्ष में गरीबों को उनके सपने साकार करने के लिए बहुत सारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वन कराया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से जहां एक गरीब का अपना घर बनाने का सपना पूरा हुआ है वहीं प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना से व्यापार करने में सहायता मिली है।

# के आर कालेज में मोटे अनाज की उपयोगिता सेमिनार आयोजीत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा में मोटे अनाज की उपयोगिता विषय पर सेमिनार का आयोजन 11 यू. पी. वाहिनी के कमानाधिकारी कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन मे हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कैडेटों को बताया कि अनाज को दो भागों में बाटा जाता है जिनमे से एक गेहूं, चावल और दूसरे मोटे अनाज जैसे ज्वार,बाजरा, जई , रागी इस तरह के अनाज आते है। उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पोषक तत्वों के साथ साथ फाइबर की भी आवश्यकता होती है जोकि मोटे अनाज में भरपूर मात्रा मे पाया जाता है। प्रो (डॉ) राजेश अग्रवाल ने भी उपस्थित कैडेट्स और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य अनाजों के मुकाबले मोटा अनाज पोषण से भरपूर होता है। सेमिनार का संचालन करते हुए लेफ्टीनेंट ( डॉ) कपिल कौशिक ने मोटे अनाज की महत्ता बताई उन्होंने बताया देश में हो रही खाद्यान्न की कमी को मोटे अनाज की पैदावार करके कम किया जा सकता है। डॉ. रामदत्त मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। सेमिनार में लगभग 80 कैडेटों ने प्रतिभागिता की। लगभग 20 कैडेटों ने अपने विचार इस सेमिनार के माध्यम से व्यक्त किया। जिनमे से कैडेट प्रयांश शर्मा ने व्याख्या करते हुए कहा कि मोटे अनाज में कई पोशक तत्त्व पाए जाते है। कैडेट गुंजन ने बताया कि मोटे अनाज को श्री अन्न के नाम से भी जाना जाता है। इस सेमिनार डॉ राजेश गौतम, डॉ उमेश शर्मा, प्रो. (डॉ) विनोद कुमार खंडेलवाल, डॉ राजेश सारस्वत, एन.एस.एस प्रभारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार उपाध्याय, डॉ. विजय नारायण उपस्थित रहे। अंडर ऑफिसर सौरभ कुमार, अंडर ऑफिसर भावना, संतोष कुमार शर्मा, दिव्यांश वार्ष्णेय, शिवम दुबे, पवन वसिष्ठ, प्रशांत चौहान आदि कैडेटों का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपाईयों ने फूंका सांसद धीरज साहू का पुतला

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के परिसर में 200 करोड़ रुपए नगदी प्राप्त हुए विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा होली गेट चौराहे पर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू परिसर में 200 करोड़ रुपए से अधिक सांसद के परिसर में नगदी प्राप्त हुई है। इतनी बड़ी नकदी बरामद होना चिंतनीय और गंभीर विषय है और वो भी तब जब जब वो भारतीय संसंद के सदस्य हों। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने कहा धीरज साहू ये आर्थिक अपराध की वो श्रेणी है। जिससे राष्ट्र के विकास में अपूर्णीय क्षति होती है, और एक चयनित या मनोनीत जनप्रतिनिधि यदि इस प्रकार का आर्थिक अपराध करता है तो वह राष्ट्र की जनता के साथ राष्ट्र के संप्रभुता का भी अपराधी है और यह अपराध अक्षम्य है और इस के लिए वह राजनैतिक दल भी दोषी है। जिन्होंने ऐसे देश द्रोही अपराधियों को अपने दल से चयनित कर संसद का सदस्य मनोनीत किया है। ऐसे में उस राजनीतिक दल को भी इस अपराध में शामिल माना जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, मदन मोहन श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, विजय शर्मा , श्याम शर्मा , सत्यपाल चौधरी, आकाश चौधरी, महिपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, देवेश पाठक, पीयूष धनगर, निहाल सिंह आर्य, तरुण सैनी , पंकज चतुर्वेदी, मनीषा पाराशर, संस्कार ठाकुर , संदीप माथुर आदि मौजूद थे।

# दूषित खाद्य पदार्थों को बेचने वाले दो होटलों पर कार्यवाही कब!

**अवधनामा संवाददाता**

■ जिलाधिकारी के आदेशों के बावजूद खाद्य विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही

**मथुरा।** जनपद के कस्बा गोवर्धन पर्वत स्थित गिरी गोवर्धन धाम में प्रति दिन बहुतायत में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है और वहीं सौंख अड्डा स्थित दो होटल एक कमंडल दल के तथाकथित नेता के संरक्षण में मिलावटी मावा पनीर इत्यादि सामग्री से लेकर दूषित और जहरीली खाद्य पदार्थो को बेचने में लेकर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को ठग रहे हैं अपितु सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। विदित हो कि विगत दिन जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक सभा में सामूहिक रूप से खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी पर जिलाधिकारी ने सख्त तेवर दिखाये थे डीएम द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए अभियान चला कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में स्पष्ट रूप से खाद्य सुरक्षा, खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक ली। अभियान चलाकर खाद्य पदार्थो के नमूने लिए जाएं और जांच कराने के आदेश दिये गये थे ।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों सहित सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य तेलों, मसालों, दूध , पनीर, घी, मिठाई आदि के नमूने अभियान चलाकर लिए जाएं। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले अधिकारियों को चेतावनी दी है कि भविष्य में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी की चेतावनी भी देते हुए उल्लेखनीय बात रखी गई थी।

लेकिन सर्व विदित है कि कस्बा गोवर्धन में सौंख अड्डा स्थित होटल भोजनालय से लेकर होटल भोजनालय में निचली से निचली दूषित जहरीली खाद्य पदार्थों को बेचने वाले लोगों पर एक कमंडल दल धारी तथाकथित नेता का खुला संरक्षण है और उक्त नेता से बरदस्त प्राप्त उक्त होटल भोजनालय स्वामियों द्वारा सामूहिक रूप से मिलावटी खाद्य पदार्थों में प्रयोग किए जाने वाले मिलावटी वा जहरीली पनीर घी तेल मावा इत्यादि सामग्री से लेकर सडी गली दूषित सब्जियों के साथ साथ मिलावटी आटा दाल खुलेआम परोसा जा रहा है और उक्त जानकारी सभी को उपलब्ध है और दूषित मिलावटी मावा पनीर दूध दही आदि अन्य सामग्री सौंख अड्डा स्थित एक डेरी स्वामी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है उस डेरी संचालक पर भी उक्त तथाकथित नेता का खुला संरक्षण और बर्दस्त प्राप्त है। दूषित वा मिलावटी मावा पनीर दूध दही आदि अन्य सामग्री को बेचने में सौंख अड्डा तक ही सीमित नहीं है बल्कि उक्त क्रम में सौंख में चौराहे से लेकर दानघाटी मंदिर और लगभग सम्पूर्ण गोवर्धन में हो रहा है और सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखता है तो वह थाना गोर्वधन के सामने जो दूषित मिलावटी मावा इत्यादि सामग्री को बेचने में ऐतिहासिक कार्य हो रहा है उसका तो कहना ही क्या है और सूत्रों के अनुसार उक्त मिलावटी मावा पनीर दूध दही घी आदि से लेकर अन्य सामग्री को बेचने की एवज में उक्त कमंडल दल धारी तथाकथित नेता द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को देने के नाम पर प्रति महीने लाखों रुपए एकत्र कर उक्त नेता जी उन रुपयों का क्या करते हैं यह तो वही जाने लेकिन सर्व विदित है कि खाद्य सुरक्षा और खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी गौरी शंकर से लेकर पूरा महकमा जनता है।

# एसपी सिटी मार्तण्ड प्रकाश ने किया ब्रज में अमूल्य संपदा का सृजन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अपने प्रयासों से हालात बदलने वाले एसपी सिटी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने अपनी लगन के बूते ब्रज में एक अमूल्य संपदा का सृजन किया और वह थी ब्रज का मान और उसका सम्मान। तबीयत से एक पत्थर उछालो तो आसमां में भी सुराख हो सकता है। इन सब बाते को किताबों में पढ़ने, समझने और हकीकत में उतारने में बड़ा अंतर है। खासकर, वह भी जब अपने हिस्से का आसमान दूसरे के मुकाबले कुछ ज्यादा ही ऊंचा हो तो। एसपी सिटी के हिस्से का आसमां था, जिले के नगर क्षेत्र का हिस्सा। जिसको उन्होंने कभी झुकने न दिया। शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखने की राह में पहाड़ जैसी चुनौतियों को अपने हौसले और जज्बे से निबटने की क्षमता का अदभुत प्रदर्शन करते हुए एसपी सिटी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने ब्रजवासियों के बीच में प्यार बांटा और प्यार पाया भी। तीन साल का उनका कार्यकाल ब्रज वसुंधरा को सदैव याद रखेगी। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से 11 जनवरी 2021 को यहां आए जिले के नगर क्षेत्र (सिटी सर्किल) में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ ही अपराध पर नियंत्रण करते हुए अपराधियों के नकेल कसने की कई कहानियां एसपी सिटी मार्तण्ड प्रकाश सिंह के नाम भी लिखी गई। गुरूकृपा कालोनी कांड को अंजाम देने वाले शातिर को ढेर कर ब्रजवासियों के बीच में पुलिस का मान बढ़ाया तो ब्रजवासियों ने भी एपी सिंह को सिर को पगड़ी से सजाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कान्हा की जन्मभूमि पर दर्शन कराने का कार्यकाल खाकी के इतिहास में इसलिए दर्ज हो गया, क्योंकि नरेंद्र मोदी ही पहले देश के पहले प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पहुंच कर कान्हा के दर्शन किए है। वृंदावन और पंडित दीनदयाल धाम में वीवीआईपी के सफल दौरों की लंबी फेहरिस्त भी एसपी सिटी एमपी सिंह के कार्यकाल में दर्ज हुई है। करीब तीन वर्ष तक ब्रज में रहे एसपी सिटी कहते हैं कि ब्रज में उनको मान मिला और सम्मान मिला। उसको भुलाया नहीं जा सकता है।

# रक्तदान महादान वर्ष में एक बार जरूरी: शैलेश कुमार पांडे

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में बी एस ए कॉलेज और रोटरी क्लब मथुरा वेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ पुलिश अधीक्षक मथुरा शैलेस पांडेय प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा महाविद्यालय के प्राध्यापक गण छात्र छात्राएं एवम कर्मचारी गण, रोटरी मथुरा वेस्ट के पदाधिकार पूर्व पार्षद तिलकवीर चौधरी व छात्र गार्जियन भगवती देवी इत्यादि ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 274 यूनिट रक्तदान किया गया। इससे पूर्व इस रक्तदान महादान शिविर का सुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय विशिष्ठ अतिथि ओ पी उपाधयाय , देवेंद्र चौधरी प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा व रोटरी पदाधिकारियों ने सँयुक्त रूप से मां सरस्वती व बाबू शिवनाथ के चित्रों पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। अपने सम्बोधन में एस एस पी महोदय ने कहा कि रक्तदान महादान है और वर्ष में एक बार सभी को अवश्य करना चाहिए क्योंकि ज़िंदगी की जंग लड़ रहे व्यक्तियों के लिए ये रक्त वरदान है । उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व दुर्घटनाओं से बचाव हेतु हेलमेट देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। प्राचार्य ललित मोहन शर्मा ने कहा कि छात्रों शिक्षकों और कर्मचारियों में रक्तदान के प्रति उत्साह अभूतपूर्व है जो निश्चित रूप से राष्ट्र व समाज के लिए उपयोगी और सुभ सन्देस है। रक्तदान शिविर के संयोजक डॉ प्रवीन शर्मा रहे और संरक्षक डॉ एस के सिंह, डॉ संजय कटारिया, डॉ विद्योत्तमा रही इस रक्तदान महादान में महाविद्यलय के डॉ प्रवीन शर्मा , डॉ वी पी राय ,डॉ शिवराज भारद्वाज, डॉ खुशवंत सिंह , डॉ संजय कटारिया, डॉ विद्योत्तमा , डॉ यू के त्रिपाठी ,डॉ बी के गोस्वामी , डॉ अशोक गोला , डॉ के वाई सिंह, डॉ रेखा राय, डॉ चंचल शर्मा, डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ विनोद यादव, डॉ योगेंद सारस्वत , डॉ सन्ध्या अग्रवाल, डॉ प्रकृति उपाध्याय ,डॉ पंकज कुशवाहा , डॉ हिम्मत सिंह, डॉ सत्यप्रकाश, डॉ ऋतु सहनी , डॉ अनु अग्रवाल, डॉ विशाल गोस्वामी, संजय द्विवेदी , अंकुर अग्रवाल , कुलदीप पाठक, राकेश , शर्मा गुड्डू ने रक्त दान किया।

## मनरेगा श्रमिकों ने सरकार को लौटाया 16 हजार,मिली क्लीन चिट

**सुल्तानपुर।** मनरेगा मजदूरी के रूप में 100 दिन से अधिक की धनराशि चूकवश स्थानांतरित हो जाने के मामले में श्रमिकों ने धनराशि सरकार के खाते में वापस कर दी है। 16,532 रुपए विकास विभाग के सरकारी खाते में वापस श्रमिकों की तरफ से जमा कर दिया गया है। इसी के साथ खंड विकास अधिकारी सत्यनारायण सिंह ने पूरे मामले में सेक्रेटरी और प्रधान को दोबारा ऐसी लापरवाही नहीं होने की चेतावनी जारी की है। हिदायत दी गई है कि शासन के दिशा निर्देश के अनुसार ही विकास योजनाएं संचालित की जाएं। मामला सुल्तानपुर जिले के कुड़वार विकासखंड अंतर्गत बहमरपुर ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है। जहां पर 13 लोगों के खाते में 100 दिन से अधिक मजदूरी स्थानांतरित हो गई थी। क्लीन चिट मिलने से श्रमिक और सेक्रेटरी ने राहत की सांस ली है।

# सालाना उर्स के मौके पर जशने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के चक्कारी भीट गांव के गोमती नदी तट पर स्थित जुड़ई शहीद की मजार मौजूद है7 बाबा की मजार पर दो दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया7 उर्स के मौके पर बाबा की मजार पर हिंदू मुस्लिम एक साथ सिन्नी (प्रसाद) व चादर चढ़ा कर अपनी व अपने मुल्क की सलामती की दुआए मांगी 7 उर्स के पहले दिन शाम को गागर,चादर के साथ कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज के कई कव्वालो द्वारा कव्वाली पेश की गई।उर्स के दूसरे दिन सुबह गुस्ल,कुरआन खानी, लंगरे-आम व मेला का आयोजन किया गया।रात्रि को जशने-ईद-मिलादुन्नबी का प्रोग्राम किया गया।जलसे की शुरवात शहजादाए



जा नशीने हुज़ूर तस्लीमे मिल्लत अल्हाज हजरत मौलाना मुहम्मद शरीफ़ नवाज कादरी तस्लीमी खानकाहे तस्लीमिया इसौली शरीफ ने अपनी तक़रीर में कहाँ कि-वली जिंदा है,कुरानो हदीस की रौशनी में बताया कि बेशक वली ज़िंदा है। इन्हीं बुजुर्गो के कौल को सामने रखते हुए ये भी कहाँ कि हम सब इन्हीं बुजुर्गो के छत छाये में जी रहे है। इन्हीं बुजुर्गो ने अमन-चैन का पैगाम दिया। उसके बाद मौलाना सुल्तान साहब ने अपनी तकरीर पेश की। उन्होंने अपने तक़रीर में बताया की इस्लाम हमे अमन चैन का पैगाम देता है और अपने खिताब के दरमियान उन्हों ने वालियों की हयात (जीवनी) मुबारका बयान करते हुए उनके तकवे उनकी परहेज गारी को बताते और उनकी आलमे इंसानियत से मुहब्बत को बयान करते हुए बताया की हमे भी इनके नक्शे कदम पर चलना चाहिए और जाली पीरो और जाहिल मुकर्रिरो से बचना चाहिए साथ ही शायरे खुसूसी हजरत कारी शादाब अत्तारी साहब मुम्बई ने अपने कलाम अब तो बस एक ही धुन है की मदीना देखूं पढ़ कर लोगों के दिल को जीत लिया वहीं शायरे इस्लाम जनाब जसीम रज़ा फैजाबादी ने कलाम खिलाफ हो जो जमाना तो कुछ नही होगा कलाम पढ़ कर लोगों की खूब दाद उसूल की और उसी जगह कारी फुरकान फैजाबादी हाफिज हसनैन इस्माइली मौजूद रहे और अपने अपने कलाम को हुज़ूर जुड़ई शहीद की शान में पढ़ा।इस मौके पर चक्कारी भीट प्रधान मो सम्मू पप्पू, निसार पत्रकार, सरवर अली पत्रकार, वसीम अहमद, हासिम, आदिल खान, परवेज, कमर अंसारी, मो सफीक, नोमान, गोलू, मोहम्मद अहमद, दानिश, शारुख आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं में होती है दूसरों की खुशी के लिए खुद को बदलने की क्षमता, कहीं ये बीमारी तो नहीं





दूसरों की नजरों में अच्छा बनना और हमेशा बने रहना संभव नहीं है। अगर आप भी लगातार दूसरों की नजरों में अच्छा बनने का प्रयास करती हैं तो सतर्क हो जाएं, क्योंकि यह च्गुड गर्ल सिंड्रोमज् का संकेत हो सकता है। क्या आप ऐसी लड़की हैं, जो सभी का ध्यान और प्यार पाने के लिए हमेशा अच्छी बनी रहना चाहती हैं। अच्छी से आशय है, ऐसी लड़की जिसे जमाना अच्छा समझे, जो सबकी बात सिर झुका कर माने, उनके अनुरूप कपड़े पहने और जैसा वे कहे, बिल्कुल वैसा ही करें। आज लोगों के मन में लड़कियों को लेकर अलग तरह की सोच है। वे मानते हैं कि लड़की सुंदर हो, समझदार हो और सर्वगुण संपन्न हो पर जैसी भी हो उनकी भावनाओं के अनुरूप हो। वे पारंपरिक रीति-रिवाज जानती हो व मानती भी हो और आकर्षक दिखने के साथ ही वह पारिवारिक भी हो। आज की दुनिया में अच्छी लड़की होना आसान नहीं है, क्योंकि समाज का मानना है कि महत्वाकांक्षी बनो, लेकिन प्राथमिकता में केवल परिवार को रखो! ऐसी स्थिति में लड़कियां दूसरों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश में कब अपने आप को बदल लेती हैं, उन्हें खुद भी पता नहीं चलता, जिसे गुड गर्ल सिंड्रोम कहते हैं। यानी अच्छा बनने की कोशिश में अपनी नैसर्गिक क्षमताओं को भुला देना। ऐसे हालात न सिर्फ महिलाओं की पर्सनालिटी पर, बल्कि उनके फैसले लेने की क्षमता पर भी बुरा असर डालते हैं। बर्मिंघम की क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक डॉ. ललिता सुगलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अच्छी लड़की को लेकर आठ अच्छाइयों का जिक्र किया और उन आदर्शों का भी खुलासा किया, जो समाज उनसे चाहता है। इन आदर्श गुणों में था, हमेशा खुश रहो दूसरों की अपेक्षा के मुताबिक संपूर्ण बनने की कोशिश करो ज्यादा से ज्यादा अच्छा बनने की कोशिश करो किसी बात को ठान लो तो उसे पूरा करो अपने आपको हमेशा शंका में रखो कि कहीं कोई गलती न हो, खुद को हमेशा दूसरों की सेवा के लिए तैयार करो अपने व्यवहार को सबके अनुरूप बनाओ आज्ञाकारी बेटी बनी रहो। यह आठों आदर्श गुण समाज ने महिलाओं के लिए तय किए हैं। वह कहती है कि गुड गर्ल सिंड्रोम सिर्फ लड़कियों तक सीमित हो ये जरुरी नहीं, ये लड़कों पर भी लागू होता है। डॉ. सुगलानी के मुताबिक, यह सिंड्रोम दर्शाता है कि कैसे लड़कियां दूसरों की खातिर सामाजिक रूप से प्रेरित होती हैं। बचपन से ही उन्हें सिखाया जाता है कि प्यार और सुरक्षा पाने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों को खुश रखना जरुरी है। फिर वह दूसरों की इच्छाओं को समझकर खुद को उस रूप में ढालती हैं और उनकी अपेक्षाओं को प्राथमिकता देती हैं।

इस प्रक्रिया ने एक तरह से हमारे व्यक्तित्व को दबा दिया, जो वास्तव में एक तरह से आत्म-परित्याग का ही रूप है। कई लड़कियां इस अवधारणा का बड़े होने तक ही पालन नहीं करतीं, बल्कि इसे जीवन का फार्मूला ही बना लेती हैं। आज भले ही लड़कियों को पहले की अपेक्षा ज्यादा फॉरवर्ड माना जाता हो पर ये संख्या बहुत ज्यादा नहीं है, जिसका सीधा सा मतलब है कि परिवार उनसे उतना ही बदलने की अपेक्षा करता है, जितना उनके लिए जरुरी हो।

## दूसरों को खुश करने के बाद भी लड़कियों की सराहना नहीं

आश्चर्य कि बात तो यह है कि इतना सब करने के बाद भी लड़कियों के काम की सराहना नहीं की जाती। आखिर उनका भी उतना ध्यान क्यों नहीं रखा जाता, जितना वे दूसरों का रखती हैं। लड़कियों को लेकर बताए गए ये आठ आदर्श या मापदंड अक्सर दूसरों को खुश रखने में ही खर्च हो जाते हैं। इस बीच, संभावित गलती के डर या दूसरों को निराश न करने की कोशिश से उनकी असल सोच भी प्रभावित होती है और अपने आपको उन आदर्शों पर खरा उतरने का प्रयास तनाव और चिंता को जन्म देता है और इससे आपकी रचनात्मकता सीमित होती जाती है और आप दूसरों की नजर में मूर्ख कहलाती हैं।

## गुड गर्ल सिंड्रोम का संकेत

कभी किसी बात के लिए इंकार न करना भी लड़कियों के लिए अच्छा माना जाता। लड़कियां सबके सामने अच्छी छवि बनाए रखने के लिए ऐसा करती भी हैं। अगर आप भी दूसरों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के लिए न नहीं कह पातीं, तो इसका संकेत है कि आपको गुड गर्ल सिंड्रोम है। यह सिंड्रोम लड़कियों को अक्सर मनोवैज्ञानिक रूप से टॉक्सिक, अपमानजनक और अनहेल्दी रिलेशनशिप के प्रति संवेदनशील बनाता है। परिवार की इच्छा की वजह से परफेक्ट दिखना लड़कियों की मजबूरी भी होती है और समाज की नकारात्मक प्रतिक्रिया से बचने के लिए इसे जरुरी भी समझा जाता है। जैसे-जैसे वे बड़ी होती जाती हैं, इसका नतीजा %अनहेल्दी बिहेवियर% के रूप में सामने आने लगता है।

## दूसरों को खुद से पहले रखना

किसी न किसी रूप में जो लड़कियां गुड गर्ल सिंड्रोम से प्रभावित होती हैं, वे दूसरों की जरूरतों को अपनी इच्छाओं से ऊपर रखती है। लेकिन इस स्थिति में खुद की जगह बनाने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। यदि वास्तव में लड़कियां गुड गर्ल सिंड्रोम से उभरना चाहती हैं तो इसके लिए जरुरी है कि वे लोग क्या कहेंगे की सोच से ऊपर उठें, क्योंकि यही वे धारणा उन्हें दब्बू बना देती है। इसके अलावा किसी पर भी भावनात्मक रूप से इतना निर्भर न रहें कि वह आपका शोषण करने लगे। समाज के हर रिश्ते के लिए एक लिमिट सेट करना सीखें। दूसरों से पहले अपने आपसे प्यार करें तभी दूसरे आपकी इज्जत करेंगे और आपसे प्यार करेंगे। इसके लिए जरूरी है कि अपने मन की सुने, दूसरों की नहीं। डॉ. सुगलानी कहती हैं, यह याद रखना जरूरी है कि हमारा मूल्य इस बात से निर्धारित नहीं होता है कि हम दूसरों को कितना खुश करते हैं, बल्कि यह स्वयं को प्रामाणिक रूप से व्यक्त करने की हमारी क्षमता से निर्धारित होता है।

## अब हालात वैसे नहीं

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या गुप्ता कहती हैं, हमारे समाज की जो पुरातन सोच है वह निश्चित रूप से समय, काल और परिस्थिति की वजह से बनी होगी। इस तरह की सोच को संस्कारों की देन भी कहा जाता रहा है। लेकिन समय के साथ समाज को भी इसमें बदलाव लाना जरुरी हो गया, क्योंकि अब लड़कियों को न तो सामाजिक बंधनों की जरुरत है और न ही आज सामाजिक हालात उस तरह के हैं। अब लड़कियों में भी जिम्मेदारी की भावना बदल रही है और वे जागरूक हो रही हैं। दरअसल, ये संक्रमणकाल है, जिसे समाज को भी महसूस करना होगा और लड़कियों को भी। दोनों तरफ से पहल जरुरी है। समाज और लड़कियों दोनों को दो-दो कदम आगे बढ़ाने होंगे तभी इस समस्या का हल निकलेगा

# क्या काम करती हैं टीम इंडिया के खिलाड़ियों की पत्नी





भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप 2023 का फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो रहा है। खेल के मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाड़ी अपना शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं तो वहीं उनका हौसला अफजाई करने के लिए दर्शकों के बीच स्टैंड में खिलाड़ियों का परिवार, बच्चे और पत्नी मौजूद हैं। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों के बारे में तो आप जानते हैं। अक्सर ही सोशल मीडिया पर खिलाड़ी अपने परिवार के साथ तस्वीरें शेयर करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इन खिलाड़ियों की लेडी लक यानी पत्नी खुद क्या करती हैं? विराट कोहली के पत्नी अनुष्का शर्मा अभिनेत्री हैं लेकिन रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा की पत्नी के करियर के बारे में पता है? टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा अभिनेत्री हैं। बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस अनुष्का विराट की तरह की सुर्खियों में रहती हैं। अपने करियर में बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुकी हैं भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा मैदान में हिटमैन के रूप में जाने जाते हैं। रोहित शर्मा की पत्नी का नाम रितिका सजदेह है। रितिका एक प्रोफेशनल खेल मैनेजर रह चुकी हैं। वह रोहित शर्मा के क्रिकेट मैनेजर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। रवींद्र जडेजा की पत्नी के उस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया था, जब मैच में टीम की जीत के बाद वह खेल में मैदान में पर साड़ी में पहुंची थीं और उनके पैर छूकर जीत की बधाई दी थी। रवींद्र जडेजा की पत्नी का नाम रिवाबा जडेजा है। रिवाबा राजनीति में हैं और भाजपा की सांसद हैं। जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत हैं। संजना गणेशन स्पोर्ट्स प्रेजेंटर हैं। संजना अपनी एंकरिंग को लेकर काफी प्रसिद्ध हैं। टीम इंडिया के खिलाड़ी केएल राहुल की अथिया शेट्टी संग इसी साल जनवरी में शादी हुई है।

# दुर्गा शक्ति नागपाल के एक आइडिया से महिलाएं कर रही हैं अच्छी कमाई







आप शायद कई ऐसे आईएएस अफसर को जानते हों, जिन्होंने अपनी सर्विस के दौरान कोई न कोई बहादुरी का काम क्या हो? ऐसी ही एक आईएएस अफसर हैं दुर्गा शक्ति नागपाल, जिनकी इन दिनों खूब तारीफ की जा रही है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आईएएस दुर्गा शक्ति ने महिलाओं को ईको फ्रेंडली दीये बनाने का आइडिया दिया। साथ ही जिलाधिकारी की टीम की तरफ से ही इन महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया। इससे इन महिलाओं की आय बढ़ी और आज वे अच्छी कमाई भी कर रहे हैं। तो चलिए जानते हैं आईएएस दुर्गा शक्ति के बारे में और उनके द्वारा किए गए इस कार्य के बारे में। आईएएस दुर्गा शक्ति का जन्म वर्ष 1985 में छत्तीसगढ़ में हुआ। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई चंडीगढ़ के विवेक हाई स्कूल से की। इसके बाद साल 2007 में उन्होंने दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद साल 2008 आया, जब उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन उनका चयन राजस्व सेवा में हुआ। इसके बाद अगले साल यानी 2009 में उन्होंने फिर से परीक्षा दी और ऑल इंडिया रैंकिंग में 20वां स्थान प्राप्त करते हुए आईएएस बनीं।

## की यूपी की महिलाओं की मदद

जहां एक तरफ पहले गोबर का इस्तेमाल उपले या खाद बनाने के लिए किया जाता था, तो वहीं आईएएस दुर्गा के इस कदम से उत्तर प्रदेश की महिलाएं गोबर से दीये बना रही हैं। इससे महिलाओं के लिए आमदनी का नया रास्ता खुला और आज वे अच्छी कमाई भी कर रही हैं। यही नहीं, इस बार दिवाली के मौके पर इन दीयों को सेल कर महिलाओं की अच्छी कमाई भी हुई। आईएएस दुर्गा शक्ति ने इन महिलाओं को ईको फ्रेंडली दीये बनाने का आइडिया दिया, जो काम कर गया।

# खाली बोतलें बेचकर कमाई करने से प्रतिष्ठित लेखिका बनने तक ऐसा रहा अरुंधति राय का सफर

प्रसिद्ध लेखिका और समाज सेविका अरुंधति राय देश-विदेश तक मशहूर हैं। साहित्य क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है। अपने अथाह ज्ञान और कलम की ताकत से अरुंधति राय समाज सुधार के लिए जानी जाती हैं। अरुंधति राय अंग्रेजी की प्रसिद्ध लेखिका हैं। अरुंधति को अपने लेखन कार्य और सोशल वर्क के लिए कई बड़े अवार्ड मिल चुके हैं। 24 नवंबर को अरुंधति राय का जन्मदिन होता है। एक प्रतिष्ठित लेखिका और समाज सेविका बनने तक का सफर आसान नहीं था। आइए जानते हैं अरुंधति राय के जीवन संघर्षों के बारे में, जिन्होंने उन्हें बनाया देश की सुप्रसिद्ध उपन्यासकार और समाजसेविका।

## अरुंधति राय का जीवन परिचय



अरुंधति राय का जन्म शिलॉन्ग में 24 नवंबर 1961 को हुआ था। अरुंधति राय की मां का नाम मैरी रॉय और पिता का राजीव रॉय था। उनकी मां मैरी रॉय केरल की सीरियाई ईसाई परिवार से थीं, जबकि पिता कलकत्ता के एक बंगाली हिंदू परिवार से थे।जब अरुंधति दो साल की थीं तो उनके माता-पिता एक दूसरे से अलग हो गए। इसके बाद अरुंधति अपनी मां और भाई के साथ केरल आ गईं और अपना बचपन गुजारा।

## अरुंधति राय की शिक्षा

केरल के अयमनाम में अरुंधति अपने परिवार के साथ रहती थीं। शुरुआती शिक्षा मां के स्कूल से पूरी की, जिसका नाम कॉर्पस क्रिस्टी था। बाद में अरुंधति ने दिल्ली आकर आर्किटेक्ट की पढ़ाई पूरी की।

## 16 साल में छोड़ा घर

महज 16 साल की उम्र में अरुंधति ने अपना घर छोड़ दिया और दिल्ली आकर रहने लगीं। अपने साक्षात्मकार में अरुंधति ने बताया था कि उन्होंने खाली बोतलें बेचकर फीस के पैसे जुटाए थे। तब जाकर उनका दिल्ली स्कूल ऑफ आर्किटेक्कर में हुआ। करियर के शुरुआती दिनों में अरुंधति ने अभिनय भी किया। वह मैसी साहब नाम की फिल्म में लीड रोल किया। बाद में अरुंधति ने कई फिल्मों के लिए पटकथाएं लिखीं। उनके लेखन में परिवार, माता पिता का गहरा असर देखने को मिलता है। अरुंधति की किताब में उनके बचपन की घटनाओं का जिक्र मिलता है।

## अरुंधति राय का किताब संग्रह

अंग्रेजी की उपन्यासकार अरुंधति राय ने इन विच एनी गिव्स इट दोज़ वंस (1989), इलेक्ट्रिक मून

# प्राचीन भारत की विदुषी स्त्रियां, जिनके ज्ञान ने उन्हें बनाया महान



भारत में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। हालांकि ये प्रयास आज का नहीं, दशकों से बहुत सी स्त्रियों को पढ़ने और स्कूल जाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सवाल है कि क्या स्त्री शिक्षा दशकों पुरानी समस्या है या पौराणिक काल में स्त्रियों को दीक्षा दी जाती थी? प्राचीन भारत में पुरुषों को तो दीक्षा के लिए गुरुकुल भेजा जाता था लेकिन प्राचीन ग्रंथों में पौराणिक काल की कई विदुषी स्त्रियों का जिक्र मिलता है, जिनके ज्ञान के आगे बड़े-बड़े विद्वान भी नतमस्तक हो गए। इस लेख में प्राचीन काल की ज्ञानवान स्त्रियों के बारे में बताया जा रहा है।

## विदुषी गार्गी

पौराणिक काल की विदुषी स्त्रियों का नाम आने पर सबसे पहले विदुषी गार्गी को स्मरण किया जाता है। विदुषी गार्गी का वेदों की रचना में महत्वपूर्ण योगदान था। गार्गी गर्गवंश में वचक्नु नामक महर्षि की पुत्री थीं, उनका पूरा नाम वाचकन्वी गार्गी है। रामायण काल में राजा जनक के दरबार में शास्त्रार्थ का आयोजन हुआ, जिसमें ऋषि याज्ञवल्क्य और गार्गी के बीच प्रश्न-उत्तर किये गए। इन्हीं प्रश्नोंत्तर पर बृहदारण्यक उपनिषद का निर्माण हुआ।

## माता सीता

गोस्वामी तुलसी दास की रामचरित मानस के मुख्य पात्र श्री राम की पत्नी जानकी यानी देवी सीता केवल अपने पतिव्रता होने के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान के लिए भी प्रसिद्ध हैं। माता सीता की गुरु विदुषी गार्गी थीं, जिनसे उन्हें वेद पुराणों का ज्ञान मिला। बचपन में शिव धनुष उठाने वाली सीता केवल वीर ही नहीं अपितु विद्वान भी थीं।

## विदुषी मैत्रेयी

प्राचीन भारत की सबसे ज्ञानी स्त्रियों में विदुषी मैत्रेयी का भी नाम शामिल है। उन्हे पिता मित्र ऋषि थे, वहीं राजा जनक के महल में विदुषी गार्गी से शास्त्रार्थ करने वाले महर्षि याज्ञवल्क्य की दूसरी पत्नी भी थीं। बता दें महर्षि याज्ञवल्क्य पहली पत्नी भारद्वाज ऋषि की पुत्री कात्यायनी थीं। विदुषी मैत्रेयी शांत स्वभाव की स्त्री थीं, जिन्हें अध्ययन, चिंतन और शास्त्रार्थ में रुचि थी। जब ऋषि याज्ञवल्क्य ने गृहस्थ आश्रम छोड़कर वन में जाने का फैसला किया तो मैत्रेयी ने आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए पति संग जाने का फैसला लिया था।

## द्रौपदी

महाभारत में पांचाल देश के राजा द्रुपद की पुत्री द्रौपदी बहुत ज्ञानवान महिला थीं। वह जितनी सुंदर थीं, उतनी ही बुद्धिमान भी थीं। जब भी पांडव किसी फैसले को लेकर चिंतित होते या संकोच करते तो हमेशा द्रौपदी उन्हें सलाह देतीं।

# कौन थीं झलकारी बाई, जयंती के मौके पर जानें आजादी की जंग में उनका योगदान

गुलाम भारत में अंग्रेजों की प्रताड़ना का सामना कई भारतीयों को करना पड़ा। भारतीयों ने आजादी की लड़ाई के लिए स्वतंत्रता संग्राम का आगाज 1857 की क्रांति किया। 1857 की क्रांति इतिहास के पन्नों में मुख्य रूप से शामिल है। इस क्रांति में मंगल पांडे और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम प्रमुख हैं। आंदोलन की लड़ाई में झांसी की रानी की अकेली महिला नहीं थीं, उनका साथ देने के लिए एक महिला और थीं, जिनका नाम झलकारीबाई था। झलकारी बाई न तो रानी थीं और न ही झांसी की सत्ता उनके हाथ में थी। लेकिन मातृभूमि की रक्षा के लिए झलकारी बाई ने अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। आज स्वतंत्रता संग्राम की इस महिला आंदोलनकारी झलकारी बाई की जयंती है। आइए जानते हैं झलकारी बाई के जीवन से जुड़ी अहम बातें।

## झलकारी बाई का बचपन

इतिहासकार बताते हैं कि झलकारी बाई झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के किले के पास रहती थीं। किले के दक्षिण में उन्नाव गेट था, जहां भोजला गांव स्थित था। इस गांव में झलकारी बाई के घराने के लोग आज भी रहते हैं। बचपन से ही साहसी झलकारी बाई ने मां के निधन के बाद पिता से घुड़सवारी और हथियार चलाने का प्रशिक्षण लिया।

## साहसी झलकारी बाई

एक बार बचपन में झलकारी बाई पर एक तेंदुए ने हमला कर दिया था। बिना डरे कुल्हाड़ी से तेंदुए को मारकर झलकारी बाई ने अपना साहस दिखाया था। कहते हैं एक बार कुछ डकैतों ने गांव के व्यापारी के घर पर हमला कर दिया था, तब भी झलकारी बाई ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया और गांव से खदेड़ दिया।

## झलकारी बाई की शादी

झांसी की सेना में तैनात एक सैनिक पूरन कोरी से झलकारी बाई का विवाह हुआ था। शादी के बाद रानी लक्ष्मी बाई से एक पूजा के दौरान झलकारी बाई की मुलाकात हुई। झलकारी बाई को देख कर रानी लक्ष्मीबाई हैरान रह गईं, क्योंकि वह बिल्कुल लक्ष्मीबाई जैसी दिखती थीं। लक्ष्मीबाई ने झलकारी बाई को झांसी की सेना में शामिल कर लिया। झलकारी बाई ने बंदूक चलाना, तलवार और तोप चलाना सीखा। अंग्रेजों ने जब झांसी के किले पर हमला किया तो सेनापतियों ने रानी लक्ष्मीबाई को किले से निकल जाने की सलाह दी। युद्ध में झलकारी बाई के पति भी शहीद हो चुके थे। झलकारी बाई ने अंग्रेजों को चकमा देने के लिए रानी लक्ष्मीबाई के कपड़े पहनें और सेना की कमान संभाल ली। अंग्रेजों को पता तक नहीं चला कि वह रानी लक्ष्मीबाई नहीं, बल्कि झलकारी बाई हैं।



# तीन राज्यों में सीएम के नाम की घोषणा में देरी पर अशोक गहलोत ने उठाए सवाल

**दस्तावेज**

**गहलोत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गोगामेड़ी मामले में, मुझे एनआईए जांच पर एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना पड़ा।**



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा ने अपना कमल खिला दिया है और अब सीएम कौन बनेगा इसकी घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी। इस बीच कांग्रेस नेता और राजस्थान के कार्यवाहक सीएम अशोक गहलोत ने शनिवार को तीन राज्यों के सीएम चेहरों की घोषणा में भाजपा की देरी को लेकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस पार्टी में कोई अनुशासन नहीं है। समाचार एजेंसी ANI से बात करते हुए अशोक गहलोत ने बीजेपी की आलोचना करते हुए कहा, इस पार्टी में कोई अनुशासन नहीं है। अगर हमने भी ऐसा किया होता तो पता नहीं वे हम पर क्या आरोप लगाते और लोगों को गुमराह करते। उन्होंने चुनावों का ध्रुवीकरण किया। हम नई सरकार के साथ सहयोग करेंगे। गहलोत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गोगामेड़ी मामले में, मुझे एनआईए जांच पर एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना पड़ा। यह नए सीएम द्वारा किया जाना चाहिए था। अब सात दिनों से वे (भाजपा) एक मुख्यमंत्री का चयन नहीं कर पाए हैं, मैं चाहता हूं कि वे जल्द फैसला लें। गहलोत ने भाजपा पर धार्मिक मुद्दों को उठाकर और लोगों का ध्रुवीकरण करके राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनावों का ध्रुवीकरण किया, वे तीन तलाक, अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, कन्हैया लाल की हत्या जैसे मुद्दे लाए और झूठ फैलाया कि मुसलमानों को 50 लाख और हिंदुओं को केवल 5 लाख दिए गए। गहलोत ने ये भी कहा कि भाजपा ने झूठ फैलाकर चुनाव जीता। हालांकि, वे फिर भी नई सरकार के साथ सहयोग करेंगे।

इस बीच, हाल के राजस्थान विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी सांसद राहुल गांधी दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय पहुंचे हैं।

बैठक में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान कांग्रेस के नेता गोविंद सिंह डोटासरा भी दिल्ली पहुंचे हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कमियों का विश्लेषण करने और सुधार करने पर पार्टी का ध्यान केंद्रित किया।

## अकबरुद्दीन ओवैसी ने तेलंगाना विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में ली शपथ



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद के राजभवन में तेलंगाना विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली।

राज्यपाल तमिलिसाई साउंडराजन ने राजभवन में एक समारोह में उन्हें शपथ दिलाई, जिसमें मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और पिछली विधानसभा के अध्यक्ष पोचारम श्रीनिवास रेड्डी शामिल थे। राज्यपाल द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारत के संविधान के अनुच्छेद 178 के तहत अध्यक्ष चुने जाने तक ओवैसी अध्यक्ष के कर्तव्यों का पालन करेंगे। विधानसभा के सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के नाते AIMIM विधायक को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में, वह लगातार छठी बार हैदराबाद के चंद्रायनगुट्टा निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए। यह लगातार दूसरी बार है जब AIMIM के किसी विधायक को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। 2018 में मुमताज अहमद खान को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया था।ॉ नवनिर्वाचित भाजपा विधायक राजा सिंह ने प्रोटेम स्पीकर के रूप में अकबरुद्दीन औवेसी की नियुक्ति पर विरोध जताया और कहा कि मैं और पार्टी के अन्य विधायक शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे। भाजपा विधायक राजा सिंह ने एक वीडियो जारी कर कहा कि वह जब तक जीवित हैं एआइएमआइएम के सामने कभी शपथ नहीं लेंगे।

राजा सिंह ने पूछा, क्या मैं उस व्यक्ति (अकबरुद्दीन औवेसी) के सामने शपथ ले सकता हूं, जिसने अतीत में हिंदू विरोधी टिप्पणियां की थीं? राजा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले बीआरएस, एआइएमआइएम और भाजपा के बीच सांठगांठ का आरोप लगाया था और अब उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी पार्टी और एआइएमआइएम के बीच क्या संबंध है।

# केसीआर की हुई हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी हैदराबाद अस्पताल ने जारी किया हेल्थ अपडेट

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव गुरुवार को फिसल कर गिर गए थे। जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई है। हैदराबाद के यशोदा अस्पताल ने बताया कि केसीआर की गिरने और फ्रैक्चर होने के बाद शुक्रवार को बाएं कूल्हे की सफलतापूर्वक रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई। अस्पताल ने शुक्रवार रात एक स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा कि राव के बाएं टोटल हिप रिप्लेसमेंट का नियोजित ऑपरेशन किया गया है।

इसमें कहा गया है कि उनकी सर्जरी अच्छी तरह से हो गई है और पूरी प्रक्रिया के दौरान हेमोडायनामिक रूप से स्थिर रहे।


अस्पताल ने कहा कि सर्जरी के बाद राव को एक कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है और वह स्वस्थ हैं। रिकवरी का सामान्य कोर्स छह से आठ सप्ताह होने की उम्मीद है। उन्हें आईवी तरल पदार्थ, रोगनिरोधी एंटीबायोटिक्स और दर्द की दवा सहित नियमित पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल मिल रही है। अस्पताल ने कहा कि एम्बुलेशन, फिजियोथेरेपी और पोषण की योजना शनिवार को मूल्यांकन के आधार पर तैयार की जाएगी। बीआरएस नेता दासोजू श्रवण ने कहा कि सर्जरी अच्छी रही। उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, वह बिल्कुल ठीक हैं और हमें



उम्मीद है कि उन्हें तीन दिनों में छुट्टी मिल जाएगी। 69 वर्षीय, जिन्होंने हाल के विधानसभा चुनाव में बीआरएस की हार के बाद 3 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, हैदराबाद के पास एर्राविली में अपने फार्महाउस पर रह रहे हैं और पार्टी नेताओं और आम लोगों से मिल रहे हैं। गुरुवार की रात वह गिर गये थे। उनके बेटे और बीआरएस नेता केटी रामा राव ने कहा, कल्वाकुंतला चन्द्रशेखर राव गारू अपने निवास के बाथरूम में फिसल कर गिर गए थे और बाद में उन्हें आगे की देखभाल के लिए यशोदा अस्पताल सोमाजीगुडा ले जाया गया। सीटी स्कैन सहित मूल्यांकन करने पर पता चला कि उनके बाएं कूल्हे में फ्रैक्चर [इंट्राकैप्सुलर नेक ऑफ फीमर फ्रैक्चर] हुआ है। इसके लिए उन्हें बाएं कूल्हे के प्रतिस्थापन की आवश्यकता होगी और ऐसे मामलों में ठीक होने का सामान्य कोर्स छह से आठ सप्ताह होने की उम्मीद है।

# चेन्नई में साबुन पाउडर के गोदाम में लगी भीषण आग

**चेन्नई।** उत्तरी चेन्नई के मनाली के वायाकाडु इलाके में एक साबुन पाउडर के गोदाम में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। इससे 100 करोड़ रुपये के सामान का नुकसान हो गया। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने में दमकल की पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची और पिछले पांच घंटे से आग पर काबू पाने का काम जारी है। समाचार एजेंसी ANI के अनुसार, जिस निजी गोदाम में आग लगी, उसके पास ही इंडियन ऑयल कंपनी की एक गैस सिलेंडर फैक्ट्री भी स्थित है, जिससे आग फैलने का डर है। मनाली पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची। तमिलनाडु अग्निशमन विभाग की संयुक्त निदेशक प्रिया



रविचंद्रन ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयासों का निरीक्षण किया। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। पूरा क्षेत्र गन्ने के खेतों से घिरा हुआ है। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में साबुन पाउडर भंडारण गोदाम से गहरा धुआं निकलता देखा गया। शुक्रवार को पुणे में भी ऐसी ही एक घटना घटी।

# कांग्रेस नेता के ठिकाने पर मिले करोडों रुपये तो हमलावर हुई भाजपा

## जनता की गाढ़ी कमाई तिजोरी में छिपाती है कांग्रेस

**वसूली**

**भूपेश बघेल ने महादेव एप के नाम पर 508 करोड़ की वसूली की और अब धीरज साहू के नोटों की गिनती खत्म नहीं हो रही है।**

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पोषक बताते हुए



जनता की गाढ़ी कमाई को तिजोरी में छिपाने का आरोप लगाया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जनता को देखना चाहिए कि कांग्रेस के नेता क्या-क्या दावे करते हैं और जमीन पर इसके नेता कितने भ्रष्ट हैं। भूपेश बघेल ने महादेव एप के नाम पर 508 करोड़ की वसूली की और अब धीरज साहू के नोटों की गिनती खत्म नहीं हो रही है। इस पार्टी का केवल चेहरा ही खराब नहीं है। चाल और चरित्र भी पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई का जिक्र करते हुए बताया कि बेंगलुरु में कांग्रेस नेता के रिश्तेदार के घर में 22 बक्सों में 42 करोड़ रुपये के बंडल मिले थे।

जुलाई 2022 में बंगाल में तृणमूल सरकार के मंत्री पार्थ चटर्जी के ठिकानों से 50 करोड़ नकद और सोना बरामद हुआ था। जून 2022 में ही दिल्ली सरकार के तत्कालीन मंत्री सत्येंद्र जैन के ठिकानों से लगभग तीन करोड़ रुपये और सोने के सिक्के बरामद हुए थे।

## समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी मिलेगी सेवा

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आम आदमी को सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए कई पहल और कार्यक्रम शुरू किए हैं। कानून और न्याय मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) एक ऐसी ही पहल है। नालसा की स्थापना कानूनी सेवा प्राधिकरण (एलएसए) अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवा प्रदान करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी नागरिक को न्याय हासिल करने के अवसरों से वंचित नहीं किया जाए। कानूनी सेवा प्राधिकरणों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों/कार्यक्रमों में कानूनी सहायता और सलाह शामिल हैं। इसके अलावा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम कानूनी सेवाएं/सशक्तीकरण शिविर कानूनी साक्षरता क्लब भी लगाए जाते हैं।

## असमिया मुस्लिमों का होगा सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन, हिमंत बिस्वा सरमा कैबिनेट ने दी मंजूरी

**गुवाहाटी।** असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने राज्य के स्वदेशी मुस्लिमों के सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन करने का फैसला किया है। असम सरकार ने कहा कि वह राज्य के स्वदेशी असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक आकलन करेगी। दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की



अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सीएम हिमंत बिस्वा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सरमा ने लिखा, स्वदेशी असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक आकलन अल्पसंख्यक मामलों के निदेशालय और चार क्षेत्रों के माध्?यम से किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि चार क्षेत्रों के विकास निदेशालय का नाम बदलकर अल्पसंख्यक मामलों और चार क्षेत्रों के निदेशालय असम किया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट ने माघ बिहू के दौरान आयोजित पारंपरिक भैंस और सांडों की लड़ाई की अनुमति के लिए एसओपी जारी करने को भी मंजूरी दी है। एसओपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पशुओं पर जानबूझकर अत्याचार या क्रूरता नहीं की जाए। जो सदियों पुरानी असमिया सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा वार्षिक बफेलो प्रतियोगिताओं के दौरान आयोजकों द्वारा उनकी भलाई के लिए प्रदान किया जाए। साथ ही मंत्रिपरिषद ने राज्य भर में पुस्तकालयों के निर्माण के लिए 259 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए पुस्तकालय और डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। इस योजना का लक्ष्य 2,197 ग्राम पंचायतों और 400 नगरपालिका वार्डों में नए पुस्तकालयों का निर्माण शुरू करना और इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ किताबें, फर्नीचर, कंप्यूटर की खरीद शुरू करना है।

# इजरायली सैनिकों ने उत्तरी गाजा में फलस्तीनी लोगों को घेरा, संयुक्त राष्ट्र ने दी चेतावनी

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** इजरायल ने शुक्रवार को कहा कि सेना पूछताछ के लिए उत्तरी गाजा में फलस्तीनी पुरुषों को घेर रही है, हमास के आतंकवादियों की तलाश कर रही है, जबकि दक्षिण में हताश फलस्तीनियों ने इजरायली प्रयासों की ओर इशारा किया क्योंकि युद्ध अब तीसरे महीने में पहुंच चुका है। हमास के भारी प्रतिरोध को रेखांकित करते हुए, उत्तर में उग्र शहरी लड़ाई जारी है और माना जाता है कि सैनिकों और टैंकों के आने के छह सप्ताह बाद भी



लगातार सिकुड़ते क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ लगी है और संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि उसका सहायता अभियान ख़राब हो गया है। गिरफ्तारियों ने उत्तरी गाजा पर सेना की पकड़ को सुरक्षित करने के हजारों निवासी इस क्षेत्र में बने हुए हैं। सामूहिक हिरासत की पहली तस्वीरें गुरुवार को उत्तरी शहर बेइत लाहिया से सामने आईं, जिसमें दर्जनों लोग घुटनों के बल बैठे या सड़कों पर बैठे, अपने अंडरवियर उतार दिए, उनके हाथ उनकी पीठ के पीछे बंधे हुए थे। कुछ के सिर झुके हुए थे। संयुक्त राष्ट्र के मॉनिटरों ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने कथित तौर पर 15 साल की उम्र के पुरुषों और लड़कों को एक स्कूल में बने आश्रय स्थल में हिरासत में लिया। अन्य घटनाक्रमों में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों और कई अन्य देशों द्वारा समर्थित संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव को वीटो कर दिया, जिसमें गाजा में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम की मांग की गई थी। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने परिषद को बताया कि गाजा ब्रेकिंग पॉइंट पर है और मानवीय सहायता प्रणाली के पूरी तरह से ध्वस्त होने का उच्च जोखिम है। इजरायल का हवाई और जमीनी अभियान शुरू में गाजा के उत्तरी तीसरे हिस्से पर केंद्रित था, जिसके कारण सैकड़ों हजारों निवासी दक्षिण की ओर भाग गए।

## गाजा में युद्धविराम को लेकर संयुक्त राष्ट्र में टला मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा में युद्धविराम को लेकर शुक्रवार को होने वाले मतदान टल गया। मतदान टलने से पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच एक बैठक हुई और इसके बाद मतदान टल गया।

बता दें कि 15 सदस्यीय परिषद को शुक्रवार सुबह एक संक्षिप्त मसौदा प्रस्ताव पर मतदान करना था, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर इसमें देरी हुई। किसी भी प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले प्रस्ताव के पक्ष में कम से कम नौ वोटों की आवश्यकता होती है और पांच स्थायी सदस्यों-अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस या ब्रिटेन द्वारा कोई वीटो नहीं किया जाता है। प्रस्ताव पर मतदान टलने को लेकर अमेरिका ने कहा कि वह इस समय सुरक्षा परिषद की किसी भी आगे की कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकता है।

# किसी ने छोड़ा देश तो किसी को जेल में किया कैद


**तेलिन (एस्टोनिया)।** 2024अगले साल मार्च में होने वाले रूस के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की जीत पक्की है। पुनर्निर्वाचन का लगभग पूरा आश्वासन मिलने के बाद अब विपक्षी दल ने पुतिन की छवि को कमजोर करने की पूरी कसम खा ली है। हालांकि, उनका मानना है कि पुतिन को ही राष्ट्रपति घोषित किया जाएगा चाहे मतदाता अपना मत कैसे भी डालें। वहीं, यूक्रेन पर एक साल से ज्यादा समय तक हमले करने और लोगों द्वारा इसका विरोध प्रदर्शन करना पुतिन के लिए नाकारात्मक साबित हो सकता है।

71 वर्षीय पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद के लिए अपने नाम की घोषणा की। बता दें कि वह 2030 में भी दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अगले साल मार्च में होने वाले रूसी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 15-17 मार्च को होगा। इस चुनाव में एक बार फिर से पुतिन की जीत तय है। इस बीच अधिकांश विपक्षी हस्तियों को या तो जेल में डाल दिया गया है या वे देश छोड़कर भाग गए हैं। वहीं,

**घोषणा**

**पुनर्निर्वाचन का लगभग पूरा आश्वासन मिलने के बाद अब विपक्षी दल ने पुतिन की छवि को कमजोर करने की पूरी कसम खा ली है। हालांकि, उनका मानना है कि पुतिन को ही राष्ट्रपति घोषित किया जाएगा चाहे मतदाता अपना मत कैसे भी डालें।**

लगभग सभी स्वतंत्र समाचार आउटलेटों को अवरुद्ध कर दिया गया है। कई साल पहले रूस छोड़ने वाले लियोनिद वोल्कोव ने कहा, हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि जिन मुद्दों को हम जनवरी, फरवरी, मार्च में उठा सकेंगे और सार्वजनिक एजेंडे में ला सकेंगे, वे चुनाव के बाद भी रूसियों के साथ बने रहेंगे।




जैसे ही पुतिन ने अपने नामांकन की घोषणा की वैसे ही विपक्षी टीम ने मॉस्को, सेंट पीटर्सबर्ग और अन्य रूसी शहरों में कई बिलबोर्ड लगाए। इन बिलबोर्ड पर रूस और हैप्पी न्यू ईयर लिखा हुआ था और क्यूआर कोड के साथ एक वेबसाइट लिंक था जिसमें लिखा था पुतिन के बिना रूस। इस वेबसाइट में लोगों से पुतिन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कम से कम 10 लोगों को मनाने का आग्रह करने की अपील की गई है।विपक्षी नेता गेन्नेडी गुडकोव ने समाचार एजेंसी,क्क को बताया कि इस अभियान का सामान्य लक्ष्य रूसियों को यह समझाना है कि %पुतिन के बिना भविष्य कैसा हो सकता है कोई युद्ध नहीं, कोई दमन नहीं, सरकार अर्थव्यवस्था, विज्ञान और शिक्षा जैसी चीजों पर ध्यान केंद्रित कर चुनाव प्रचार का प्रमुख उद्देश्य है। विपक्षी ने पहले ही एक उम्मीदवार का समर्थन करते हुए येकातेरिना डंटसोवा को चुनावी मैदान में उतारने की कोशिश कर रही है। येकातेरिना डंटसोवा मॉस्को के उत्तर में टेवर क्षेत्र की एक पत्रकार और वकील है जो कभी स्थानीय विधायिका की सदस्य थी। डेविडोव ने कहा, पुतिन को चुनौती देने के लिए एक विपक्षी उम्मीदवार को पंजीकृत करना जरूरी है। उन्होंने कहा, हम नतीजे, जीत की दिशा में काम करेंगे और देखेंगे कि

# पीएम मोदी रूस-भारत के संबंधों के मुख्य गारंटर

## प्रधानमंत्री की तारीफ में और क्या-क्या बोले रूसी राष्ट्रपति पुतिन?

**प्रशंसा**

**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की।**




**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर पीएम मोदी की सराहना की है। राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को नीतियों के लिए सराहा। उन्होंने पीएम मोदी को रूस-भारत संबंधों का मुख्य गारंटर बताया।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा अपनाई गई नीति ही मुख्य गारंटर है। जो द्विपक्षीय संबंधों का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। पुतिन ने रशिया कॉलिंग कार्यक्रम के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह कल्पना नहीं कर सकते कि मोदी को ऐसा कोई भी कार्य करने, कदम उठाने, निर्णय लेने के लिए डराया, धमकाया या मजबूर किया जा सकता है, जो भारत और भारतीयों के राष्ट्रीय हितों के विपरीत हो। उन्होंने कहा कि रूस और भारत के बीच सभी क्षेत्रों में संबंध विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पीएम मोदी पर गैर-मित्र देशों के कारण पड़ने वाले प्रभाव को समझ सकते हैं। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने खुलासा किया कि उन्होंने और पीएम मोदी ने इस विषय पर कभी चर्चा तक नहीं की। उन्होंने आगे कहा कि जो हो रहा है, मैं उसे बाहर से देखता हूं और स्पष्ट रूप से कहूं तो मुझे भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए उनके सख्त रुख को लेकर कभी-कभी हैरानी होती है। बता दें कि पुतिन ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह देश के राष्ट्रपति पद के लिए 2024 में होने वाला अगला चुनाव भी लड़ेंगे।

# अल्पसंख्यकों पर अत्याचार से अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रविवार को आयोजित मानवाधिकार दिवस के अवसर पर अफगानिस्तान, चीन और ईरान जैसे कुछ देशों के दर्जनों पर मानवाधिकार हनन के आरोप में प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसके साथ ही अमेरिका ने उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने पर तीन चीनी कंपनियों से भी आयात करने पर रोक लगा दी है। अमेरिका ने चीन की तीन प्रमुख कंपनियों कोफको शुगर होल्डिंग, शिजुआन जिंगवेदा टेक्नालिजी ग्रुप और एनहुई शिन्या से आयात पर रोक लगा दी है। श्रम कानूनों की अनदेखी के चलते चीनी



उत्पादक कंपनी से लेकर धागा बनाने वाली कंपनी तक को प्रतिबंधित किया गया है। इन तीन कंपनियों पर रोक लगाने के बाद से अमेरिका ने अब तक कुल 30 चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इसके अलावा, अमेरिकी वित्त विभाग ने शुक्रवार को मानवाधिकार हनन के आरोप में नौ देशों के बीस से अधिक लोगों पर प्रतिबंध लगाया है। इस बीच अमेरिकी विदेश विभाग ने रूस, इंडोनेशिया और चीन पर वीजा प्रतिबंध लगाया है। अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के दमन पर तालिबान और चीन के शिनजियांग प्रांत में मानवाधिकार हनन की शिकायतों के चलते दो चीनी अधिकारियों पर भी प्रतिबंध लगा है।

# इजरायल ने गाजा में तेज किए हमले

**रायटर, गाजा।** इजरायल ने गाजा पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इजरायली रक्षा बल (आइडीएफ) का दावा है कि उसने गाजा में बीते 24 घंटे में हमास आतंकियों के 450 ठिकानों को तबाह कर दिया है। गाजा में इतने बड़े हमले के बाद अमेरिका भी चिंतित हो उठा है। क्योंकि हर हमले में भारी संख्या में फलस्तीनी नागरिकों की भी मौत हो रही है। हमास ने कहा कि इजरायली सेना के साथ उत्तर में गाजा शहर के शेजाइया जिले में और दक्षिण में खान यूनिस में सबसे तीव्र झड़पें हो रही थीं। इस दौरान इजरायली सैनिक एन्क्लेव के दूसरे सबसे बड़े शहर के केंद्र में पहुंच गए थे। इजरायल ने गाजा पट्टी पर अपने हमले को और अधिक तेज कर दिया है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा में जमीन, समुद्र और हवा से 450 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, जो पिछले सप्ताह संघर्ष विराम के बाद से सबसे बड़ा हमला है। इजरायल-हमास में चल रहे भीषण युद्ध के चलते गाजा के अधिकांश लोग अब विस्थापित हो गए हैं और किसी भी सहायता तक पहुंचने में असमर्थ हैं। अस्पतालों में भीड़ बढ़ गई है और भोजन खत्म हो गया है। विस्थापितों की मदद कर रही संयुक्त राष्ट्र की मुख्य एजेंसी ने कहा कि समाज पूरी तरह से पतन के कगार पर है। इजरायल ने पहले कहा था कि उसके सैनिकों ने पिछले



महीने अपने कार्यों को काफी हद तक पूरा कर लिया है, उन्होंने इस सप्ताह नया हमला शुरू किया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हमले में 350 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। इसके साथ ही गाजा में गत दो महीने के इजरायली अभियान में मरने वालों की संख्या 17,170 से अधिक हो गई, जबकि हजारों लोग लापता हैं और माना जाता है कि वे मलबे में दबे हुए हैं।

फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को इजरायल के हमले से वेस्ट बैंक के तुबास में छह फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई है। हमला दक्षिणी तुबास के अल-फरा शरणार्थी शिविर पर किया गया। वहीं, पत्रकारों का अंतरराष्ट्रीय संघ ने दावा किया कि इजरायल युद्ध में अब तक 68 पत्रकार मारे गए है।

# ईवी चार्जिंग को अधिक सुलभ बनाना

## भारत पेट्रोलियम और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिलकर 7000 चार्जर स्थापित करेगा

**मुंबई।** भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) ने एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत, दोनों कंपनियां देश भर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेंगी।बीपीसीएल के पास देश भर में व्यापक फ्यूल स्टेशन हैं। टीपीईएम के पास भारत में 1.15 लाख से अधिक टाटा ईवी हैं। इस समझौते से दोनों कंपनियों को एक-दूसरे के संसाधनों का लाभ मिलेगा।बीपीसीएल अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए चार्जिंग स्टेशनों का उपयोग और प्रबंधन कैसे किया जाए, इस पर भी शोध करेगी। चार्जिंग स्टेशन ऐसे स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे जहां टाटा ईवी के मालिक अक्सर आते-जाते हैं।

टीपीईएम और बीपीसीएल ने टाटा ईवी मालिकों के अनुभव को बेहतर बनाना है। दोनों कंपनियां एक को-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली लागू करने की भी कोशिश

**इलेक्ट्रिक वाहन**

**टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में अग्रणी है।**

कर रही हैं।को-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्डएक ऐसा कार्ड होगा जो टाटा ईवी और बीपीसीएल दोनों के नाम से होगा। इस कार्ड का उपयोग टाटा ईवी मालिक बीपीसीएल के चार्जिंग स्टेशनों पर भुगतान करने के लिए कर सकेंगे।

भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पास देश भर में 21,000 से अधिक फ्यूल स्टेशन हैं। कंपनी एक सस्टेनेबल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लक्ष्य, निवेश और पर्यावरणीय लक्ष्यों को मिलाकर इसे हासिल करने की कोशिश कर रही है। बीपीसीएल का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में अपने




7,000 से अधिक फ्यूल स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को चार्जिंग के लिए आसानी होगी।बीपीसीएल ने इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों की माइलेज चिंता को दूर करने के लिए देश भर में 90 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन फास्ट चार्जिंग हाईवे कॉरिडोर की पहल की है। इससे प्रमुख हाइवेज के दोनों ओर लगभग हर 100 किलोमीटर पर एक फास्ट चार्जिंग स्टेशन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। ये कॉरिडोर अलग-अलग मार्गों पर 30,000 किलोमीटर से अधिक हाइवेज में फैले हुए हैं। बीपीसीएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इन-चार्ज, संतोष कुमार के अनुसार,''भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने वर्ष 2040 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने की दूरदृष्टि रखी है। इसके लिए, कंपनी अपने 7,000 पारंपरिक रिटेल आउटलेट्स को एनर्जी स्टेशनों में बदलने का लक्ष्य रखी है। यह एक व्यापक अकार्बनीकरण रणनीति का हिस्सा है।बीपीसीएल ने पहले ही विभिन्न हाइवेज पर फास्ट चार्जिंग स्टेशनों का एक बड़ा नेटवर्क स्थापित कर लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहयोग एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। टीपीईएम के साथ मिलकर काम करने से बीपीसीएल और टीपीईएम का ईवी अभियान अगले स्तर पर पहुंचेगा।इस सहयोग से ईवी के ग्राहकों को वास्तविक आनंद मिलेगा। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में अग्रणी है। कंपनी के पास भारत में इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहनों के बाजार में 71त्न से अधिक हिस्सेदारी है।भारतीय सड़कों पर 1,15,000 से अधिक टाटा ईवी चल रही हैं। इनमें से 75त्न वाहन प्राथमिक वाहन के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि इन वाहनों का उपयोग लोगों द्वारा अपनी दैनिक यात्राओं के लिए किया जाता है।टीपीईएम भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति में लगातार अग्रणी बनी हुई है। कंपनी नई ईवी मॉडलों को लॉन्च कर रही है और अपने चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार कर रही है।

## टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक नेडिजिटल फाइनेंसिंग के आसान समाधान देने के लिए समझौता ज्ञापन किया

**मुंबई।** भारत में कमर्शल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता, टाटा मोटर्स और निजी क्षेत्र में देश के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इस एमओयू के तहत कंपनी अपने कमर्शल वाहन के ग्राहकों को फाइनेंसिंग के आकर्षक डिजिटल समाधान प्रदान करेगी। इस साझेदारी ने टाटा मोटर्स के कमर्शल वाहन के उपभोक्ताओं की फाइनेंशियल सर्विसेज तक पहुंच बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। इस साझेदारी की मदद से टाटा मोटर्स के उपभोक्ता अब टाटा मोटर्स के ऑनलाइन सेल्स प्लेटफॉर्म और नए टाटा ई-गुरु मोबाइल ऐप्लीकेशन के जरिए आसानी से एचडीएफसी बैंक के वाहन फाइनेंसिंग समाधानों तक पहुंच बना सकते हैं। डिजिटल इकोसिस्टम में फाइनेंशियल सर्विसेज के शामिल होने से फाइनेंसिंग की प्रक्रिया आसान होगी और ग्राहकों को जरूरतों के मुताबिक अपने पसंदीदा फाइनेंसर को चुनने की आजादी मिलेगी। टाटा मोटर्स में ट्रक डिजिवन के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड श्री राजेश कौल ने कहा, ÷हम उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक ध्यान देते हैं और इसलिए हमें टाटा मोटर्स के ऑनलाइन सेल्स प्लेटफॉर्म और ई-गुरु पर एचडीएफसी बैंक को शामिल कर खुशी हो रही है। इससे हम अपने उपभोक्ता को फाइनेंस हासिल करने के आसान और लचीले विकल्प मुहैया करा रहे हैं। यह साझेदारी नए-नए सोल्यूशंस से उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता से मेल खाती है। एचडीएफसी बैंक की विशेषज्ञता और पहुंच के साथ, हमारा मकसद अपने उपभोक्ताओं को अलग-अलग रेंज में फाइनेंस के विकल्प मुहैया कराना है, जो उनकी विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हैं। यह सहयोग सबसे बेहतरीन तरीके से उपभोक्ताओं की सेवा और प्रॉडक्ट्स पेश करने के क्षेत्र में हमारी प्रतिबद्धता की ओर महत्वपूर्ण कदम है। एचडीएफसी बैंक के कमर्शल व्हीकल ग्रुप के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री बालाजी वर्मा ने इस घोषणा के बारे में कहा, ÷हम टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी करके खुश हैं। इससे उनके कमर्शल वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को डिजिटल फाइनेंसिंग के आकर्षक समाधान मिलेंगे। उपभोक्ताओं की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारे सोल्यूशंस बेहद सावधानी से कस्टमाइज किए गए हैं। इससे उन्हें अपनी जरूरतों के मुताबिक वाहन खरीदने का शानदार अनुभव मिलेगा। वाहन को फाइनेंस कराने की सुविधा सभी तक आसानी से पहुंचाने से ग्राहकों को अत्यधिक फायदा होता है और हम वाहन फाइनेंसिंग के अनुभव को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

यह महत्वपूर्ण सहयोग टाटा मोटर्स के सभी कमर्शल वाहनों की फाइनेंसिंग के क्षेत्र कोकवर करता है। इसमें बसें, ट्रक और छोटे कमर्शल वाहन एवं पिकअप्स शामिल है। टाटा मोटर्स अपने उपभोक्ताओं की नई-नई जरूरतों को समझने और उसे पूरा करने के लिए समर्पित है। कंपनी न केवल प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज के लिहाज से बल्कि वित्तीय सहयोग के नजरिये से भीअपने उपभोक्ताओं की जरूरतों का आकलन करने के लिए उनसे जुड़ी रहती है।

## एमजी मोटर इंडिया ने दिसंबर फेस्ट की घोषणा की, ग्राहकों के लिए आकर्षक बेनिफिट्स की पेशकश




**लखनऊ।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने अपने दिसंबर फेस्ट इन इंडिया के हिस्से के रूप में अपने संपूर्ण उत्पाद लाइनअप पर विशेष ऑफ़र और बेनिफिट्स की घोषणा की है। एमजी का दिसंबर फेस्ट ब्रांड की समृद्ध ऑटोमोटिव विरासत का जश्न मनाता है और साथ ही कार उत्साही लोगों के लिए कंपनी की विविध उत्पाद श्रृंखला में क्वॉलिटी, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के प्रति एमजी की प्रतिबद्धता का अनुभव करने का एक रोमांचक अवसर है।

संभावित ग्राहक निम्नलिखित ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए अपने निकटतम डीलरशिप पर जा सकते हैं-

स्टाइलिश एमजी एस्टोर पर 1,00,000 रुपये तक के लाभ और 50,000 रुपये* का एक्सचेंज लाभ। एक ऐसा वाहन, जो अभिनव एआई सुविधाओं का एक बुके प्रदान करता है।

एमजी की प्रीमियम एसयूवी, एडवांस्ड ग्लोस्टर पर 1,00,000 रुपये तक का लाभ और 50,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ उपलब्ध है।

एमजी ज़ेडएस पर 1,00,000 रुपये तक का लाभ और 50,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ। कंपनी का प्रमुख ईवी ईको फ्रेंडली मोबिलिटी को और अधिक सुलभ बनाता है।

नेक्स्ट-जेन हेक्टर 50,000 रुपये तक के लाभ और अतिरिक्त 50,000 रुपये के एक्सचेंज लाभ के साथ उपलब्ध है।

एमजी कॉमेट - स्मार्ट ईवी अब 65,000 रुपये तक के लाभ के साथ उपलब्ध होगी। ब्रांड के साथ जुड़ने के लिए ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम अवसर पैदा करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, ग्राहक अनुभवों/एक्सपीरियंस को बढ़ाने पर कंपनी का अटूट फोकस बरकरार है। एमजी मोटर इंडिया ने लगातार तीसरे वर्ष वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त जेडी पावर के सीएसआई (ग्राहक संतुष्टि सूचकांक) में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, एसएसआई (बिक्री संतुष्टि सूचकांक) अध्ययन 2023 में, ब्रांड ने लगातार 2021 और 2022 में पहला स्थान और 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया है ग्राहकों को जनवरी 2024 से शुरू होने वाली मूल्य वृद्धि से पहले इन ऑफ़र्स का लाभ उठाने और एमजी के साथ गतिशीलता/मोबिलिटी के भविष्य का अनुभव करने के लिए अपने निकटतम एमजी मोटर इंडिया डीलरशिप या https://www.mgmotor.co.in/ पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने शुरू किया गया भारत का पहला इंक्यूबेटर

**लखनऊ।** इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने आज भारत सरकार मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ मिलकर पोषण उपलब्ध कराने की सेवाओं को मज़बूती देने के लिए पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म (पीआईपी) की शुरुआत करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य अंतिम छोर पर मौजूद माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार करना है। प्लेटफॉर्म शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप, यूनिवर्सिटी इंक्यूबेटर, सिविल सोसाइटी नेटवर्क और देश के कारोबारों को अपने शानदार इनोवेशन को अवधारणा के प्रमाण के साथ लोगों के सामने लाने के लिए मंच उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफॉर्म मार्गदर्शन, सीड फंडिंग और निवेश के अवसर उपलब्ध कराएगा, ताकि इन इनोवेशन को सफलतापूर्वक विस्तार दिया जा सके। पीआईपी की शुरुआत द कैटलिस्ट 2030, इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव, अकादमिक क्षेत्र, कारोबारों, सरकार और सिविल सोसाइटी के संगठनों और लोगों के नए और बढ़ते समूह ने मिलकर की




है जो अच्छी सेहत व देखभाल और भूख की समस्या को कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

नॉलेज पार्टनर के तौर पर जुड़े भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के समर्थन के साथ-साथ विटामिन एंजेल्स, जेएचपीआईईजीओ, ट्रांसफॉर्म रुरल इंडिया (टीआरआई), यूनिसेफ इंडिया जैसे आईएनसी सदस्य संगठनों और सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में काम करने वाले डॉ. राजन शंकर और डॉ. स्मृति पाहवा जैसे जाने-माने पोषण विशेषज्ञों के साथ प्लेटफॉर्म पूरे देश में ऐसे इनोवेशन को बढ़ावा देता है जिनमें अंतिम पायदान पर मौजूद पोषण की समस्याओं का सामना कर रही माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में बदलाव करने की क्षमता रखता है। युवाओं के बीच स्टंटिंग एंड वेस्टिंग (उम्र के हिसाब से वज़न और कद का अनुपात) के स्तर को कम करने और प्रजनन योग्य आयु समूह की महिलाओं में एनीमिया के मामलों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्लेटफॉर्म लैंगिक समानता, डिजिटल समानता, बाज़ार में समानता और पोषण की चाह रखने वाले व्यवहार को बढ़ावा देने के क्षेत्र में इनोवेशन को गति देगा। ऐसे बहुआयामी प्रयासों से पीढ़ीगत गरीबी को खत्म करने और ग्रामीण भारतीयों को समान अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।


चुने गए इनोवेशन के समूह में से आठ इनोवेशन को चुना जाएगा जिसका निर्णय विभिन्न क्षेत्रों से आने लोगों के साथ बनाया गया निर्णायक मंडल करेगा। जिन इनोवेशन के पास क्रियान्वयन के साथ अवधारणा का प्रमाण, स्थायित्व से जुड़े प्रमाण, प्रभाव और अंतिम पायदान तक डिलिवरी करने का प्रमाण होगा, वे 3 करोड़ रुपये के पीआईपी ग्रांट चैलेंज ट्रस्ट फंड के माध्यम से वित्तीय मदद और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

## एसआईपी में निवेश पहली बार 17,000 करोड़ पार, विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के अधिक




**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी के जरिये नवंबर में निवेश पहली बार 17,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंडों में निवेश 22 फीसदी घटकर 15,536 करोड़ रुपये रहा है। कुल एसआईपी खाते 7.44 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। नवंबर में 30.80 लाख नए एसआईपी खाते खोले गए। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, नवंबर में 17,073 करोड़ रुपये का एसआईपी आया है। अक्तूबर में इक्विटी फंडों में 19,957 करोड़ रुपये का निवेश आया था। सितंबर में यह 14,091 करोड़ था। जानकारों का कहना है कि दिवाली के त्योहारी सीजन और बैंकों की छुट्टियों से नवंबर में इक्विटी में कम निवेश आया है। नवंबर में लगातार 33वें महीने इक्विटी फंडों में निवेश आया है। सभी कैटेगरी में निवेशकों ने पैसे लगाए हैं। इस दौरान कुल 6 नए फंड लॉन्च हुए, जिनसे 1,907 करोड़ रुपये जुटाए गए। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार महीने बाद पहली बार 600 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। एक दिसंबर को यह 604 अरब डॉलर था। इससे पहले 11 अगस्त, 2023 को विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से अधिक था। 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह भंडार 597.93 अरब डॉलर था, जबकि अक्तूबर, 2021 में 642 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## आयकर विभाग की ओडिशा में शराब निर्माता कंपनियों के खिलाफ छापेमारी तीसरे दिन भी जारी, अब तक 290 करोड़ बरामद




**भुवनेश्वर।** आयकर विभाग लगातार ओडिशा में कर नहीं चुकाने वालों पर शिकंजा कस रहा है। शुक्रवार के बाद शनिवार को भी विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई जारी रखी। इसी क्रम में, ओडिशा में शराब की कंपनी में काम करने वाले एक समूह के खिलाफ आयकर विभाग ने आज अपनी कार्रवाई तेज की। माना जा रहा है कि आयकर विभाग के छापों के बाद बेहिसाबी नकदी जब्त हुई है, जो किसी भी एजेंसी द्वारा एक ही अभियान में जब्त किया गया अब तक का सबसे अधिक काला धन है।

अधिकारियों ने बताया कि कर विभाग ने नोटों की गिनती के लिए करीब 40 बड़ी और छोटी मशीनें लगाई हैं। इसके अलावा विभाग और बैंक के और कर्मचारियों को बुलाया गया है। वहीं, विभाग द्वारा जब्त नकदी को राज्य के सरकारी बैंकों में ले जाने के लिए और वाहनों की भी मांग की गई है। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से जुड़े एक परिसर की भी तलाशी ली गई। अधिकारी अब कंपनी के विभिन्न अधिकारियों और इसमें शामिल अन्य लोगों के बयान दर्ज कर रहे हैं और नकदी की गिनती शनिवार तक पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि करीब 290 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि आयाकर विभाग ने सख्ती कर शुक्रवार तक करीब 225 करोड़ रुपये बरामद किए। वहीं, शनिवार को जारी कार्रवाई के दौरान टीम ने बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा इलाके में एक देसी शराब निर्माता के घर से 20 बैग नकदी जब्त की। बरामद राशि की गिनती की जा रही है और इसके 50 करोड़ रुपये से अधिक होने की आशंका है।

आयकर विभाग के अधिकारी शुक्रवार को 156 नकदी से भरे बैगों को गिनती के लिए बोलांगीर में मौजूद एसबीआई की मुख्य शाखा ले गए थे। हालांकि, पिछले तीन दिनों से भुवनेश्वर में डेरा डाले आयकर महानिदेशक संजय बहादुर ने छापेमारी के बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि उनके लोग इस पर काम कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, शराब की भट्टी करने वाले समूह के खिलाफ 150 अधिकारियों ने छापेमारी की। इसके अलावा छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से बरामद डिजिटल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए हैदराबाद के 20 अन्य अधिकारियों को भी काम पर लगाया गया है।

## भारत दुनिया के विकास का इंजन, देश की आर्थिक तरक्की पर फिक्की की एजीएम में बोले राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को FICCI की 96वीं एजीएम को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने देश के आर्थिक विकास पर बात की और कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, ऐसे में यह स्वभाविक है कि भारत की आर्थिक तरक्की का असर अन्य देशों की आर्थिक तरक्की पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारत को आज के समय का ग्रोथ इंजन कहा जा रहा है। यह सभी भी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांच शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। साल 2027 तक कई विशेषज्ञों का कहना है कि हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। दुनिया की शीर्ष रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर्स ने भी कहा है कि भारत आज दुनिया के ग्रोथ इंजन की भूमिका में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की विकास की रफ्तार धीमी होगी और भारत की विकास की रफ्तार तेज होगी।

इससे पहले शुक्रवार को फिक्की की एजीएम को संबोधित करते हुए भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत को साल 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरकार और हमारे उद्योग सामूहिक रूप से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। देश के पास 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं, जिससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा है। विदेशी बैंकर भारतीय मुद्रा को दुनिया में सबसे सुरक्षित बता रहे हैं।

## कृति सेनन ने लखनऊ के आलमबाग में कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने लखनऊ के आलमबाग में कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूमों का उद्घाटन किया। इस दौरान बॉलीवुड दिवा कृति सेनन की एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा लखनऊ शहर मानो थम सा गया था। नए शोरूमों के लॉन्च के साथ, कल्याण ज्वैलर्स ने शाही शहर लखनऊ में पांच स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। बॉलीवुड स्टार कृति सैनन द्वारा उद्घाटन किए गए ये बिल्कुल नए शोरूम ग्राहकों को आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी इस क्षेत्र में अपने फुटप्रिंट और अपने कामकाज का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि ब्रांड को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके और उत्तर प्रदेश में ग्राहकों के लिए कल्याण ज्वैलर्स तक पहुंचना और अधिक आसान बनाया जा सके।

उत्साहित भीड़ को संबोधित करते हुए, बॉलीवुड सुपरस्टार कृति सेनन ने कहा, ''कल्याण ज्वैलर्स के इस शानदार नए शोरूम का उद्घाटन करते हुए मैं बेहद खुशी का अनुभव कर रही हूं। इस शानदार इवेंट का हिस्सा बनना वास्तव में मेरे लिए सम्मान की



बात है। कल्याण ज्वैलर्स द्वारा पेश किए जाने वाले कलैक्शन खूबसूरती के साथ-साथ कारीगरी के अद्भुत प्रतीक हैं, जो देश के विभिन्न हिस्सों की परंपराओं का जश्न मनाते हैं। ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का प्रतिनिधित्व करना वाकई सम्मान की बात है। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहकों को सबसे पहले रखते हुए भारत के आभूषण उद्योग में क्रांति लाने में सबसे आगे रहा है। मुझे विश्वास है कि निष्ठावान ग्राहक ब्रांड के प्रति अपना प्यार और समर्थन देना जारी रखेंगे।''

नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, ''अपनी तीन दशक लंबी यात्रा में, हमने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को बेहतरीन बनाने के लिए हमने एक खास ईको सिस्टम तैयार किया है। लखनऊ के आलमबाग में हमारे नए शोरूम की शुरुआत करने के साथ हमारा लक्ष्य ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और शहर में ग्राहकों के लिए इसकी पहुंच को और अधिक आसान बनाना है। क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में हमारी निरंतर उपस्थिति इस बाजार और हमारे ग्राहकों के प्रति हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है। हम अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी अनुभव प्रदान करना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही इस मौके पर यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि आने वाले समय में कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों पर खरा उतरेंगे।'' लॉन्च ऑफर के हिस्से के रूप में, ग्राहक सभी आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 20 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 'कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट' लागू होगी, जो बाजार में सबसे कम है और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। इस तरह ग्राहकों को एक सहज और सर्विस-सपोर्टेड खरीदारी का अनुभव मिलेगा। वर्तमान में, कल्याण ज्वैलर्स उत्तर प्रदेश राज्य में 11 स्थानों पर मौजूद है, जिनमें कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद और नोएडा जैसे प्रमुख बाजार शामिल हैं।

कल्याण ज्वैलर्स में खुदरा बिक्री वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क वाले हैं, और कई शुद्धता परीक्षणों से गुजरते हैं।

## श्रीमद्भगवदगीताः तात्विक भाव पुस्तक का हुआ विमोचन

**लखनऊ।** सहकारिता भवन स्थित चौधरी चरण सिंह ऑडिटोरियम में आज प्रसिद्ध भौतिकविद डॉक्टर उदय प्रताप सिंह




द्वारा लिखित पुस्तक श्रीमद्भगवद्गीता तात्विक भाव का विमोचन समारोह बड़ी भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान एवं पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रोफेसर ओम प्रकाश पाण्डेय रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉक्टर विद्या विंदु सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार, डॉक्टर रश्मिशील,वरिष्ठ साहित्यकार, डॉक्टर दिनेश चन्द्र अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, लखनऊ, डॉक्टर दिवाकर दलेला, पूर्व अध्यक्ष, यूरोलॉजी विभाग, केजीएमयू, डॉक्टर सर्वेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व निदेशक, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, प्रोफेसर राकेश सिंह, हिंदी विभाग, इलाहाबाद विश्विद्यालय, प्रयागराज, डॉक्टर परमजीत कौर, श्रीमती चंद्रकांता सिंह, डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह, डॉक्टर सोनल गहलोत, आरके तिवारी, पूर्व डीजीपी, उत्तर प्रदेश, रवि कपूर, प्रसिद्ध छायाकार तथा यूनिवर्सल के प्रतिनिधि, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद,अशोक सिंह सहित कई गणमान्य हस्तियां, प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, साहित्यकार, इष्ट मित्र, पारिवारिकजन तथा काफी संख्या में मीडिया कर्मी उपस्थित थे।दर्शकों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वाणी-वंदना से हुई, फिर सभी अतिथियों को मंच पर शाल, पुष्प-गुच्छ तथा मोमेंटो देकर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समारोह का सफल संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक तथा शासन में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत श्री अजय कुमार पाण्डेय द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। समारोह में उपस्थित सभी प्रसिद्ध वक्ताओं ने पुस्तक पर अपने- अपने सारगर्भित विचार रखे तथा पुस्तक पर गहन चर्चा-परिचर्चा की तथा इस पुस्तक को मानव जीवन का आधार और आवश्यकता बताते हुए इस पर विस्तार से प्रकाश डाला और इस आध्यात्मिक पुस्तक को पठनीय एवं संग्रहणीय बताया।

पुस्तक के लेखक डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने अपने लेखकीय उद्बोधन में पुस्तक के विषय वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसके व्यवहारिक और आध्यात्मिक पक्ष को रेखांकित किया।अंत में, समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर ओम प्रकाश पाण्डेय के अध्यक्षीय सारगर्भित उद्बोधन तथा रतन कुमार श्रीवास्तव रतन के आभार ज्ञापन के साथ विमोचन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भारत में हर साल पांच करोड़ आईफोन बनाएगी एपल, अमेरिकी कंपनी की देश में विस्तार की योजना



**नई दिल्ली।** एपल व इसके अन्य आपूर्तिकर्ता भारत में अगले दो-तीन साल में सालाना 5 करोड़ आईफोन बनाएंगे। एपल की रणनीति चीन पर निर्भरता कम कर अन्य देशों में आपूर्ति श्रृंखला को ले जाना है। रणनीति सफल हुई तो भारत वैश्विक आईफोन उत्पादन में इस दशक के अंत तक एक चौथाई का योगदान कर सकेगा।

एपल की प्रमुख आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन ने पिछले माह भारत में करीब 13,000 करोड़ के निवेश की घोषणा की थी। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना के तहत मिल रही सब्सिडी से एपल की आपूर्तिकर्ता कंपनियां भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ा रही हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, कर्नाटक में फॉक्सकॉन के कारखाने से अप्रैल से उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इसका लक्ष्य सालाना 2 करोड़ मोबाइल फोन बनाने का है। इसमें ज्यादातर आईफोन होंगे। कंपनी दूसरा कारखाना भी लगाने की तैयारी में है। एपल ने पिछले वित्त वर्ष में 58,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के आईफोन असेंबल भारत में किया था। टाटा समूह तमिलनाडु में भी आईफोन बनाने की योजना बना रहा है। दो वर्षों में इसमें 20 असेंबली लाइन होंगी और 50,000 कर्मचारी हो सकते हैं। समूह पहले से ही आईफोन बनाने के लिए कर्नाटक में विस्ट्रॉन की फैक्टरी खरीद चुका है।

# संवेदनशील सरकार में होती है गरीब-कमजोर की सुनवाई : सीएम योगी

## सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

## विकास में बाधक कुरीतियों को पनपने नहीं देना है : मुख्यमंत्री

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 1500 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।

**योजना के तहत अब तक हो चुके हैं तीन लाख बेटियों के हाथ पीले**

आदित्यनाथने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक करीब तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है।

**महिला सशक्तिकरण केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता**



मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृ वंदना जैसे कई कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा व प्रेरणा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने संसद में एक नया विधेयक भी पारित किया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत व नगर निकायों की तर्ज पर संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 01 करोड़ 75 लाख तथा देश में 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो इस योजना के तहत होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर मिलना भी शुरू हो चुका है। उन्होंने गरीबों को मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड देने की योजनाओं को उन्हें गरीबी से उबारने के साथ महिला सशक्तिकरण के अभियान का हिस्सा बताया।

***25 हजार रुपये होगी कन्या सुमंगला योजना की राशि***

सीएम योगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक 15000 रुपये का पैकेज उपलब्ध कराया जाता है। नए वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया जाएगा। बेटी की पढ़ाई तो मुक्त होगी ही, उसके अन्य खर्चों के लिए भी इस योजना से राशि मिल जाएगी।

***सीएम से लेकर विधायक तक, आनंद का अद्भुत क्षण***

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है जहां मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं।

***दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र व उपहार भी किया भेंट***

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1500 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां




**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोड़ादेउर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अहिरौली मंडल अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि देश में केन्द्र सरकार भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाकर उल्लेखनीय विकास कार्य को आगे बढ़ाया है तथा विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ते हुए तमाम बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया है। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरव त्रिपाठी ने कहा की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों को अपना हितैषी समझा सबका साथ सबका विकास मंत्र के साथ सभी को सरकार के तमाम योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इस अवसर पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यो का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है।

# कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकला विरोध मार्च

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के 10 ठिकानों से करोड़ों रूपये की नकदी बरामद होने के बाद भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। शनिवार को जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में भाजपा के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रविन्द्र नगर पार्टी कार्यालय से रविन्द्र नाथ टैगोर चौक तक कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च निकालकर कांग्रेस पार्टी और राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कांग्रेस पार्टी पर देश को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी कांग्रेस सिर्फ गरीबों के पैसे हड़पना जानती है। लूट-खसोट करना कांग्रेस के नस-नस में है। आयकर विभाग के छापे में झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद 300 करोड़ रुपए इसका जीता-जागता उदाहरण है। जिलाध्यक्ष ने



कांग्रेस से सवाल किया है कि कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां 300 करोड़ रुपया बरामद हुआ है। इस पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी क्या जवाब देंगी। खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से अरबों रुपये नगद बरामद होना कोई सामान्य घटना नहीं है। इतनी बड़ी रकम किसी एक व्यक्ति की नहीं हो सकती हमें अंदेशा है कि, ज़ब्त की गई अरबों रुपये की राशि में कांग्रेस के बड़े बड़े नेताओं का भी हिस्सा है। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा धीरज साहू जैसे सैकड़ों नेताओं के घर अवैध रुपए रखे गए हैं जिसे 2024 के लोकसभा चुनाव में गलत प्रयोग किया जाएगा। हाटा विधायक मोहन वर्मा, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी और बंका सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के पर्यायी कांग्रेस पार्टी जनता की गाढ़ी कमाई से देश-विदेशों में अपने लिए नामी बेनामी संपत्ति खरीद रहे हैं। नेताओं ने मांग किया कि धीरज साहू पर प्राथमिकी दर्ज कर अविलंब उनकी गिरफ्तारी की जाय और कड़ाई से पूछताछ कर इस महा घोटाले में शामिल अन्य लोगों पर भी कार्रवाई हो।

# बस परिचालक से मारपीट कर पैसा लूटने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** निगम की बस के परिचालक ने मारपीट करने तथा सरकारी रुपये लूटने का आरोप कुछ लोगों पर लगाया है।घायल परिचालक ने इलाज के बाद सेवरही पुलिस को तहरीर दिया है। तहरीर के मुताबिक गोरखपुर से तमकुहीरोड चलने वाले बस नम्बर यूपी 53जीटी 3172का परिचालक राहुल गुप्ता पुत्र हरिनाथ गुप्ता निवासी तमकुहीराज ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को रात दस बजे सवारी उतारने के बाद वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आधा दर्जन लोगों द्वारा मेरे उपर हमला कर दिया गया। तथा मुझे मारने पीटने लगा गया। इस दौरान मेरे पास किराया वसूल कर बैग में रखा गया सात हज़ार रुपए लूट लिया गया। लूटा गया रुपया निगम की संपत्ति थी। जिसे अगले दिन जमा करना था। ड्राईवर द्वारा मेरे घर सूचना देने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज हेतु सीएचसी पहुंचाया गया। उक्त मामले की तहरीर देकर पीड़ित परिचालक ने करवाई की मांग की है।

# दीनी तालिम के साथ दुनियावीं तालीम जरूरी : सैय्यद नूरानी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** इज्जत व गौरव सिर्फ अल्लाह की जात के लिए है। वही जिसको चाहता है अता कर देता है जिसे चाहता है निम्न बना देता है। उपरोक्त बातें सेवरही स्थित मदरसा दारूल इशाअत के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय फैजाने कुरान व ख़्वातीने इस्लाम कांफ्रेंस व जश्ने दस्तारबन्दी को संबोधित करते हुए मौलाना सय्यद नूरानी मियां किछौछा ने कहा। उन्होंने कहा कि इंसान ज़िस्म रूह का संग्रह है, अगर जिस्म से रूह अलग हो जाए तो जिसम इंसान की हैसियत खो देती है फिर इंसान की गणना मय्यत (मृतक) के रूप में होती है जिसे खाक में मिलाने के लिए लोग बेचैन रहते हैं। जिस्म को कोई बीमारी लग जाए तो इलाज हेतु डॉक्टर के पास जाते हैं बीमारी दूर करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं क्या हमने कभी सोचा कि हमारी रूह भी बीमार होती है। जिसका इलाज अल्लाह की राजा के लिए सिर्फ और सिर्फ उसकी इबादत करना है। वही जलसे दस्तारबंदी को खिताब करते हुए



मौलाना अजहरूल कादरी ने कहा कि जो लोग मस्जिदों और मदरसों को आबाद करते है अल्लाह तआला उनके घरों को आबाद करता है। उन्होने लोगो से कुरआन व हदीस पर चलकर अपनी जिन्दगी गुजारने की ताकिद करते हुए अपने बच्चों को दीनी तालिम के साथ साथ दुनियावीं तालीम दिलाने पर भी ज़ोर दिया। कार्यक्रम के दौरान रज़ा जामा मस्जिद के पेशे ईमाम मदरसा दारूल इशाअत के शोबऐ हिफ्ज के सदर मुदर्रिश कारी मोहम्मद जिकरूल्लाह की सदारत में मोहम्मद शाकिर रज़ा, मोहम्मद दानिश रज़ा, मोहम्मद तौक़ीर, हामिद रज़ा, मोहम्मद अशरफ़ रज़ा, मो लुक़मान, मोहम्मद दानिश व हाफीजा साज़िया इमरान की दस्तारबन्दी करते हुए उन्हे फूल मालाओं से लाद ईनाम से नवाजा गया। जलसे की सदारत अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद मतलूब कादरी व संचालन हाफिज व क़ारी गुलाम मुर्तजा शम्सी ने किया। इस दौरान जलसे को खिताब करने वालों में मुख्य रूप से हाफिज व कारी कारी मोहम्मद सलीम रिजवी, मौलाना इक़बाल अमज़दी, मौलाना गुलाम मुस्तफा, हाफ़िज हैदर अली आदि रहे। वही नात ख्वानी गुलाम नूरे मोजस्सम कादरी, मौलान अरशद रज़ा नूरी, मोहम्मद मासूम रज़ा आदि ने बेहतरीन कलाम पेश करते हुए माहौल में ताजगी पैदा कर दिया। क़ारी ज़िकरुल्लाह द्वारा पढ़ी गई नात उसको भला क्या जलायेगीं जहन्नम की आग भी, महफूज़ जिसके सीने में कुरआन हो गया' को खूब सराहा गया। प्रोग्राम के अंत में सलातों सलाम के बाद दुआ मे विशेष तौर पर मूल्क की सलामती व पूरे दुनिया के इंसानी जान की हिफाज़त की दुआएं मांगी गई।

# सर्किट हाउस से सटे अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों से मिले मुख्यमंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**

**गोरखपुर।** अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में ख्याति बटोरने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों ने कोई ख्वाहिश की तो उसे भी अभिभावक बनकर पूरा करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो बच्चों को भी अपने सीएम योगी पर नाज है। योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों को उन पर गर्व की अनुभूति का एक संगम शनिवार सुबह गोरखपुर में देखा गया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुलाकात तो की ही, चॉकलेट देकर हेलिकॉप्टर के बारे में



उनकी जिज्ञासा को भी तृप्त कराया। शनिवार सुबह गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए दो स्कूलों के बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगता है। हवा में लहराते सैकडों बच्चों के हाथ देख और बाल कंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच जाते हैं। फिर वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह। अंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, गिफ्ट में चॉकलेट, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी। अकस्मात इस आत्मीय मुलाकात-संवाद के बीच बंद गेट से कई बच्चे मुख्यमंत्री की तरफ हाथ बढ़ा देते हैं और सीएम भी बिना पल गंवाए अभिभावक सरीखे होकर उनके हाथ थाम लेते हैं। इस बीच कई बच्चों ने मुख्यमंत्री के समक्ष हेलिकॉप्टर के बारे में नजदीक से जानने की इच्छा व्यक्त की। इस पर सीएम योगी ने पायलट और अधिकारियों से कहा कि बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारियों ने बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाया जहां बच्चों की फोटो भी खींची गई। सभी बच्चों को अधिकारियों ने चॉकलेट गिफ्ट किया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल बरगदवा एयर एसआरजी लिटिल एंजेल चरगांवा के बच्चे शामिल रहे।

# अवैध मिट्टी खनन करते ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा

**अवधनामा सवांददाता**

**गोरखपुर।** नायब तहसीलदार जयप्रकाश ने अवैध मिट्टी खनन करते हुए क्षेत्र के खड़ेसरी गांव से एक ट्रैक्टर ट्राली को चालक पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

नायब तहसीलदार ने बताया कि सूचना मिली कि धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर कोतवाली में सुपुर्द कर दिया गया है। जहां पुलिस सीज कर दी है। कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन करने की अनुमति किसी को नहीं है। ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के बाद से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा है।

# पड़ोसी देश पोलियो की जद में, बचाव के लिए बच्चों को पिलाएं दवा : सीएमओ

**अवधनामा संवाददाता**

गोरखपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने कहा है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस साल भी पोलियो के मामले सामने आए हैं। ऐसे में इस बीमारी से बचाव के लिए अभिभावकों को आगे आकर अपने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलवानी होगी। इसके लिए प्रस्तावित अभियान के पहले दिन 10 दिसम्बर को जिले में बूथ पर दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 11 दिसम्बर से पंद्रह दिसम्बर तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर दवा पिलाएंगी। छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने के लिए 17 दिसम्बर को बी टीम चलेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 1994 तक वैश्विक पल्स पोलियो के 60 फीसदी मामले भारत में थे। इसे देखते हुए 02 अक्टूबर 1994 को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था। समुदाय की सहभागिता और जनजागरूकता से यह अभियान सफल रहा और भारत में पोलियो का आखिरी मामला 13 जनवरी 2011 को पश्चिमी बंगाल के हावड़ा में पाया गया। देश को 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पोलियो मुक्त का प्रमाणन भी दे दिया है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान समेत दुनिया के कुछ और देशों में पोलियो का वायरस सक्रिय तौर पर मौजूद है। यही वजह है कि अभी भी शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को इस वायरस से प्रतिरक्षित करने के लिए पल्स पोलियो की दवा पिलवाना अनिवार्य है। इस साल पाकिस्तान में पल्स पोलियो के छह मामले सामने आए हैं जो भारत के लिए भी चिंताजनक हैं । डॉ दूबे ने बताया कि प्रदेश के 50 जिलों में यह अभियान चल रहा है जिसमें गोरखपुर भी शामिल है। पल्स पोलियो की दवा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान भी पिलाई जाती है। जिन बच्चों ने नियमित टीकाकरण के दौरान इसका सेवन किया है, उन्हें भी दवा पिलायी जानी है। अभियान के दौरान ईंट भट्ठा श्रमिकों, मलिन बस्तियों और घूमंतू प्रजाति के लोगों को दवा पिलाने पर विशेष जोर रहेगा। अभियान के दौरान उपलब्ध कराई जाने वाली दवा कोल्ड चेन में रखी जाती है जो पूरी तरह से सुरक्षित और असरदार है। नजदीकी बूथ के बारे में जानकारी के लिए लोगों को आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सम्पर्क करना चाहिए। इस बार के अभियान में भी अभियान में सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी, जेएसआई, डब्ल्यूजेसीएफ और सीफार का सहयोग मिल रहा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का दर्शन : सीएम योगी

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों के अंदर भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर 142 करोड़ भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। इस भारत मे बड़ी-बड़ी परियोजनाएं तो आगे बढ़ ही रही हैं, सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के झारखंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 1100 आवासों के प्रतीकात्मक भूमि पूजन में भी सम्मिलित हुए और जनहित




की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा की और कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षो के अंदर देश मे 10 करोड़ से अधिक गरीबों के शौचालय बनाए गए हैं, इनमें से 4 करोड़ शौचालय उत्तर प्रदेश के लोगों के बने हैं। देश मे 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाए गए हैं जिनमें से 55 लाख यूपी में बने हैं। देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल रहा है, यूपी में इस योजना से 10 करोड़ लोग सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। पीएम मोदी की पहल पर कोरोना काल से देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की सुविधा मिल रही है। शासन की ये योजनाएं सबको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

**शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी वंचित नहीं रहेगा**

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 नवंबर को पीएम मोदी ने झारखंड के एक सुदूर गांव से किया है। 26 जनवरी तक यह यात्रा देश के हर गांव तक पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है।

# बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया उर्फ अटकहां गांव के समीप फरदहां जाने वाली मोड़ के पास एक बाइक सवार बोलेरो की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो चालक ने घायल व्यक्ति को अपने ही गाड़ी से सीएचसी मथौली लाया जहां इलाज करने के बाद देर शाम तक डिस्चार्ज कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 3 रानी लक्ष्मी बाई नगर (लोहेपार गुलहरिया) निवासी बीरबल प्रजापति पुत्र प्रहलाद प्रजापति उम्र 40 वर्ष शनिवार की शाम लगभग चार बजे बाइक से अटकहां जा रहा था कि महराजगंज जिले के घुघली निवासी हरिकेश यादव पुत्र दिनेश यादव उम्र 24 वर्ष अपने बोलेरो से मुशहरी शादी में जा रह था कि अभी वह अटकहां के समीप फर्दहां मोड़ पर पहुंचा ही था कि बाइक सवार अचानक गाड़ी मोड़ दिया जिससे बोलेरो चालक गाड़ी कंट्रोल नही कर पाया और दोनों में टक्कर हो गई।

# केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य कर रही है : विनय प्रकाश





**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के नए आवासों का शनिवार को कस्बे के वार्ड नंबर 6 महाराणा प्रताप नगर में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के बाद आवास के लाभार्थियों में स्वीकृति पत्र वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी लाभार्थियों को निशुल्क में घर दिया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य कर रही है। उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। विशिष्ट अतिथि संजय सिंह मुन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ऐसे लोगों को आवास दिया जा रहा है, जो बेघर है। जो हर व्यक्ति के जीवन की पहली प्राथमिकता है। अपने घर का एक सपना होता है। उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार दे रही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजन के तहत 5 लाख का निशुल्क इलाज की व्यवस्था की है। निशुल्क उज्ज्वला गैस, पीएम सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। कार्यक्रम का संयोजक नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार हर गरीब को छत मुहैया करा रही है। किसी के संग कोई भेदभाव नही किया जा रहा है। मेरा प्रयास रहेगा कि पीएम शहरी आवास योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न पाए। अधिशाषी अधिकारी सीमा राय ने बताया कि नगर पंचायत मथौली में 908 लोगों का नया आवास आया है। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के 33 लाभार्थियों में भी स्वीकृति पत्र वितरण किया गया है। आवास के जिन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया गया है उसमे धनेसरी, शारदा देवी, इंदु देवी, बतासी देवी, आरती अनुराधा, जानकी देवी, किरण, सुमन, सुभावती सहित कुल 908 लाभार्थी शामिल है। कार्यक्रम का संचालन सभासद प्रिंस जायसवाल ने किया।

इस दौरान मो. जफर परियोजना अधिकारी डूडा कुशीनगर, मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, ज्ञानचंद कुंवर, प्रिंस मद्धेशिया, अदालत प्रसाद, रामकृपाल, उमेश साहनी, मोहन साहनी, विवेक चौबे, बृजवाल, रामा चौरसिया, रविन्द्र गोंड, श्रीराम कुशवाहा, सुरेंद्र गोंड सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# आमजन के प्रति सदैव चिंतित रहने वाली पार्टी का नाम है बीजेपी: डॉ. प्रज्ञा

- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का खैराहसन में हुआ भव्य आयोजन
- परिषदीय स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक कार्यक्रम





**अवधनामा ब्यूरो**

**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम खैराहसन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉश प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में प्राइमरी और उच्च प्राइमरी विद्यालय खैराहसन के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि का मल्यार्पण करके सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसका उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग आवास राशन कार्ड आधार कार्ड वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने शिक्षा विभाग की योजनाओं से संबंधित लोगों को मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित करने व उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु विभिन्न स्टाल लगाए गए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी डॉश प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा की आमजन की जिसको सबसे ज्यादा चिंता है उस पार्टी का नाम भारतीय जनता पार्टी है इस पार्टी के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना सभी को साथ लेकर सबका साथ और सबका विकास करने का है देश प्रदेश में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करके सरकार ने जो कुछ कहा उसको जमीनी स्तर पर करने का प्रयास किया है इस यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से आमजन के द्वार द्वार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे सरकार की समस्त योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंच सके। उन्होंने अपने संबोधन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सभी को याद होगा भाजपा सरकार से पहले प्राइमरी स्कूलों की दशा और दिशा बहुत खराब थी मगर आज वही सरकारी स्कूल कान्वेंट स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन करके देश का नाम रौशन कर रहे हैं।इस दौरान विभागों द्वारा लगाई गई समस्त स्टालों पर भारी भीड़ उपस्थित रही। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर जाकर दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी ली इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर शिक्षिकाओं द्वारा बनाई गई टी.एल.एम. आदि की जानकारी ली गई सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत करने पर तालियां बजाकर शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन किया। शिक्षिकाओ द्वारा बनाई गई रंगोली को भी सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रिसिया हेमंत वर्मा पूर्व चेयरमैन रिसीया राजेश निगम खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सीडीपीओ चित्तौरा एडीओ पंचायत अशोक श्रीवास्तव एडीओ महिला ज्योति सिंह ग्राम प्रधान राजेश कुमार पंचायत सचिव पूजा चौधरी एंव विभिन्न विभागों के अनेकों कर्मचारियों के साथ साथ भारी मात्रा में ग्रामवासी उपस्थित रहे। और ग्रामीणों द्वारा भारी संख्या में सेल्फी प्वॉइंट पर जाकर सेल्फी भी ली गई।

# शानदार पुलिसिंग के लिए याद किए जाएंगे अमरेंद्र बहादुर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान इब्राहिमपुर कांड में सांप्रदायिक तनाव के दौरान बेहतरीन पुलिसिंग का प्रदर्शन करते हुए थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने 2022 में सांप्रदायिक सौहार्द कायम करने में सफलता प्राप्त की थी। दंगे के बाद दोनों संप्रदाय के लोगों में काफी तनाव और आक्रामक स्थिति देखने को मिल रही थी। काउंसलिंग और लगातार पुलिंग का नतीजा रहा कि दंगाग्रस्त बल्दीराय थाना क्षेत्र जल्द ही मुख्य धारा की तरफ लौट आया। इसके बाद बारह रवि उल अव्वल,दुर्गा पूजा महोत्सव हो या मोहर्रम का जुलूस। सभी धार्मिक आयोजन गंगा जमुना तहजीब के तहत आपसी सौहार्ट कायम रखते हुए विसर्जन कार्यक्रम संपन्न कराए गए। कूरेभार में तैनाती के दौरान चलती बस में किशोरी से दुष्कर्म मामले में पक्षकारों के समझौते के बावजूद इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने अभियोग पंजीकृत किया और सार्वजनिक स्थल पर इस तरह का अनाचार फैलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ तीन मुकदमे दर्ज किया था। करौंदीकला थाना क्षेत्र में उप चुनाव के दौरान दंगे की स्थिति ग्रामीणों के आक्रोश से भड़क गई थी। इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की बेहतर सूझबूझ का नतीजा रहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सकुशल वहां से निकलने में कामयाब रहे और मत पेटियों को सकुशल स्ट्रांग रूम तक पहुंचाया गया था।


## बाराबंकी स्टेशन की रिमॉडलिंग व ट्रैक दोहरीकरण कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य सहित बाराबंकी रेलवे स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य हेतु प्री नॉन- इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक **12.12.2023** से **15.01.2024** तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ निम्नानुसार निरस्त/आंशिक निरस्त/मार्ग परिवर्तित और विनियमित रहेंगी:-

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 15203 बरौनी जं.–लखनऊ एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 15204 लखनऊ–बरौनी जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 12531/12532 गोरखपुर जं.–लखनऊ जं.–गोरखपुर जं. इंटरसिटी एक्स. | 12.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15113 गोमती नगर–छपरा कचहरी एक्सप्रेस | 05 से 15.01.2024 तक |
| 15114 छपरा कचहरी–गोमती नगर एक्सप्रेस | 04 से 14.01.2024 तक |
| 15069 गोरखपुर जं.–ऐशबाग इंटरसिटी एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15070 ऐशबाग–गोरखपुर जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 22531/22532 छपरा–मथुरा जं.–छपरा जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29.12.23 एवं 01, 03, 05, 08, 10, 12, 15.01.24 |
| 12597 गोरखपुर जं.–सीएसटी मुंबई अंत्योदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 12, 19, 26.12.23 एवं 02, 09.01.24 |
| 12598 सीएसटी मुंबई–गोरखपुर जं. अंत्योदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 13, 20, 27.12.23 एवं 03, 10.01.24 |
| 12529/12530 पाटलिपुत्र–लखनऊ जं.–पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्स. | 05, 06, 08, 09, 10, 12, 13 एवं 15.01.24 |
| 15269 मुजफ्फरपुर जं.–साबरमती बीजी जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 15270 साबरमती बीजी जं.–मुजफ्फरपुर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 16, 23, 30.12.23 एवं 06, 13.01.24 |
| 15045 गोरखपुर जं.–ओखा एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 15046 ओखा–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | 17, 24, 31.12.23 एवं 07, 14.01.24 |
| 11123 ग्वालियर–बरौनी जं. मेल | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 11124 बरौनी जं.–ग्वालियर मेल | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15077 कामाख्या–गोमती नगर एक्सप्रेस | 19, 26.12.23 एवं 02, 09, 16.01.24 |
| 15078 गोमती नगर–कामाख्या एक्सप्रेस | 18, 25.12.23 एवं 01, 08, 15.01.24 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरु एक्सप्रेस | 11, 18, 25.12.23 एवं 01, 08.01.24 |
| 19616 कामाख्या–उदयपुर सिटी कवि गुरु एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 22921 बांद्रा (ट)–गोरखपुर जं. अंत्योदय एक्सप्रेस | 10, 17, 24, 31.12.23 एवं 07, 14.01.24 |
| 22922 गोरखपुर जं.–बांद्रा (ट) अंत्योदय एक्सप्रेस | 12, 19, 26.12.23 एवं 02, 09, 16.01.24 |
| 11079 लोकमान्य तिलक (ट)–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 11080 गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक (ट) एक्सप्रेस | 16, 23, 30.12.23 एवं 06, 13.01.24 |
| 15053 छपरा जं.–लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15054 लखनऊ जं.–छपरा जं. एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15081 नकहा जंगल–गोमती नगर एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15082 गोमती नगर–नकहा जंगल एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15083 छपरा जं.–फर्रूखाबाद जं. एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15084 फर्रूखाबाद जं.–छपरा जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार (ट) सद्भावना एक्सप्रेस | 04 एवं 11.01.2024 |
| 14018 आनन्द विहार (ट)–रक्सौल जं. सद्भावना एक्सप्रेस | 03 एवं 10.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31.12.23 एवं 02, 05, 07, 09, 12, 14.01.24 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | 16, 18, 20, 23, 25, 27, 30.12.23 एवं 01, 03, 06, 08, 10, 13.01.24 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. गरीब नवाज एक्सप्रेस | 02, 05, 07, 09, 12 एवं 14.01.24 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस | 04, 08, 09, 11, 15 एवं 16.01.24 |
| 15115 छपरा जं.–दिल्ली जं. लोकनायक एक्सप्रेस | 16, 23, 30.12.23 एवं 06, 13.01.24 |
| 15116 दिल्ली जं.–छपरा जं. लोकनायक एक्सप्रेस | 17, 24, 31.12.23 एवं 07, 14.01.24 |
| 04203/04204 अयोध्या कैंट–लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस स्पेशल | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके बीच रद्द रहेंगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 02576 गोरखपुर जं.–हैदराबाद डेक्कन एक्सप्रेस | गोमती नगर से | गोरखपुर जं.–गोमती नगर | 17, 24, 31.12.2023 एवं 07, 14.01.2024 |
| 02575 हैदराबाद डेक्कन–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | गोमती नगर पर | गोमती नगर–गोरखपुर जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 05079 हावड़ा जं.–गोमती नगर पूजा स्पेशल एक्सप्रेस | गोंडा जं. पर | गोंडा जं.–गोमती नगर | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 05080 गोमती नगर–हावड़ा जं. पूजा स्पेशल एक्सप्रेस | गोंडा जं. से | गोमती नगर – गोंडा जं. | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(यॉं) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 12511 गोरखपुर जं.–कोच्चुवेली राप्ती सागर एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 14, 15, 17, 21, 22, 24, 28, 29, 31.12.2023 एवं 04, 05, 07, 11, 12, 14.01.2024 |
| 12512 कोच्चुवेली–गोरखपुर जं. राप्ती सागर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 12, 13, 17, 19, 20, 24, 26, 27, 31.12.2023 एवं 02, 03, 07, 09, 10.01.2024 |
| 12521 बरौनी जं.–एर्नाकुल्लम राप्ती सागर एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 12522 एर्नाकुल्लम–बरौनी जं. राप्ती सागर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 12589 गोरखपुर जं.–सिकन्दराबाद जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 12590 सिकन्दराबाद जं.–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 12591 गोरखपुर जं.–यशवंतपुर एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 12592 यशवंतपुर–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 11, 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर जं.–यशवंतपुर एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15024 यशवंतपुर–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 15029 गोरखपुर जं.–पुणे जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 15030 पुणे जं.–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 15065 गोरखपुर जं.–पनवेल एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 12, 14, 15, 17, 18, 19, 21, 22, 24, 25, 26, 28, 29, 31.12.2023 एवं 01, 02, 04, 05, 07, 08, 09, 11, 12, 14, 15.01.2024 |
| 15066 पनवेल–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 11, 12, 13, 15, 16, 18, 19, 20, 22, 23, 25, 26, 27, 29 30.12.2023 एवं 01, 02, 03, 05, 06, 08, 09, 10, 12, 13.01.2024 |
| 15067 गोरखपुर जं.–बांद्रा (ट) एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15068 बांद्रा (ट)–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 22533 गोरखपुर जं.–यशवंतपुर एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |
| 22534 यशवंतपुर–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15635 ओखा–गुवाहाटी द्वारका एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्स. | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 15667 गांधीधाम बीजी–कामाख्या एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्स. | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 13237 पटना जं.–कोटा जं. एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 16, 17, 19, 23, 24, 26, 30, 31.12.2023 एवं 02, 06, 07, 09, 13, 14.01.2024 |
| 13238 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 17, 21, 22, 24, 28, 29, 31.12.2023 एवं 04, 05, 07, 11, 12, 14.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27, 29, 31.12.2023 एवं 02, 03, 05, 07, 09, 10, 12, 14.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28, 29, 31.12.2023 एवं 02, 04, 05, 07, 09, 11, 12, 14.01.2024 |
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 16.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 13151/13152 कोलकाता–जम्मू तवी–कोलकाता एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 13307/13308 धनबाद–फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 12, 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15624 कामाख्या–भगत की कोठी एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया जं.–अमृतसर जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 12, 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15934 अमृतसर जं.–न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 09189 मुंबई सेंट्रल–कटिहार स्पेशल | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी–छपरा | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 09190 कटिहार–मुंबई सेंट्रल स्पेशल | छपरा–वाराणसी सिटी–वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 19, 26.12.2023 एवं 02, 09, 16.01.2024 |
| 19321 इंदौर जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 19322 राजेन्द्र नगर (ट)–इंदौर जं. एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |
| 22549 गोरखपुर जं.–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–लखनऊ | 19, 21.12.2023 एवं 05, 06, 13, 14, 15.01.2024 |
| 13019/13020 हावड़ा जं.–काठगोदाम – हावड़ा जं. बाघ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 12587 गोरखपुर जं.–जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |
| 12588 जम्मू तवी–गोरखपुर जं. अमरनाथ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 15097 भागलपुर–जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 15098 जम्मू तवी–भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 12, 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15651 गुवाहाटी–जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 15652 जम्मू तवी–गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15653 गुवाहाटी–जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15654 जम्मू तवी–गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 15909/15910 डिब्रूगढ़–लालगढ़–डिब्रूगढ अवध आसाम एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 19269 पोरबंदर–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 14, 15, 21, 22, 28, 29.12.2023 एवं 04, 05, 11, 12.01.2024 |
| 19270 मुजफ्फरपुर जं.–पोरबंदर एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 17, 18, 24, 25, 31.12.2023 एवं 01, 07, 08, 14.01.2024 |
| 15903 डिब्रूगढ़–चंडीगढ़ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 15, 18, 22, 25, 29.12.2023 एवं 01, 05, 08, 12.01.2024 |
| 15904 चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 13, 17, 20, 24, 27, 31.12.2023 एवं 03, 07, 10, 14.01.2024 |
| 22199 ग्वालियर–बलरामपुर सुपरफॉस्ट | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं.–गोंडा जं. | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 22200 बलरामपुर–ग्वालियर सुपरफॉस्ट | गोंडा जं.–बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 02563 बरौनी जं.–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर–गाजियाबाद | 04.01.2024 से 15.01.2024 तक |
| 02564 नई दिल्ली–बरौनी जं. क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद–शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 05.01.2024 से 16.01.2024 तक |
| 02569 दरभंगा–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर–गाजियाबाद | 04.01.2024 से 15.01.2024 तक |
| 02570 नई दिल्ली–दरभंगा क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद–शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 05.01.2024 से 16.01.2024 तक |
| 19409 अहमदाबाद जं.–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–बनारस–वाराणसी सिटी–भटनी जं.–गोरखपुर जं. | 14, 16, 21, 23, 28, 30.12.2023 एवं 04, 06, 11, 13.01.2024 |
| 19410 गोरखपुर जं.–अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–भटनी जं.–वाराणसी सिटी–बनारस–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 16, 18, 23, 25, 30.12.2023 एवं 01, 06, 08, 13, 15.01.2024 |
| 19053 सूरत जं.–मुजफ्फरपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–बनारस–वाराणसी–वाराणसी सिटी–बलिया | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत जं. एक्स. | बलिया–वाराणसी सिटी–वाराणसी–बनारस–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 17, 24, 31.12.2023 एवं 07, 14.01.2024 |

### रेलगाड़ियों का विनियमन

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमन अवधि | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 15046 ओखा–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 90 मिनट | 10.12.2023 |
| 15707 कटिहार–अमृतसर जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 90 मिनट | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार (ट) सद्भावना एक्स. | मार्ग में 30 मिनट | 14, 21 एवं 28.12.2023 |
| 09466 दरभंगा–अहमदाबाद जं. क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | मार्ग में 30 मिनट | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 35726 वादों का हुआ निस्तारण

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, अराधना रानी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हमीरपुर, पीठासीन अधिकारी, अरूण कुमार मल, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चन्द्रभान सिंह, अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत, उमेश चन्द्र लोक अदालत के नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट विनीत कुमार वासवानी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (द.प्र.श्रे.), प्रदीप कुमार जयन्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश (आ.व. अधि.), सुशील कुमार खारवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गीतांजलि गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर, कीर्ति माला सिंह, सिविल जज (सी.डि.) सीमा कुमारी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी., शंशाक गुप्ता, सिविल जज (जू.डि.) आयुषी चतुर्वेदी, उपस्थित रहे। वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय से कुल 16 वादों का निस्तारण व विशेष न्यायाधीश, (आ.व.अधि.) से 83, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल 10309, सिविल जज जू.डि. से 16804, तरूण कुमार सिविल जज जू.डि. राठ द्वारा 487, कुल 27753 वाद निस्तारित किये गये एवं राजस्व विभाग द्वारा 7525 वादों का निस्तारण व एल.डी.एम. संगम लाल मिश्रा, इंडियन बैंक, हमीरपुर के अनुसार जनपद में स्थापित समस्त बैंकों के कुल 18119 मामलों में से 448 वादों का निस्तारण हुआ इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 35726 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको द्वारा सुलह समझौते के आधार पर मु.-42300000/-रू. की धनराशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार न्यायालय द्वारा निस्तारित वादों में भी लगभग मु.- 19155552/-रू. की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी। तथा न्यायालय व राजस्व, बैक द्वारा कुल मु. 61455552/- रु. की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी।

# व्यापार मण्डल सोलह दिसंबर को करेगा कम्बल वितरण

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल राठ जनपद हमीरपुर द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशाल निशुल्क कम्बल वितरण एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन 16 दिसंबर शुक्रवार के रोज किया जाएगा।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हमीरपुर के जिला अध्यक्ष के0जी0 अग्रवाल ने जानकारी दी कि शू मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के प्रतिष्ठान पर व्यापार मंडल राठ की एक साधारण सभा संपन्न हुई ।जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब असहाय लोगों को सर्दी के मौसम में निशुल्क कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया जाये।उन्होंने बताया कि इस बार व्यापार मंडल राठ जनपद हमीरपुर द्वारा लगभग 1000 कंबलों का वितरण किया जाएगा।जिला अध्यक्ष ने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पिछले 1 साल से प्रदेश के 80 जिलों में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है। इसका समापन 23 और 24 दिसंबर 2023 को बरेली में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की 16 दिसंबर शनिवार को संपन्न होने वाले कंबल वितरण एवं व्यापारी संवाद में मुख्य अतिथि जनपद हमीरपुर के जिलाधिकारी राहुल पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा रहेगी।इस वर्ष नगर की विभिन्न इकाइयों के व्यापारियों के सहयोग से 1000 से अधिक कंबलों का वितरण किया जाना सुनिश्चित हुआ है।व्यापार मण्डल की आम सभा में शू मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता,नौसे खां,नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, नगर महामंत्री प्रमोद बजाज,व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, शिव शरण सोनी, कैलाश चंद अग्रवाल शेख रईस,हरिप्रकाश गुप्ता, महेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,प्रदीप कुमार गुप्ता, सुभान खां, सईद अहमद, सुभाष गुप्ता, मनोज आनन्द, प्रमोद गुप्ता सहित लगभग 100 व्यापारियों ने सहभागिता की।अंत में नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता ने आए हुए समस्त व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गोशालाओं में खुले आसमान में ठिठुर रहा अन्ना गोवंश



अवधानामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकास खंड की अधिकांश गौशालाओं में बने टीन शेड में भूसा व पयार भरे होने के चलते सर्दी के भीषण दौर में अन्ना पशु खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर है। गौरतलब है कि बीडीओ द्वारा शीत ऋतु के पूर्व ही जिम्मेदारों को टीन शेड को खाली कराकर त्रिपाल आदि के पुख्ता इंतजाम कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया था, लेकिन उनके निर्देश का असर धरातल पर गायब है। जिसके परिणाम स्वरूप अन्ना पशु खुले आसमान के नीचे रात काटने को विवश है। ब्लॉक की ग्राम पंचायत इंगोहटा,बिदोखर पुरई, बिदोखर मेंदनी, नंदेहरा, मवई जार, बंडा आदि में बनी अस्थाई गौशालाओं में जिम्मेदारों की उदासीनता अन्ना पशु को भारी पड़ रही है, यहां बीडीओ के सख्त निर्देश के बावजूद भी अन्ना पशु रातों में खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर हैं, ग्राम प्रधानों द्वारा अभी तक टीन शेड में भरे भूसे व पयार को खाली नहीं करवाया गया है। जिससे सर्दी के इस भीषण दौर में अन्ना पशु के लिए यह समस्या बवाल ए जान बनकर रह गई है।

ऐसी स्थिति में सर्दी के सितम से काफी संख्या में अन्ना पशुओं के दम तोड़ने के मामले में भी प्रकाश में आते हैं, फिर भी अन्ना पशुओं को सर्दी के सितम से बचाव के लिए अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं करवाए गए हैं,कब तक करवाए जायेंगे या नहीं यह वक्त पर पता चल सकेगा।

# मंत्री ने गहनता से किया जेल का निरीक्षण

अवधानामा ब्यूरो

**बंदियों से मुलाकात कर उन से जाना हालचाल**



**हमीरपुर।** शनिवार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार हमीरपुर का निरीक्षण किया। इस मौके पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार में कैदियों से संवाद किया। इस मौके पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने विभिन्न बैरिकों का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कैदियों से संवाद कार्यक्रम में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने उन्हें दोबारा किसी भी प्रकार का अपराध न करने हेतु प्रोत्साहित किया । उन्होंने कहा कि कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है इससे कोई बच नहीं सकता। अतः हमें अच्छे कर्म करना चाहिए। उन्होंने कैदियों को पौराणिक कथाओं /कहानियों तथा अनेक उदाहरण के माध्यम से अपराध न करने हेतु प्रोत्साहित किया। कहा कि क्रोध में आकर कोई भी गलत कदम न उठाएं क्रोध में लिया गया कोई भी गलत निर्णय/ कदम आपके पूरे घर ,परिवार को तबाह कर देता है। उन्होंने कहा कि अपराध करने के पश्चात जेल जाने पर आपके मां-बाप ,बच्चों को कितनी मुसीबत का सामना करना पड़ता है इसका चिंतन अवश्य करें तथा जेल से छूटने के बाद यह अवश्य ध्यान रखें कि दोबारा ऐसा कोई कदम ना उठाएं जिससे दोबारा जेल जाना पड़े और आपके परिवार को परेशान होना पड़े। उन्होंने कैदियों को संकल्प दिलाया कि जब भी जेल से छूटेंगे दोबारा ऐसी कोई भी गलती नहीं करेंगे जिससे यहां दोबारा आना पड़े। कहा कि नवयुवक पेशेवर अपराधियों से दूर रहें यह गलत रास्ता बताते हैं।

मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सभी जिला कारागारों को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से जोड़ा गया है ताकि यहां आने वाले युवाओं / कैदियों का कौशल उन्नयन कर उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाया जा सके तथा जेल से छूटने पर आय अर्जित कर सके। उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में कुल 121000 कैदी थे इनमे से जुर्माना वाले कैदियों को एनजीओ/सामाजिक संगठनों के माध्यम से पैसा जमा कराकर उन्हें छुड़ाया गया है जिससे अब कैदियों की संख्या कम होकर 102000 बची हैं । मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने निर्देश दिए कि कैदियों का किसी भी दशा में उत्पीड़न नहीं होना चाहिए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद/ ऐसे कैदी जिनसे कोई मिलने नहीं आता उन्हें कंबल, कपड़े आदि की प्राथमिकता के साथ व्यवस्था करें। इस मौके पर जिला कारागार को गुणवत्तापूर्ण भोजन पर मिले फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रमाण पत्र को जेल अधीक्षक ने मंत्री को प्रदान किया। इस मौके पर जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने मंत्री धर्मवीर प्रजापति का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि कैदियों को कौशल विकास से जोड़कर उनको कौशल प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इस दौरान विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति ,एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ,सीओ सदर ,एसडीएम सदर ,जेल अधीक्षक तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कोरट गांव पहुंची

अवधानामा ब्यूरो



**केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन-जन को किया जा रहा है लाभान्वित जनमानस का हो रहा है विकास: प्रभारी मंत्री**

**सोनभद्र।** विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन चोपन ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोरट के प्राथमिक विद्यालय में किया गया, ग्राम पंचायत कोरट के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन व लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया, इस दौरान एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी, जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर, 2023 को बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया है, विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये, जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाये, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि हर देश का हर व्यक्ति, हर परिवार विकसित हो और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभार्थियों से सीधा संवाद कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से उनके जीवन स्तर में क्या सुधार हुआ की जानकारी भी ले रहे हैं, इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास, योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, श्रम कार्ड योजना और सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उपस्थित जन समुदाय को जानकारी देते हुए कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों के योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये हैं, जिस पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समुचित जानकारी दी जा रही है और जो व्यक्ति अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित नहीं हुए हैं।

# राज्यमंत्री ने ग्रामीणों से किया संवाद



**हमीरपुर।** जनपद के धनौरी गांव में विकसित भारत ग्रामीण संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कारागार व होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति जी ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जरूरतमंदों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कीं जा रहीं हैं। अधिकारियों से सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाए। ग्रामीणों से संवाद के दौरान योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। आवास, शौचालय, पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से वंचित ग्रामीणों ने मंत्री के सामने अपनी समस्याएं रखीं। मंत्री ने अधिकारियों को मामले में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण किए गए। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, राठ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, जिला संयोजक राजकुमार गुप्ता, विधानसभा संयोजक इं. विजय राजपूत चिकासी, गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया, मुस्करा बीरनारायण राजपूत, डॉ उमाकांत लोधी, केके बंटी, बृजभूषण सोनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारा संकल्प विकसित भारत यात्राः अजीत रावत



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड रॉबर्ट्सगंज ग्राम रेडिया में नरेन्द्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने हेतु एल.ई.डी वैन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर जमीनी स्तर पर समस्याओं का निराकरण हेतु जन चौपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री की लोक कल्याण अधिकारी योजनाओं का जनता पहुंचने का संकल्प पूरा होगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गौड के साथ विशिष्ट अतिथि के प्रमुख उपस्थित रहा द्य इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजवंत पांडे उमेश सिंह ग्राम प्रधान अर्चना देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार सतेंद्र आर्य संचालक मंडल उपाध्यक्ष विकास चौबे द्वारा किया गया।

### छात्रओं में वितरित हुए स्मार्टफोन खिले चेहरे



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** स्मार्टफोन प्राप्त कर छात्रों के चेहरे पर खिले शनिवार को बिन्ध कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रावटसगंज सोनभद्र में युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्टफोन का वितरण किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के मुख्य ट्रस्ट डॉ अजय कुमार सिंह व प्राचार्य डॉ अंजलि विक्रम सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पा अर्चन कर दी प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया स्मार्टफोन प्राप्त कर छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अंजली विक्रम सिंह ने छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत स्मार्टफोन का वितरण किया गया इस स्मार्टफोन से छात्राओं को पढ़ने लिखने का डिजिटल मध्य मिल जाएगा और इसका सदुपयोग करेंगे तो बहुत सारी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से दो मल्टी शुक्ला डॉक्टर कैलाश नाथ डॉक्टर अनुग्रह किरण कौशिकी विनीता केसरी आदि लोग उपस्थित रहे।

### ग्राहकों के फर्जी हस्ताक्षर बना बैंक से रुपये निकालने वाला गिरफ्तार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** इंडियन बैंक में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर खाता धारकों के खाते से लाखों रुपए की नगदी उड़ने वाले सफाई कर्मी को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के चार माह बाद हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बैंक का लिपिक अभी भी फरार है। कस्बे के इंडियन बैंक शाखा में सफाई कर्मी पद पर तैनात शिवम सविता ने बैंक के लिपिक नागेंद्र सिंह से सांठगांठ बनाकर बैंक के खाता धारकों के खाते से करीब 27 लाख रुपए निकाल लिए थे। खुलासा होने के बाद दोनों भूमिगत हो गए थे। खाता धारकों की शिकायत पर जांच पड़ताल के बाद शाखा प्रबंधक संदीप सिंह परिहार ने अगस्त 2023 में लिपिक के साथ सफाई कर्मी को नामजद करके मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के पूर्व से ही दोनों घरों से फरार थे। शनिवार को पुलिस ने सफाई कर्मी शिवम सविता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लिपिक नागेंद्र सिंह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

### श्रम और महिला कल्याण विभाग ने छापेमारी कर आधा दर्जन मासूमों को कराया मुक्त

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बाल श्रम अभियान चला कर बीस प्रतिष्ठानों में छापामारी अभियान चलाकर छह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। शनिवार को कस्बे में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार व सूरजभान एवं महिला कल्याण विभाग से बाल अधिकारी गोपाल मिश्रा प्रभारी चाइल्ड लाइन 1098 के द्वारा क्षेत्र में बाल श्रम अभियान चलाया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि 20 दुकानों में छापेमारी की गयी। जिसमें छह बच्चों को बाल श्रम करते हुए पाया गया। उन्हें बाल श्रम से मुक्त कराया गया और नियोजकों को बाल श्रम न कराने हेतु हिदायत दी गई।

# श्रीराम के वनवास की कथा सुनकर में सराबोर हुए श्रोता

अवधानामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित लोदीपुर निवादा में चल रही त्रिलोकीनाथ प्रभु श्रीराम की पावन और निर्मल कथा का आज अष्टम दिवस पूर्ण हुआ। कथा व्यास पूज्य संत विजय कौशल जी महाराज के मुख से प्रभु श्रीराम के बनवास के प्रसंग को सुनकर समस्त श्रोतागण भावुक हो उठे। वहीं दूसरी ओर भरत चले चित्रकूट श्रीराम को मनाने एवं रामकथा के संरक्षक हनुमान जी द्वारा लंका के प्रसंग ने सभी के हृदय को हर्ष और आनंद से सराबोर कर दिया। भक्ति और संगीत से ओतप्रोत पावन कथा का रसपान करने हेतु आज अष्टम दिवस राज्य मंत्री रामकेश निषाद, श्रीप्रकाश न्यायमूर्ति हाईकोर्ट लखनऊ, मनोज जी विभाग प्रचारक, डा. आशीष गौतम जी, महेश चंद्र चतुर्वेदी जी अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय, जितेन्द्र सिंह सेंगर एमएलसी, शिवशंकर सिंह कार्यक्रम प्रभारी, कार्यक्रम संयोजक विधायक राठ मनीषा अनुरागी, जयंती राजपूत कार्यक्रम सह संयोजक, ज्ञानेंद्र जी आईएएस, जगदीश नारायण शर्मा, राघवेंद्र गुरुदेव, दिलीप सिंह, जगदीश चौहान, दुष्यंत सिंह परिहार, अभिषेक तिवारी जी संयोजक हमीरपुर इकाई सहित कार्यकर्ता बंधु और बृहद संख्या में सुधि श्रोता मौजूद रहे।

# सघन पल्स पोलियो महाअभियान हुआ शुभारम्भ

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सघन पल्स पोलियो महाअभियान रविवार से प्रारम्भ हो रहा है। इस क्रम में शनिवार को राबर्ट्सगंज शहर स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से एक पोलियो जनजागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में स्वास्थ्य विभाग की ए.एन.एम., आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, साई नर्सिंग कालेज के छात्र/छात्राएं, प्राथमिक विद्यालय के छात्र/छात्राएं, लायंस क्लब के सदस्य एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी तथा कर्मचारी के साथ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. गिरधारी लाल, डा. एस. वर्मा, डा. सुबेदार प्रसाद, एस.एम.ओ. डब्लू.एच.ओ. डा. दीपक बाबू, यूनिसेफ प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव, टी.एस.यू. प्रतिनिधि अमित द्विवेदी, आदि ने भाग लिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद को पोलियो मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाय और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत समस्त बच्चों की सूची बूथ पर रखी जायेगी। बच्चों को पोलियो बूथ पर लाकर शत प्रतिशत प्रतिरक्षित करें। हमे जनपद के शत-प्रतिशत बच्चो को पोलियो की खुराक आच्छादित करना है। इस महान कार्य में जनसहयोग की बहुत आवश्यकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. गिरधारी लाल ने बताया कि जनपद में कुल 317939 बच्चा को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है इसके लिए 1092 बूथ तथा 36 ट्रांजिट टीम एवं 7 मोबाइल टीम बनाये गये है। इस कार्य में बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग का पूरा सहयोग माँगा गया है। अन्त में रैली में भाग लेने के लिए समस्त लोगो को दिया गया और सफल अभियान के लिए कामना करते हुए सभा समाप्त की गयी। रैली में पी के निगम ,मो0 नसीम, संजय कुमार सिंह, मनोज, पुष्पेन्द्र शुक्ला, आदि ने भाग लिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

**पीएम आवास शहरी योजना के अंतर्गत 120 लाभान्वित लाभार्थियों को वितरित किये गए प्रमाण-पत्र**

अवधानामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** नगर निगम, के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु नगर क्षेत्र के चयनित स्थल खिरनीबाग रामलीला मैदान में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई वैन वाहन के माध्यम से आज दोपहर 12-30 बजे प्रधानमंत्री मोदी के उदबोधन से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देश स्तर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद किया गया तथा सरकारी योजनाओं के प्राप्त करने के बाद उनके जीवन में हुए बदलाव पर वार्ता की गई। प्रधानमंत्री द्वारा सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी गयी और आत्मनिर्भर बनने की भी अपील की गई। प्रधानमंत्री द्वारा जन-मानस की सुविधा हेतु भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनायें जैसे- पी0एम0 स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन 2.0 योजना, मेरी कहानी मेरी जुबानी, स्मार्ट सिटी मिशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम ई-बस सेवा योजना, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, पीएम सौभाग्य योजना के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सम्बंध में अवगत कराया गया और इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। प्रधानमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील भी की गई। साथ ही वविकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भारत को एक नई दिशा में ले जाने के लिए अनुरोध किया गया। इसके उपरांत महापौर अर्चना वर्मा द्वारा सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत के प्रति शपथ दिलाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं से सम्बंधित आमजन को जानकारी देने हेतु कैंपो का भी आयोजन किया गया, जिसमे जन-मानस द्वारा सरकारी योजनाओं के विषय मे जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, एडीएम संजय पांडेय, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डी0पी0एस0 राठौर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, उप सभापति वेद प्रकाश मौर्य, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा जन-प्रतिनिधि व सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## नशा मुक्त जीवन जीने पर दिया जोर

**सुमेरपुर हमीरपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में आयोजित 24 घण्टे का अखण्ड दुर्गा चालीसा पाठ भोला सिंह के निज निवास चांद थोक में भव्यता पूर्वक संपन्न हुआ। समापन बेला के पावन अवसर पर पार्टी की प्रांतीय सचिव सन्नो शिवहरे ने समाज से नशा और मांसाहार मुक्त होकर चरित्रवान जीवन जीने की अपील की। अंत में युवा मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने शक्ति पुत्र महाराज का परिचय देते हुए बताया कि वही युग चेतना पुरुष हैं, इनका अवतरण युग परिवर्तन के लिए ही हुआ है। इस भव्य आयोजन में नीतू सिंह, पिंकू सिंह, राजा कुशवाहा, धीरेन्द्र कुशवाहा, लल्लू कुशवाहा,विकास यादव, नूतन, सुलेखा, प्राची, आस्था, पलक, पुष्पलता, कृष्ण शरण सिंह, अमीन खान सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाभकारी सिद्ध हो रही : एके शर्मा

## 24 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने लिया इसका लाभ

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ताओं के लिए उनके बकाये के पूर्ण समाधान हेतु एकमुश्त समाधान योजना विभाग द्वारा 08 नवम्बर से चलायी जा रही, अब तक इस योजना के सफलतापूर्वक एक माह पूरा हो चुके हैं। ओटीएस अत्यंत सफल योजना रही और लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई। 08 दिसम्बर तक ओटीएस के तहत 24 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने लाभ लिया और इससे विभाग को 2,327 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि देश की एकमात्र पहली और अंतिम योजना है, जिसमें उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ दिया जा रहा, विद्युत चोरी में फसे लोगों को तथा इसमें आरसी के मामले भी निपटाये जा रहे हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओटीएस का जल्द से जल्द लाभ लेकर अपने बकाये का भुगतान कर दें। कहा कि छोटे घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों के निजी नलकूपों के बकाये बिलों के सरचार्ज में अभी 15 दिसम्बर तक शत-प्रतिश की छूट मिल रही है। इसका फायदा जरूर उठायें। इसी प्रकार विद्युत चोरी के आपराधिक मामलों तथा इसमें

**■ ओटीएस के 08 नवम्बर से लागू हुए एक महीना हो गये**

जारी आरसी को पूर्णतया समाप्त करने का भी प्रावधान किया गया है। ऐसे लोग योजना का लाभ लेकर अपना पूर्ण समाधान करा लें। योजना के तहत अभी 50 हजार आपराधिक व आरसी वाले मामले निपटाये जा चुके हैं। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों व कार्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि ओटीएस के तहत ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता अपनी समस्याओं का समाधान करायें। इसके लिए अभी और प्रयास किए जाएं। योजना का प्रचार-प्रचार और बढ़ाकर घर-घर इसे पहुँचाया जाए। योजना के प्रति उपभोक्ताओं का व्यापक आकर्षण है अभी भी 75 हजार से अधिक लोग एक दिन में अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे।

### मऊ पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों से की मुलाकात

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार को अपरान्ह 02:30 बजे मऊ जनपद के अस्पतालों में पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों से मुलाकात की और घायलों को बेहतर इलाज हेतु सीएमएस एवं जिला प्रशासन को निर्देशित किया। उन्होंने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया तथा वहाँ की जर्जर दीवार को सुधारने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की संभावना न रहे। श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि ऐसी विषम परिस्थिति में सरकार पीड़ित परिजनों के साथ है।

## सीएमएस छात्रों ने निकाला 'पर्यावरण जागरूकता मार्च'

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्रों ने आज बड़े ही जोरदार ढंग से 'पर्यावरण जागरूकता मार्च' निकालकर एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन कर जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस विशाल मार्च द्वारा सी.एम.एस. छात्रों ने दिन-प्रतिदिन खराब हो रहे पर्यावरण को लेकर जन-मानस को आगाह भी किया। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च आज प्रातः गोमती नगर स्थित विद्यालय परिसर से लोहिया पार्क तक निकाला गया, जहाँ छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर पर्यावरण संवर्धन का अलख जगाया। इससे पहले, सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर अपने संबोधन श्रीमती अनन्त ने कहा कि पर्यावरण की प्रमुख समस्या मनुष्य के लालच, उदासीनता तथा लापरवाही के कारण उपजी है।

# अपराधियों के प्रति योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से यूपी बना सुरक्षित प्रदेश

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** एक समय था जब प्रदेश में अपराधियों-माफियाओं का राज था जो अराजकता और भय फैलाते थे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज प्रदेश में सुशासन का राज स्थापित है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की गई, माफियाओं की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चला, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई जिसका परिणाम है जिससे प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहा है।

हाल ही में एनसीआरबी की रिपोर्ट में जो आंकड़े आए हैं वह इस बात को स्पष्ट करते हैं कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे सुरक्षित प्रदेश के रूप में स्थापित हो रहा है। यूपी पुलिस में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के नाम से विख्यात, प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक और वर्तमान भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भी आंकड़ों के माध्यम से इस बात को अधिक विस्तृत व स्पष्ट तरीके से बताया है।

पूरे देश की तुलना में उत्तर प्रदेश के गिरते क्राइम रेट को डॉ. राजेश्वर सिंह ने रेखांकित किया। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में क्राइम रेट 258.1 फीसदी की तुलना में यूपी में क्राइम रेट 171.6 फीसदी है। देश भर में कुल दर्ज मुकदमों के केवल 11.28 फीसदी उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए, दर्ज मुकदमों के अनुपात में यूपी देश भर में 20वें स्थान पर है। राष्ट्रीय औसत

**■ यूपी बना देश का नंबर 1 खुशहाल प्रदेश : डॉ. राजेश्वर सिंह**

25.3 फीसदी की तुलना में 70.8 फीसदी औसत के साथ, प्रदेश में महिला संबंधी अपराधों में सजा दिलाने की दर राष्ट्रीय औसत से 180 फीसदी अधिक है।

अपराधों में लगाम लगाने के लिए पुलिस की सक्रियता और शासन की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों के सुखद परिणाम देखने को मिले जिन पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वर्ष 2022 में देशभर में हत्या के 28522 मुकदमे, जबकि उत्तर प्रदेश में केवल 2491 दर्ज हुए, हत्या के मामलों में यूपी 28 वें स्थान पर है। देश में हत्या के प्रयास के 57256 मुकदमे और 4.1 फीसदी की दर के सापेक्ष उत्तर प्रदेश 3788 मुकदमों और 1.6फीसदी की दर के साथ देश भर में 25वें स्थान पर है।

# मनरेगा श्रमिकों के के लिए आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम हुआ मजबूत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन मे और अधिक पारदर्शिता व सुचिता लाने के प्रभावी व सार्थक कदम उठाए गए हैं। मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान और अधिक सरलता के साथ हो,व पारदर्शिता बनी रहे, कहीं पर भी कोई लीकेज न होने पाये, इसके लिए सभी सक्रिय जाब कार्ड धारकों को आधार से लिंक किया गया है। मनरेगा श्रमिकों के आधार सीडिंग के कार्य में, उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। यही नहीं मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक के भुगतान हेतु आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम को और अधिक मजबूत किया गया है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया जाता है। इसके लिए श्रमिक की मांग पर जॉब कार्ड जारी किया जाता है। जॉब कार्ड पर काम की मांग, आवंटन, किए गए कार्य का विवरण एवं मजदूरी का भुगतान का अंकन किया जाता है। जॉब कार्ड के साथ सभी का आधार कार्ड लिंक करने से श्रमिक की पहचान संबंधित पूरा विवरण सत्यापित हो जाता है। जॉब कार्ड आधार से लिंक हो जाने के बाद मजदूरी का भुगतान सीधे उनके खाते में पहुंचाने में और अधिक आसानी हो गयी है। इससे मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ती है, और मजदूरी की धनराशि में गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहती है।

# रक्तदान अभियान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने आज 8 दिसंबर को लखनऊ में अपने 15वें राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान का आयोजन किया, शिविर का आयोजन प्रणय टावर शाखा हजरतगंज में किया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक ने राज्य प्रमुख सौरभ श्रीवास्तव, शहर प्रमुख सज्जाद हसन रिज़वी और क्लस्टर प्रमुख दीपक चोपड़ा की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को संबोधित किया।

डिप्टी सीएम ने कर्मचारियों को संबोधित किया और उन्हें नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस प्रयास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि दान की गई रक्त की हर बूंद एक संभावित जीवन रक्षक है। आज पूरे उत्तर प्रदेश में इसी तरह के 72 शिविर आयोजित किए गए हैं जिनमें 2217 यूनिट रक्तदान



सफलतापूर्वक एकत्र किया गया है।

यह पहल 2007 में केवल 88 केंद्रों और 4000 दानदाताओं के साथ शुरू की गई थी, जो केवल बैंक कर्मचारियों के बीच चलाई गई थी, जिसका इस वर्ष का दान अभियान 15वां संस्करण है।

पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया और इसमें कॉलेज के छात्रों, कॉरपोरेट्स और सेना और सेवा कर्मियों को शामिल किया गया। इसे 2013 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीएम से सबसे बड़े (एक दिवसीय, एकाधिक स्थल) रक्तदान अभियान के रूप में मान्यता और प्रमाणन प्राप्त हुआ। 2022 में बैंक ने 1.25 लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया। कुछ महत्वपूर्ण दानकर्ता 1500+ कॉलेजों, 550+ कॉरपोरेट्स और 105+ रक्षा और सेवा कर्मियों से आए जिन्होंने रक्तदान अभियान में भाग लिया। एचडीएफसी बैंक के रक्तदान अभियान के बड़े पैमाने और व्यापक आधार ने देश के समग्र रक्त संग्रह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# देश के प्रति गर्व और जज्बे को नृत्य के माध्यम से बच्चों ने दर्शाया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सेंट स्टीफेंस एकेडमी त्रिवेणी नगर तृतीय लखनऊ का वार्षिक समारोह बड़ी भव्यता और हर्षोल्लास के साथ अटल बिहारी बाजपेई साइंस कॉन्वेंसन सेंटर में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। नर्सरी के बच्चों के साथ ही सभी कक्षाओं के बच्चों ने समारोह में भाग लिया। योग, वंदे मातरम, देशप्रेम, लॉकडॉउन, कोविड वैक्सीन, प्रकृति,भांगड़ा, कव्वाली, हाकीपॉकी थीम पर नृत्य और अस्सी के दशक के गानों पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। अतिथि एवं अभिभावक ने प्रस्तुति देख बच्चों का तालियों के माध्यम से मनोबल बढ़ाया। साथ ही विद्यालय में पूर्व में हुई प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को सर्टिफिकेट वितरण



किए गए। अभिभावकों ने प्रधानाचार्या एवम् समस्त शिक्षिकाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नीरज बोरा, प्रोफेसर( डॉ.) भारत भास्कर डायरेक्टर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट अहमदाबाद, विशिष्ट अतिथि अखिलेश मिश्रा (आई. ए. एस), अनिल अग्रवाल चेयर मैन सेंट जोसफ ग्रुप स्कूल लखनऊ, मनीषा एंथवाल प्रिंसिपल दिल्ली पब्लिक स्कूल लखनऊ,मुन्ना मिश्रा (पार्षद) विद्यालय की डायरेक्टर सोनाली गुप्ता, कै. गुंजन गुप्ता एवम् विद्यालय समस्त

# कांग्रेसियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने किया कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के यहां से 200 करोड़ से ज्यादा भ्रष्टाचार की धनराशि बरामद हुई है। कांग्रेसियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अगुवाई में राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, पूर्व मंत्री एमएलसी डॉक्टर महेंद्र सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों,

जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने झारखंड से कांग्रेस सांसद के घर भ्रष्टाचार के 200 करोड़ से भी अधिक रुपए मिलने के विरोध में कांग्रेस के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और पुतला फूंका।

कार्यकर्ताओं के हाथ में भ्रष्टाचारी कांग्रेस मुर्दाबाद की तख्तियां थी और सभी ने कांग्रेस के घोटालों, भ्रष्टाचार की नीतियों और तुष्टिकरण की राजनीति के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि जहां कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा, वहां इस बात की गारंटी है कि वह भ्रष्टाचार करेगा। भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं और यह सारा पैसा गांधी परिवार की तिजोरी तक जाता है। यह सारा पैसा जनता की गाढ़ी कमाई का है, जिससे कांग्रेस के नेता अपने घर भर रहे हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि खड़गे, सोनिया गाँधी और राहुल गांधी इन मामलों में चुप्पी साधे बैठे हैं। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

# अंग्रेजी शिक्षा और भारतीय मूल्यों से ही भारत का विकास संभव : दीपक

अवधनामा संवाददाता

**कापसहेड़ा, नई दिल्ली।** ऑरवेल इंग्लिश इंस्टीट्यूट एवम इंटेलेक्चुअल सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित एक सेमिनार में संस्था के संस्थापक और शिक्षाविद् दीपक सिन्हा ने भारतीय संस्कृति के प्रसार में अंग्रेजी की भूमिका विषय पर बोलते हुए कहा कि भारत अंग्रेजी शिक्षा और भारतीय मूल्यों को अपनाकर ही तरक्की के नए रास्ते पर चल सकता है क्योंकि बदलते हुए वक्त में अंग्रेजी केवल अंग्रेजों की ही भाषा नहीं रह गई है भारतीय संस्कृति को यूरोप अमेरिका सहित दुनिया के अन्य देशों में विस्तार देने के लिए अंग्रेजी ने केंद्रीय भूमिका निभाया है।आज दुनिया के भिन्न भिन्न देशों में भारतीय संस्कृति और परंपरा आकर्षण का एक केंद्र बिंदु बना हुआ है और इसके पीछे अंग्रेजी का बहुत बड़ा हाथ है।वर्षों से हमारे देशवासी भारतीय ज्ञान-विज्ञान, कला, अध्यात्म और योग विद्या को पूरी दुनिया में अंग्रेजी भाषा के

**अंग्रेजी भारत के तरक्की का द्वार**



माध्यम से प्रचारित करने में लगे हुए हैं और आज पूरा विश्व भारत के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है।

श्री सिन्हा ने अपने भाषण में अंग्रेजी के भिन्न भिन्न पहलुओं का जिक्र करते हुए जोर देकर कहा कि अंग्रेजी का वैश्विक स्वरूप भारत के लिए एक नया मौका लाया है क्योंकि भारत में अंग्रेजी बोलने वालों की जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है और विश्व के नक्शे पर भारत हर तरीके से समृद्ध और सशक्त होकर अग्रसर हो रहा है। इसलिए अब हम भारतीयों को इस नाकारात्मकता से निकलने की जरूरत है कि अंग्रेजी एक विदेशी भाषा है।

# केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्ति हो रहे लाभांवित : भानु प्रताप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्रीय राज्यमंत्री-सूक्ष्म,लघु और मध्यम उधम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा अध्यक्षता में आज जालौन जनपद के विकासखंड डकोर के ग्राम पंचायत ऐन्धा में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को वीडियो के माध्यम से देखा गया।

इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्बंधित सामग्री, प्रमाणपत्र इत्यादि वितरित की गयीं। इसके अलावा योजनाओं के लाभ से वांछित पात्र व्यक्तियों ने कार्यक्रम स्थल पर ही अपने पंजीकरण कराये जिससे उन्हें लाभ मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण वासियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारिओं ने प्रधानमंत्री का एलईडी वैन द्वारा सजीव



प्रसारण देखा व सुना गया। केंद्रीय राज्यमंत्री वर्मा ने जनप्रतिनिधियों व आमजन मानस को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एलइडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

इस अवसर पर जन समूह को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थी सीधे लाभांवित हो रहे हैं। सरकार की पारदर्शिता के साथ कार्य करने से बिचोलिया समाप्त हो गए हैं। सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका परिणाम निरंतर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनाओं को घर-घर तक पहुंचना है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजनमानस की सहभागिता आवश्यक है।

# शैक्षणिक भ्रमण आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**■ मुमताज़ पीजी कालेज के बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने देखा जुलोजिकल पार्क**

**लखनऊ।** आज दिनांक 9 दिसम्बर को एक शैक्षिक यात्रा विज्ञान संकाय आज प्रभारी एवं जन्तु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ0 उमा पाण्डेय के नेतृत्व में एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद खान और कालेज के प्रॉक्टर डॉ सलमान खान नदवी ने किया। इस ज्वनत में छात्र/छात्राओं ने चिड़ियाघर के विभिन्न विभागों में जाकर इन विभागों की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षिक यात्रा में जन्तु विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न पशु पशितयों पर्यावरण एवं पशु पक्षियों के व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विज्ञान संकाय के प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ0 उमा पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षानीति के तहत इस शैक्षिणक भ्रमण में छात्र/छात्राओं को काफी कुछ सीखने एवं अनुभव करने का मौका मिला। इस शैक्षणिक भ्रमण में छात्र/छात्राओं के साथ विज्ञान संकाय अध्यक्ष एवं जूलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ उमा पांडेय व विभाग के टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टॉफ मैजूद थे।

# पीएम गरीबों के जीवन स्तर में सुधार ला रहे : डॉ दिनेश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का मोदी की गारंटी वाला रथ आज भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की पूर्व विधानसभा में महानगर पहुंचा जहां ई पार्क में पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी,विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉक्टर अशोक बाजपेई, बृजलाल, पूर्व मंत्री एमएलसी डॉ महेंद्र सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉ नीरज बोरा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत संकल्प यात्रा की अपार सफलता पर राष्ट्र के नाम संबोधन और लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम को बड़ी एलइडी पर उपस्थित लाभार्थियों के साथ सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत



पात्र लोगों को स्वीकृति हुए आवास का प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये। प्रशासन के माध्यम से लगाए गए विभागों के कैंप में पात्र लोगों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन भी किया गया।

मुख्य अतिथि डॉक्टर दिनेश शर्मा ने उपस्थित सभी जनों के साथ भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिए पंच प्रतिज्ञा भी दिलाई। डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और जरूरतमंद और गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाकर खुशहाल जीवन

**■ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'**

उपलब्ध कराने के संकल्प को पूरा करने के लिए आज देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी की गाड़ी पहुंच रही है। हमारे प्रधानमंत्री आम जन के जीवन से जुड़ी छोटी से छोटी बातों की भी चिंता करते हैं और उसको दूर करने के लिए निरंतर विभिन्न योजनाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

आनंद द्विवेदी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि देश के हर जरूरतमंद और गरीब को सरकार की योजना का लाभ दिलाना है जिसके लिए मोदी की गारंटी वाला रथ हर वार्ड में जा रहा है और योजनाओं से वंचित रह गए लोग इस अभियान का लाभ उठा रहे हैं। डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी जी की गारंटी का मतलब है कि हर गारंटी और योजना के पूरा होने की गारंटी। मोदी जी ने जो भी कहा उसको सदैव पूरा किया है जिस कारण से आज देश की जनता का मोदी जी के ऊपर अटूट विश्वास है और उनके साथ है। रजिस्ट्रेशन के दौरान जनता में अत्यंत उत्साह था और सभी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

# 'यतीम क़ी मदद करना भी मरहूम हो चुके माँ बाप को सबाब पहुँचाता है'



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** किसी गरीब या यतीम क़ी मदद करना भी मरहूम हो चुके माँ बाप को सबाब पहुंचाता है रब्बिर हम हुमा कमा रब्बयानी सगीरा हमारे वाल्दैन पर इस तरह रहमते नाज़िल कर जैसे उन्हों ने हमारे बचपने में हमारी परवरिश क़ी है. यह बयान मौलाना अरशद हुसैन मूसवी ने अंजुमन करवाने इस्लाम के इसाले सवाब में चल रहे मरहूमो क़ी एक दिन क़ी कज़ा नमाज़े व तिलावत के बाद मजलिस में बयान कर रहे थे. बतादें क़ी हर जुमे को साढ़े सात से साढ़े आठ बजे अलग अलग मस्जिदों में मरहूमों के इसाले सवाब क़ी एक दिन क़ी कज़ा नमाज़ें,तिलावते कुरआन पाक़, और मजलिसों का एक घंटे का प्रोग्राम हो रहा है, इसी सिलसिले क़ी मजलिस हैदरी मस्जिद मुफ़्ती गंज में मोहम्मद आगा उर्फ़ गुड्डू के वाल्दैन के इसाले सवाब में मजलिस व नमाजों का आयोजन किया गया था इस मौके पर मौलाना आलमदार ने एक दिन क़ी कज़ा नमाजें पढ़ाई तथा मजलिस मौलाना अरशद हुसैन मूसवी ने बयान किया. अगले जुमे को यही आयोजन जामा मस्जिद तहसीन गंज में होगी।